फ़तावा आलमगीरी

औरंगज़ेब आलमगीर द्वारा प्रायोजित,
शेख़ निज़ाम बुरहानपुरी और शाह
अब्दुल रहीम द्वारा संपादित

१७वीं शताब्दी

हिंदी अनुवाद
खंड - 3

सम्पादक
संजय दीक्षित, विनय कृष्ण चतुर्वेदी 'तुफ़ैल'

फ़ेहरिस्त	सूची
मज़मून	विषय
किताबुल इताक़	मुक्ति के लेख (यानी गुलाम या बान्दी को आज़ाद/मुक्त करना)
बाब- 1	अध्याय 1
इताक़ की तफ़सीरे शरअी और उसके रुक्न व हुक्म व अनवाअ व शर्तो सबब व अलफ़ाज़ के बयान में और मिल्क वग़ैरा के सबब से इतक़ वाक़े होने के बयान में	मुक्ति की शरअी व्याख्या और उसका आधार व आदेश एंव प्रकार व शर्तें/ अनिवार्यताऐं कारण तथा शब्दावली के बयान में और स्वामित्वता आदि के कारण से मुक्ति स्थापित (ग़ुलाम या बान्दी को आज़ाद) हो जाने के संबंध में
फ़स्ल 1	भाग 1
मिल्क वग़ैरा की वजह से आज़ाद होने के बयान में	स्वामित्वता आदि के कारण आज़ाद हो जाने के संबंध में
बाब 2	अध्याय 2
मोतिक़ुल बअज़ के बयान में	गुलाम या बान्दी को कुछ आज़ादी दिये जाने के संबंध में
बाब 3	अध्याय 3
दो ग़ुलामों में से एक के इतक़ के बयान में	दो ग़ुलामों में से एक की मुक्ति के बारे में
बाब 4	अध्याय 4
इतक़ के साथ क़सम खाने के बयान में	मुक्त करने के साथ क़सम खाने के संबंध में
बाब 5	अध्याय 5
इतक़ बजुअल के बयान में यानी इतक़ पर उजरत व एवज़ मुक़र्रर किया बमुक़ाबले फ़अल के, फ़ाफ़हम	गुलाम या बान्दी को आज़ाद करने के बदले में कार्य कराने की तुलना में कुछ पैसा या बदला आदि तय करना, जो समझा
बाब 6	अध्याय 6
इतक़ के साथ क़सम खाने के बयान में	गुलाम या बान्दी के साथ क़सम खाने के बारे में
बाब 7	अध्याय 7
इस्तेलाद के बयान में	प्रजनन यानी गुलाम या बान्दी को गर्भवती

	कर औलाद जन्ने से मुक्त होने के बारे में
किताबुल ईमान	किताबुल ईमान यानी विश्वास-आस्था के लेख
बाब 1	अध्याय 1
यमीन की तफ़सीरे शरअी, उसके रूक्न व शर्त व हुक्म के बयान में	क़सम/शपथ की शरअी व्याख्या और उसके आधार, व अनिवार्यता तथा आदेश एंव शब्दावली के बारे में
बाब 2	अध्याय 2
उन सूरतों के बारे में जो क़सम होती हैं और जो नहीं होतीं हैं	उन दशाओं के बारे में वह जो क़समें होती हैं और वह जो क़समें नहीं होतीं हैं
फ़स्ल	भाग
कफ़्फ़ारे के बयान में	कफ़्फ़ारे/क़सम तोड़ने के दंड के बारे में
बाब 3	अध्याय 3
दखूल व सकनी पर क़सम खाने के बयान में	दुखूल/प्रवेश एंव रहने योग्य जगह आदि पर क़सम खाने के बारे में
बाब 4	अध्याय 4
निकलने और आने और सवार होने वग़ैरा की क़सम खाने के बयान में	निकलने और आने तथा सवार होने आदि की क़सम खाने के बारे में
बाब 5	अध्याय 5
खाने और पीने वग़ैरा की क़सम खाने के बयान में	खाने और पीने आदि की क़सम खाने बारे में
बाब 6	अध्याय 6
कलाम पर क़सम खाने के बयान में	बात-चीत/चर्चा करने पर क़सम खाने के बारे में
बाब 7	पाठ 7
तलाक़ व इताक़ की क़िस्म के बयान में	तलाक़ और आज़ादी के प्रकार के बारे में
बाब 8	अध्याय 8
खरीद व फ़रोख़्त व निकाह वग़ैरा में क़सम खाने के बयान में	क्रय-विक्रय एंव निकाह आदि में क़सम खाने के बारे में
बाब 9	अध्याय 9
हज व नमाज़ व रोज़े में क़सम खाने के बयान में	हज, नमाज़ और रोज़े में क़सम खाने के बारे में

बाब 2	अध्याय 2
उन सूरतों के बयान में जिन में हाथ काटा जाएगा - इस में तीन फ़स्लें हैं	उन संदर्भ मे जिन में हाथ काटा जाएगा - इस पाठ में तीन भाग हैं
फस्ल 1 - जिन में हाथ काटा जाएगा	भाग 1 - जिन में हाथ काटा जाएगा
फस्ल 2 - हरज़ और हरज़ से लेने के बयान में	भाग 2 - सुरक्षा और सुरक्षा से लेने के उपाय के बारे में
फस्ल 3 - कैफ़ियत क़तअ व उसके इसबात के बयान में	भाग 3 - हाथ काटने की स्थिति में और उसके सही होने के बारे में
बाब 3	अध्याय 3
सारिक़ माले सरक़े में जो शय पैदा करदे उसके बयान में	अगर चोर जो उसने चुराया है उस माल में कुछ बात/नयापन पैदा करदे उस बारे में
बाब 4	अध्याय 4
क़ताअ उत तरीक़ के बयान में	लुटेरे डाकू/बटमारों के बारे में
किताबुल सैर	किताबुल सैर (यानी जहाद दीन हक़ के लिए)
बाब 1	अध्याय 1
इसकी तफ़्सीर शरअी व शर्त व हुक्म के बयान में	उसकी शरअी व्याख्या व शर्त/अनिवार्यता और असका आधार व आदेशों के बारे में
बाब 2	अध्याय 2
क़िताल की कैफ़ियत के बयान में	लड़ाई/हत्याओं के विवरण/हालात के बारे में
बाब 3	अध्याय 3
मसालह और अमान के बयान में	सुलह और रक्षा/संरक्षण के बारे में
बाब 4	अध्याय 4
ग़नाइम और उसको तक़्सीम के बयान में	लूट के माल और उसको बांटने के बारे में
फ़स्ल 1 - ग़नाइम के बयान में	भाग 1 - लूट के माल के बारे में
फ़स्ल 2 - कैफ़ियते क़िस्मत में	भाग 2 - लूट के माल को बांटने के बारे में
फ़स्ल 3 - तन्फील के बयान में	भाग 3 - तन्फ़ील/वे आदेश जिस में इमाम कह दे कि जो जितना लूटे उसी का है, के बारे में
बाब 5	अध्याय 5
इस्तेला ए कुफ़्फ़ार के बयान में	कुफ़्फ़ार पर विजय पाने के बारे में
बाब 6	अध्याय 6
मुस्तामिन के बयान में	आज्ञा से संरक्षण/शरण लेने वाले के बारे में

फ़स्ल 1 - मुस्तामिन के अमान लेकर दारुल हरब में प्रवेश हाने के बयान में (मुस्तामिन=वे मुसलमान जो किसी ग़ैर-मुस्लिम देश में उन की आज्ञा से शरण ले, या वह व्यक्ति जो ग़ैर-मुस्लिम देश से मुस्लिम देश में (शांती संधि करने के बाद) शरण ले	भाग 1 -आज्ञा से संरक्षण/शरण लेकर दारुल हरब (वह देश जहाँ मुस्लिम शासन न हो और मुसलमानों को अपने धर्मानुसार कार्य करने की अनुमति नहीं होती) में प्रवेश करने के बारे में
फ़स्ल 2 - हरबी के अमान लेकर दारुल इस्लाम में दाख़िल होने के बयान में	भाग 2 - हरबी (ग़ैर-मुस्लिम उस देश का व्यक्ति जहाँ मुस्लिम शासन न हो और मुसलमानो को अपने धर्मानुसार कार्य करने की अनुमति नहीं हो) की शरण लेकर दारुल इस्लाम (इस्लामी शासन वाले राज्य) में प्रवेश होने के बारे में
फ़स्ल 3 - ऐसे हदये जो बादशाह अहले हरब मुसलमानों के सरदारे लश्कर के पास भेजे	भाग 3- ऐसे तोहफ़े जो बादशाह लड़ाई लड़ने वाले मुसलमानों के लशकर कमाण्डर के पास भेजे
बाब 7 अश्र व ख़िराज के बयान में	अध्याय 7 लगान ज़मीन का महसूल/राजस्व के बारे में
बाब 8 जज़िये के बयान में	अध्याय 8 जज़िया/कुफ्फ़ार को सुरक्षा प्रदान करने के बदले टैक्स लेने के बारे में
फ़स्ल - अगर ज़िम्मियों ने जदीद बेओ या कनसियों को बनाना चाहा	भाग - अगर ज़िम्मियों (ग़ैर मुस्लिम जो इस्लामी राज्यों में टैक्स देकर रहते हैं) ने मुसलमानों के शहर में कोई पूजा घर बनाना चाहा
बाब 9 मुरतदों के एहकाम में (यानी जो लोग ख़ाली ज़बान से ज़ाहिर में मुसलमान हो कर फिर आखिर को फिर गए)	अध्याय 9 धर्मभ्रष्टों के लिये आदेश (यानी वे लोग जो केवल ज़बान से दिखावे के लिए मुसलमान हो कर फिर गए)
बाब 10 बाग़ियों के बयान में	अध्याय 10 बाग़ियों/विद्रोहियों के बारे में
किताबुल-लक़ीत (वह नवजात शिशु जो किसी ने रास्ते डाल दिया हो और उसे उठा कर कोई अपने घर लाकर लालन-पाषण करे)	किताबुल-लक़ीत (यानी वह नवजात बच्चा जिसे ग़रीबी के डर से फेंक दिया गया हो) वह बच्चा जो रास्ते में पड़ा हुआ मिला हो।

किताबुल लुक़तह	किताबुल लुक़तह (यानी वह माल जो ज़मीन पर पड़ा हुआ मिल जाए और उसके मालिक का पता न हो)
किताबुल इबाक़	किताबुल इबाक़ (यानी बालिग़ गुलाम या लोन्डी का मालिक के पास से भाग जाना)
किताबुल मफ़क़ूद (फ़क़द = खोना, मफ़क़ूद = खोया हुआ)	गुम शुदह या खोए हुओं के लेख : वह व्यक्ति (यानी खोया हुआ अज्ञात/ ग़ायब हो जाना या दुश्मनों द्वारा पकड़े जाना जिसकी जगह मालूम ना हो) जो घर से चला जाए जिसके जीने-मरने की का कोई समाचार न हो।

किताबुल इताक़

इस में सात अबवाब हैं

बाबः 1

इताक़ की तफ़सीर शरअई और इस के रूक्न व हुक्म व अनवाअ व शर्त व सबब व अल्फ़ाज़ के बयान में और मिल्क वग़ैरह के सबब से इतक़ वाक़े होने के बयान में

इतक़ की तफ़सीर शरअईः

इतक़ ऐसी क़ुव्वते हुक्मिया है कि जिस मौक़े पर वाक़े होती है इस में लियाक़त मालिक होने की और अहलियत विलायात व शहादात की पैदा कर देती है कज़ा फ़ी मुहीतुल सुरख़ी। हत्ता कि वह इस इतक़ की वजह से ग़ैरों पर तसर्रूफ़ करने और ग़ैरों का तसर्रूफ़ अपनी ज़ात से करने पर क़ादिर हो जाता है यह तबय्यीन में लिखा है।

ईताक़ का रूक्न व हुक्मः

ईताक़ का रूक्न हर ऐसा लफ़्ज़ है जो इतक़ पर फिल जुमला दलालत करे या इस के क़ायम मुक़ाम हो यह बदाऐ में लिखा है और इताक़ का हुक्म यह है कि रक़ीक़ की गर्दन से दुनिया में मालिक की मिल्कियत और रक़्क़ियत ज़ायल हो जाती है और अगर मालिक ने इस को ख़ालिस अल्लाह तआला के वास्ते आज़ाद किया हो तो आक़िबत में बड़ा सवाब पाता है। यह मुहीत में है।

मुक्ति के लेख

(यानी ग़ुलाम या बान्दी को आज़ाद करना)

इस किताब में सात अध्याय हैं

अध्याय 1

मुक्ति की शरअी व्याख्या और उसका आधार व आदेश एंव विभिन्न प्रकार व शर्तें/अनिवार्यताएं, कारण तथा शब्दावली के बयान में और स्वामित्व आदि के कारण से मुक्ति स्थापित होने से गुलाम या बान्दी को आज़ाद हो जाने के संबंध में।

इतक़/मुक्ति/आज़ादी की शरअी व्याख्या :

इतक़/मुक्ति ऐसी आदेशित शक्ति है कि जिस समय यह स्थापित/लागू होती है तो मुक्त होने वाले को मालिक होने की योग्यता, आज़ादी और अभिभावकता के गुण पैदा कर देती है। यह मुहीतुल सुरखी में है। यहाँ तक कि वह इस मुक्ति पाने के कारण से दूसरों पर अधिकार करने और अपने उपर से दूसरों का अधिकार हटाने पर अधिकृत हो जाता है। यह तबिय्यीन में लिखा है।

ईताक़ (स्वतंत्र करने) का आधार एंव आदेश

ईताक़ (मुक्ति/ग़ुलाम या बान्दी को आज़ाद करने) का आधार हर ऐसा शब्द है जो मुक्ति यानी सामान्य तौर पर वह शब्द मुक्ति का तर्क दे या उसका पर्यायवाची हो, यह बदाए में लिखा है। और मुक्ति का आदेश यह है कि ग़ुलाम की गर्दन से दुनिया में मालिक का स्वामित्व और ग़ुलामी समाप्त हो जाती है। और अगर मालिक ने उसको केवल अल्लाह तआला के वास्ते आज़ाद किया हो तो परलोक में बड़ा पुरस्कार पाता है। यह मुहीत में है।

ईताक़ की अक़साम

ईताक़ की चार क़िस्में हैं :(1) वाजिब (2) मुस्तहब। (3) मुबाह। (4) हराम। बस वाजिब वह ईताक़ है जो कफ़्फ़ारा-ए-क़त्ल व ज़िहार क़सम व अफ़तार में होता है मगर फ़र्क़ यह है कि क़त्ल व ज़िहार व अफ़तार (उम्दन रोज़ा तोड़ना) की सूरत में अगर बुरदह आज़ाद करने की क़ुदरत हो तो इस पर यही वाजिब होगा और क़सम की सूरत में बावजूद क़ुदरत के तख़य्युर के साथ वाजिब है यानी चाहे बुरदह आज़ाद करे या दूसरे तौर पर कफ़्फ़ारा अदा करे और मुस्तहब वह ईताक़ है जो बदूं इस पर वाजिब होने के इस ने अल्लाह तआला के वास्ते आज़ाद किया है और मुबाह वह ईताक़ है जो इस ने बदूं नियत के आज़ाद किया हो और हराम वह ईताक़ है जो इस ने शैतान की राह पर आज़ाद किया हो कज़ा फ़ी बहरूर्राइक़। बस अगर किसी ने शैतान या बुत के वास्ते अपना ग़ुलाम आज़ाद किया तो वह आज़ाद हो जायेगा मगर यह शख़्स काफ़िर कहलायेगा यह सिराजुल वहाज में है।

ज़िहार = बिना सोचे समझे या बिना इरादा किए पाप का प्रायश्चित, जैसे अपनी बीवी/पत्नि को माँ कह देना ज़िहारो इफ़तार - जैसे बिना इरादा रोज़ा/उपवास तोड़ देना **कफ़्फ़ारा = पाप का प्रायश्चित - कफ़्फ़ारा ए क़त्ल = प्रतिहिंसा = ख़ून का बदला = क़िसास**

ईताक़ की शराइत :

ईताक़ की शर्त यह है कि आज़ाद करने वाला ख़ुद आज़ाद, बालिग़, आक़िल, मालिक हो जो अपनी मिल्क से इस का मालिक है यह नहाया में है। बस नाबालिग़ और मजनून आज़ाद करने की लियाक़त नहीं रखते हैं, और इसी वजह से अगर इन दोनों ने ऐसी हालत की तरफ़ इतक़ की इज़ाफ़त की मसलन यूं कहा मैंने इस को नाबालिग़ी की हालत में आज़ाद किया है या जुनून की हालत में आज़ाद किया है हालांकि इस का जुनून मअहूद

स्वतंत्र करने के प्रकार

ईताक़ (मुक्ति/ग़ुलाम या बान्दी को आज़ाद करने) के **चार** प्रकार हैं। ईताक़ (1) **वाजिब**/ऐसा अनिवार्य कार्य जो न करें तो पाप हो (2) **मुसतहब**/वह जो नबी मुहम्मद स0 को पसन्द था (3) **मुबाह**/हलाल या जाईज़ होना (4) **हराम**/धर्मशास्त्र के अनुसार निषिद्ध/वर्जित/नाजाइज़। बस वाजिब वह मुक्त (स्वतन्त्र करने) का प्रकार है जो क़त्ल का कफ़्फ़ारा/प्रतिहिंसा व ज़िहार व अफ़तार/बिना इरादा रोज़ा तोड़ने में होता है मगर अन्तर यह है कि क़त्ल/हत्या व ज़िहार/जैसे बिना इरादा क़सम खा कर बीवी को माँ कह देना एंव अफ़तार (यूं ही रोज़ा तोड़ने) की सूरत में अगर गुलाम आज़ाद करने की हैसियत हो तो उस पर यही वाजिब होगा, और क़सम की सूरत में बावजूद हैसियत के अविलंब वाजिब है यानी चाहे गुलाम/बान्दी आज़ाद करे या दूसरे तौर पर **कफ़्फ़ारा** अदा करे, और **मुसतहब** वह मुक्त करना है उस पर बिना वाजिब/ज़रूरी न होने के बावजूद उस ने अल्लाह के वास्ते स्वतन्त्र किया है, और **मुबाह** /जाईज़ वह मुक्त करना है बिना नियत/यानी बिना किसी बदले के अपनी ख़ुशी से आज़ाद किया हो, और हराम वह मुक्त करना है जो उसने शैतान के रास्ते पर आज़ाद किया हो। यह बहरूर्राईक़ में है। बस अगर किसी ने शैतान के या किसी के बुत के वास्ते अपना ग़ुलाम आज़ाद किया तो वह ग़ुलाम आज़ाद हो जाएगा, मगर वह व्यक्ति काफ़िर कहलाएगा। यह सिराजुल वहाज में है।

मुक्ति की शर्तें/अनिवार्यताएं

मुक्ति की शर्त/अनिवार्यता यह है कि आज़ाद करने वाला स्वंय स्वतन्त्र, व्यस्क, सूझबूझ वाला, मालिक/स्वामी हो जो अपने स्वामित्व से उसका मालिक हो। यह निहाया में है। बस अव्यस्क और बिना सूझबूझ वाला या पागल आज़ाद करने की योग्यता नहीं रखते और इसी कारण अगर उन दोनों ने ऐसी हालत की ओर मुक्ति संबंध जताया , मिसाल के तौर पर यूं कहा कि मैने इस को नाबालिग़ी की हालत में आज़ाद किया है या पागलपन की

है तो ग़ुलाम आज़ाद न होगा इसी तरह अगर नाबालिग़ी या जुनून की हालत में कहा कि जिस वक़्त मैं बालिग़ हूँ या मुझे इफ़ाक़ा हो तो यह ग़ुलाम आज़ाद है तो इतक़ मुनअक़िद न होगा यह तबिय्यीन में है।

असल यह है कि अगर ईताक़ को ऐसी हालत की जानिब मज़ाफ़ किया जिस का वाक़े हो जाना मालूम है हालांकि वह ऐसी हालत में आज़ाद करने की लियाक़त नहीं रखता था तो इस के कौल की तसदीक़ होगी और अगर इस ने कहा कि मैंने अपने जुनून की हालत में इस ग़ुलाम को आज़ाद किया है हालांकि इस का जुनून मालूम नहीं हुआ तो इस के कथन की तसदीक़ नहीं होगी। यह बदाऐ में है और जो शख़्स कभी मजनून हो जाता है और कभी इस को इफ़ाक़ा हो जाता है तो वह इफ़ाक़ा की हालत में आक़िल क़रार दिया जायेगा और जुनून की हालत में मजनून यह बहरूर्राइक़ में है, और जो शख़्स बा किराह आज़ाद करने पर मजबूर किया गया और इसने आज़ाद किया या नशे की मस्त ने आज़ाद किया तो आज़ाद हो जायेगा। यह बदाऐ में है। और इतक़ की शर्तों में से यह है कि आज़ाद करने वाला मअतूह ना हो और मदहोश ना हो और इस को बरसाम की बीमारी न हो और न ऐसा शख़्स हो जिस पर बदूं नशे के बेहोशी तारी हुई हो और सोया हुआ न हो चुनांचे इन लोगों में से किसी का आज़ाद करना सही नहीं है और अगर किसी व्यक्ति ने कहा मैंने अपने ग़ुलाम को सोने की हालत में आज़ाद किया है तो कथन इसी का स्वीकार होगा और अगर कहा कि मैंने अपनी पैदाइश से पहले या ग़ुलाम की पैदाइश से पहले ग़ुलाम को आज़ाद किया है तो वह आज़ाद न होगा और आज़ाद करने वाले का बुतूअ ख़ुद आज़ाद करना हमारे निकट आज़ाद होने की शर्त नहीं है और नीज़ इस का क़सद करने वाला होना भी बिल इजमाअ शर्त नहीं है हत्ता कि अगर इस ने हज़ल व दिल्लगी से बदूं क़सद आज़ाद किया तो सही होगा और

हालत में स्वतंत्र किया है हालांकि उसका पागलपन स्वीकारणीय है तो ग़ुलाम मुक्त न होगा अगर इसी तरह नाबालिग़ी या पागलपन की हालत में कहा कि जिस समय मैं बालिग़ हो जाऊँ या मेरा पागलपन ठीक हो तो यह ग़ुलाम आज़ाद है तो यह आज़ाद होना आयोजित न होगा। यह तबिय्यीन में है।

असल यह है कि स्वतन्त्र करने को ऐसी हालत की ओर सम्बंधित किया जिसका स्थापित हो जाना मालूम है जबकि वह ऐसी हालत में आज़ाद करने की योग्यता नहीं रखता तो उसके कथन का सत्यापन होगा और उसने कहा कि मैंने अपने पागलपन की हालत में इस ग़ुलाम को स्वतन्त्र किया है जबकि उसका पागलपन मालूम नहीं हुआ तो उसके क़ौल का सत्यापन नहीं होगा। यह बदाए में है ! और जो व्यक्ति कभी पागल हो जाता है कभी ठीक हो जाता है तो उसके ठीक होने के समय में वह अक़्ल वाला माना जाएगा और पागलपन की हालत में पागल, यह बहरूर्राईक़ में है। जो व्यक्ति अनिच्छा के साथ आज़ाद करने पर मजबूर किया गया और उसने आज़ाद किया हो या मस्त नशे में आज़ाद किया तो आज़ाद हो जाएगा, यह बदाए में है। और स्वतन्त्र करने की शर्तों/अनिवार्यताओं में से यह है कि स्वतन्त्र करने वाला पागल न हो और मदहोश न हो और उसे बरसाम का रोग (यानी छाती की सूजन/फेफ़डों में पानी भरना) हो और न ऐसा व्यक्ति हो जिस पर नशे की बेहोशी हो रखी हो और सोया हुआ न हो सो इन लोगों में से किसी का आज़ाद करना सही नहीं है और अगर किसी व्यक्ति ने कहा कि मैंने अपने ग़ुलाम को नींद की हालत में आज़ाद किया है तो कथन उसी का स्वीकार होगा और अगर कहा कि मैंने अपनी पैदाईश से पहले या ग़ुलाम की पैदाइश से पहले ग़ुलाम को आज़ाद किया है तो वह मुक्त न होगा और मुक्त करने वाले का स्वेच्छा से स्वंय मुक्त करना हमारे निकट मुक्त होने की शर्त नहीं है साथ ही मुक्त करने का इरादा करने वाला होना भी सभी विद्वानों के अनुसार शर्त/अनिवार्यता नहीं है यहाँ तक कि अगर

इसी तरह उम्दन होना भी शर्त नहीं है हत्ता कि भूले से आज़ाद करने वाले का ईताक़ सही होगा और इसी तरह ईताक़ में शर्ते ख़्यार न होना भी शर्त नहीं है ख़्वाह ईताक़ बऐवज़ या बग़ैर ऐवज़ हो, बशर्ते यह कि ख़्यार मालिक के वास्ते हो हत्ता कि इतक़ वाक़े होगा और शर्त बातिल होगी और अगर ख़्यार ग़ुलाम के वास्ते हो तो इसके ख़्यार शर्त से खाली होना ईताक़ सही होने की शर्त है हत्ता कि अगर ग़ुलाम ने ऐसी हालत में अक़्द रदद कर दिया तो फ़सख हो जायेगा और इसी तरह आज़ाद करने वाले का मुसलमान होना भी शर्त नहीं है पस काफ़िर की तरफ़ से आज़ाद करना सही है लेकिन अगर मुरतद ने आज़ाद किया हो तो इमाम आज़म रह० के नज़दीक फ़िलहाल नाफ़िज़ न होगा बल्कि मौक़ूफ़ रहेगा और अगर मुरतदह औरत ने आज़ाद किया तो बिल इत्तफ़ाक़ नाफ़िज़ होगा और इसी तरह आज़ाद करने वाले का तन्दरूस्त होना शर्त न होगा बल्कि मौक़ूफ़ रहेगा और अगर मुरतदह औरत ने आज़ाद किया तो बिल इत्तफ़ाक़ नाफ़िज़ होगा और इसी तरह आज़ाद करने वाले का तन्दरूस्त होना शर्त नहीं है पस अगर ऐसे मरीज़ ने आज़ाद किया जो इसी मर्ज़ में मर गया तो इतक़ सही है लेकिन मरीज़ का आज़ाद करना इस के एक तिहाई तरका से ऐतबार किया जायेगा और इसी तरह ज़बान से कलाम करना भी शर्त नहीं है पस अगर ईताक़ इस तरह तहरीर कर दिया जो मुसबत है या इस तरह इशारा किया जिससे ईताक़ समझा जाता है तो यह आज़ाद हो जायेगा यह बदाऐ में है।

अगर ग़ुलाम ने अपने मालिक से कहा कि मैं आज़ाद हूं हालांकि मौला बीमार पड़ा है पस मौला ने अपना सर हिलाया यानी हाँ कहा तो ग़ुलाम आज़ाद न होगा। यह सिराज उल वहाज में है। एक शख़्स के क़ब्ज़े में इस का एक ग़ुलाम है इस शख़्स से किसी ने कहा कि तूने अपना यह ग़ुलाम आज़ाद क्या है? पस इस ने अपने सर से इशारा किया कि हां तो यह ग़ुलाम आज़ाद न होगा इस वास्ते कि यह शख़्स ज़बान से कहने पर क़ादिर है यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है और यह शर्त नहीं है कि

उसने हज़ल/मज़ाक़ व दिल्लगी से इरादा किया हो तो सही होगा और इसी तरह ज़रूरी होना भी शर्त नहीं है यहाँ तक कि भूले से आज़ाद करने वाले का आज़ाद करना सही होगा इसी तरह मुक्त करने में शर्ते ख़्यार / व्यापारिक अधिकार की अनिवार्यता होना भी अनिवार्य नहीं है भले ही आज़ाद करना किसी बदले या बग़ैर बदले के हो बशर्त इच्छा ईश्वर के वास्ते हो। यहाँ तक कि मुक्ति स्थापित होगी और अनिवार्यता रदद होगी और अगर इच्छा ग़ुलाम के वास्ते हो तो उसकी इच्छा बिना शर्त होना मुक्ति के सही होने की शर्त है यहाँ तक कि ग़ुलाम ने अनुबंध रदद कर दिया तो रदद हो जाएगा इसी तरह आज़ाद करने वाले का मुसलमान होना भी शर्त नहीं है बस काफ़िर की ओर से आज़ाद करना सही है लेकिन मुरतद धर्मभ्रष्ट ने आज़ाद किया हो तो इमामे आज़म रह० के निकट फ़िलहाल लागू न होगा, रोक रहेगी और अगर मुरतदह/धर्मभ्रष्ट औरत ने आज़ाद किया तो सहमति से लागू होगा इसी तरह आज़ाद करने वाले का स्वस्थ होना शर्त नहीं है बस अगर ऐसे रोगी ने आज़ाद किया जो उसी रोग में मर गया तो आज़ाद होना सही है लेकिन रोगी का आज़ाद करना रोगी के एक तिहाई संपत्ति के बराबर माना जाएगा इसी तरह ज़बान से कहना भी शर्त नहीं है बस अगर ईताक़/आज़ाद करना इस तरह लिख दिया जो सकारात्मक हो या इस तरह इशारा किया जिससे आज़ाद होना समझा जाता है, तो यह आज़ाद हो जाएगा। यह बदाए में लिखा है।

अगर ग़ुलाम ने अपने मौला/मालिक से कहा कि मैं आज़ाद हूँ हालांकि मौला बीमार पड़ा है और मालिक ने सर हिलाया यानी हाँ कहा तो ग़ुलाम आज़ाद न होगा यह सिराजुल वहाज में है। एक व्यक्ति के क़ब्ज़े में उसका ग़ुलाम है उस व्यक्ति से किसी ने कहा कि तूने अपना यह ग़ुलाम आज़ाद किया है बस उसने सर से इशारा किया कि हाँ तो यह ग़ुलाम आज़ाद न होगा इस लिए कि यह ज़बान से बोलने में समर्थ है। यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है और यह शर्त नहीं है कि आज़ाद करने वाला

आज़ाद करने वाला यह जानता हो कि यह मेरा ममलूक है चुनांचे अगर ग़ासिब ने मालिक से कहा कि यह ग़ुलाम आज़ाद कर दे पस इस ने आज़ाद कर दिया हालांकि वह यह नहीं जानता है कि मेरा यह ग़ुलाम था तो ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा और मालिक इस गासिब से कुछ नहीं ले सकता। इसी तरह बाऐ ने मुश्तरी से कहा कि तू यह ग़ुलाम आज़ाद कर दे और बैअ की तरफ़ इशारा किया पस मुशतरी ने इस को आज़ाद कर दिया और यह न जाना कि मेरा ग़ुलाम है तो इसका आज़ाद करना सही होगा और यह अम्र मुश्तरी के क़ब्ज़ा करने में शुमार होगा और मुश्तरी के ज़िम्मे समन लाज़िम होगा यह कश्फ़ कबीर में है कज़ा फ़िल बहर उल राइक़।

ईताक़ की शर्तों में से एक नियत हैः

शैख अबूबकर रह० ने फ़रमाया कि अगर किसी शख़्स ने दूसरे से कहा कि तू कह कुल उबैदी अहरार (मेरे सब ग़ुलाम आज़ाद हैं) पस इस ने यह अल्फ़ाज़ कहे हालांकि वह अरबी नहीं समझता है तो इस के सब ग़ुलाम आज़ाद हो जायेंगे और मेरे नज़दीक यह है कि इस के ग़ुलाम आज़ाद न होंगे। अगर इस से कहा कि तू कह अन्ता हरीस (तू आज़ाद है) इस ने कहा हालांकि वह यह नहीं जानता है कि इन अल्फ़ाज़ से आज़ाद हो जाता है तो वो महकमा क़ज़ा में आज़ाद हो जायेगा लेकिन फ़ीमा बईनहु व बईनल्लाहु तआला आज़ाद न होगा यह नया बैअ में है। और ईताक़ की शर्तों में से एक नियत है मगर यह ईताक़ की दो क़िस्मों यानी सरीह व किनाया में से केवल किनाया में शर्त है। यह बदाऐ में है। और इतक़ का सबब जो इसका साबित करने वाला है वो कभी नसब का दअवा होता है और भी नसबी नातेदार में नफ़्स मिल्कियत होती है और कभी यह होता है कि किसी आदमी के सामने एक शख़्स की हुर्रियत का इक़रार किया तो यह इतक़ का सबब हो सकता है चुनांचे इस शख़्स ग़ुलाम को अगर कभी इस शख़्स ने खरीदा या किसी तौर से इस का मालिक हुआ तो आज़ाद हो

यह जानता हो कि यह मेरा ख़रीदा हुआ ग़ुलाम है अगर किसी ग़ासिब/हक़ मारने वाले ने मालिक से कहा कि यह ग़ुलाम आज़ाद करदे और उसने आज़ाद कर दिया हालांकि वह यह नहीं जानता था कि यह मेरा ग़ुलाम था तो ग़ुलाम आज़ाद हो जाएगा और मालिक उस हक़ मारने वाले से कुछ वसूल नहीं कर सकता। इसी तरह एक विक्रेता ने क्रेता से कहा कि तू यह ग़ुलाम आज़ाद करदे और बिक्री की ओर इशारा किया बस क्रेता ने उसे मुक्त कर दिया और यह न जाना कि यह मेरा ग़ुलाम है तो उसका आज़ाद करना सही होगा यह कार्य क्रेता के क़ब्ज़ा करने में माना जाएगा और क्रेता के ज़िम्मे क़ीमत ज़रूरी होगी यह कश्फ़ कबीर में है यह बहरूर्राईक़ में है!

स्वतन्त्र करने की शर्तों/अनिवार्यताओं में से एक इरादा/संकल्प/उद्देश्य है।

शैख़ अबूबकर रह० ने फ़रमाया कि अगर किसी व्यक्ति ने दूसरे से कहा कि तू कह ''कुल उबेदी अहरार'' (मेरे सब ग़ुलाम आज़ाद हैं) बस उसने यह शब्द कहे हाँलांकि वह अरबी नहीं समझता तो उसके सब ग़ुलाम आज़ाद हो जाएंगे और मेरे निकट यह है कि उसके ग़ुलाम आज़ाद न होंगे। अगर उससे कहा कि तू कह 'अन्ता हरीस' (तू आज़ाद है) उसने कहा हाँलांकि वह यह नहीं जानता कि इन शब्दों से आज़ाद हो जाता है तो वह महकमा ए क़ज़ा/न्याय विभाग में आज़ाद हो जाएगा लेकिन अल्लाह सर्वशक्तिमान के निकट मुक्त न होगा यह नया बैअ में है और आज़ाद करने की शर्तों में से एक नियत है। मगर यह ईताक़ की शर्तों में से एक नियत संकल्प है मगर यह आज़ाद करने के दो प्रकार यानी सरीह व किनाया (सीधे एंव इशारों में कहना या गोल मोल बात करना) में से केवल इशारों में कहना में शर्त है। यह बदाए में है और आज़ाद होने का कारण जो उसका साबित करने वाला है, वह कभी नस्ल/ खानदानी होने का दावा होता है और कभी खानदानी नातेदार में जीवित ही मालिक होता है और कभी यह होता है कि किसी व्यक्ति के सामने एक व्यक्ति की आज़ादी को

जायेगा और कभी दारूल हरब में दाखिल होना सबब होता है। चुनांचे अगर हरबी ने एक मुसलमान ग़ुलाम खरीदा और इस को दारूल हरब में ले गया और यह हाल मालूम न हुआ तो इमाम आज़म रह० के नज़दीक यह ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा और इसी तरह अगर इस का क़ब्ज़ा ग़ुलाम से ज़ायल हो गया ब ईंन तौर कि ग़ुलाम अपने हरबी मालिक के पास से दारूल इस्लाम में भाग आया तो वो आज़ाद होगा यह फ़तहुल क़दीर में है।

शर्ते ख़्यार = यानी व्यापारिक मामला/सौदा तय हो जाने के बाद व्यापारी और ख़रीदार का सौदा बाक़ी रखने या समाप्त करने का अधिकार

इतक़ के अल्फ़ाज़ तीन अक़साम के होते हैं :

अगर हरबी का ग़ुलाम मुसलमान हो गया मगर दारूल इस्लाम में निकल ना आया तो वो आज़ाद न होगा अगर इस का मालिक भी मुसलमान हो गया हो फिर अहले इस्लाम ने इस मुल्क को फ़तह कर लिया तो इस का ग़ुलाम इसी का ग़ुलाम रहेगा और अगर हरबी का ग़ुलाम मुसलमान हो गया फिर इस के मौला ने दारूल हरब में इस को किसी मुसलमान के हाथ फ़रोख़्त किया तो इमाम आज़म रह० के नज़दीक मुश्तरी के क़ब्ज़े से पहले वो ग़ुलाम आज़ाद होगा और इसी तरह अगर किसी ज़िम्मी के हाथ फ़रोख़्त किया तो भी यही हुक्म है और अगर हरबी दारूल हरब को लौट गया और दारूल इस्लाम में अपनी उम्मे वलद छोड़ गया या ऐसा ग़ुलाम मुदब्बर छोड़ा जिसको इसने दारूल इस्लाम में मुदब्बर किया तो इन दोनों के आज़ाद हो जाने का हुक्म दिया जायेगा यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है और इतक़ के अल्फ़ाज़ तीन इक़साम के होते हैं एक सरीह दोम जो सरीह के साथ मुलहिक़ हैं सौम किनाया फिर जानना चाहिए कि सरीह मिस्ल हुरियत व इतक़ वाला, वग़ैरह अल्फ़ाज़ के हैं और जो उन से मुशतक़ हों वो भी सरीह हैं और ऐसे अल्फ़ाज़ से जो इतक़ हो इस में नियत की हाजत नहीं है। पस अगर ऐसे अल्फ़ाज़ से अपने ममलूक का वसफ़ किया या

स्वीकार किया तो यह मुक्ति का कारण हो सकता है इसलिए उस व्यक्ति (ग़ुलाम) को अगर कभी इस व्यक्ति ने ख़रीदा था या किसी तरह उसका मालिक हुआ तो आज़ाद हो जाएगा, और कभी दारुल हरब (वह देश जहाँ मुस्लिम शासन न हो और मुसलमानों को अपने धर्मानुसार कार्य करने की अनुमति नहीं होती) में प्रवेश करना कारण होता है। अगर एक हरबी (दारुल हरब के निवासी) ने एक मुसलमान ग़ुलाम ख़रीदा और उसको दारुल हरब यानी ग़ैरमुस्लिम राज्य में ले गया और यह हाल मालूम न हुआ तो इमामे आज़म रह० के निकट यह ग़ुलाम आज़ाद हो जाएगा, और इसी तरह अगर उसका क़ब्ज़ा ग़ुलाम पर न रहे इस तरह से कि ग़ुलाम अपने हरबी मालिक के पास दारुल इस्लाम यानी इस्लामी शासित देश में भाग आया तो वह मुक्त होगा। यह फ़तह उल क़दीर में है।

मुक्त करने के शब्द तीन प्रकार के होते हैं।

अगर ग़ैर मुस्लिम का ग़ुलाम मुसलमान हो गया मगर इस्लामी गणराज्य में निकल ना आया तो वह मुक्त न होगा, अगर उसका मालिक भी मुसलमान हो गया फ़िर इस्लामी लोगों ने उस मुल्क को भी फ़तह कर लिया तो उसका ग़ुलाम उसी का ग़ुलाम रहेगा। और अगर हरबी/ग़ैर मुस्लिम का ग़ुलाम मुसलमान हो गया फिर उसके मालिक ने दारुल हरब में उस ग़ुलाम को किसी मुसलमान के हाथ बेच दिया तो इमामे आज़म रह० के निकट ग्राहक के कब्ज़े से पहले वह ग़ुलाम आज़ाद होगा, और इसी तरह अगर किसी ज़िम्मी (वह ग़ैर मुस्लिम जो इस्लामी राज्य में जज़िया/टैक्स देकर रहते हैं) के हाथ बेच दिया तो भी यही आदेश है। और अगर हरबी दारुल हरब को लौट गया और दारुल इस्लाम में अपनी उम्मे वलद (यानी वह बांदी या कनीज़ जिससे उसकी औलाद पैदा हुई हो) छोड़ गया हो या ऐसा मरणोप्रांत मुक्त ग़ुलाम छोड़ा जिस को उसने इस्लामी शासित देश में मरणोप्रांत मुक्त बनाया है तो उनके आज़ाद हो जाने का आदेश दिया जाएगा। यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है। और स्वतन्त्र होने के शब्द तीन प्रकार के होते हैं एक स्पष्ट रूप से दूसरे स्पष्टता के साथ संबंधित हैं तीसरे सांकेतिक यानी इशारा या गोल मोल बात कहकर बताना फिर जानना चाहिए स्पष्ट रूप

खबर दी या पुकारा मसलन अपने ग़ुलाम या बान्दी से कहा कि तू हुर्र है या मौअ़तिक़ है या मोहरर है या अतीक़ या ऐ मौला या कहा कि यह मेरा मौला है तो सब सूरतों में आज़ाद हो जायेगा और अगर इस ने इन अल्फ़ाज़ में दअ़वा किया कि मेरी मुराद इतक़ न थी तो महकमा क़ज़ा में इस के कथन की तसदीक़ न होगी यह हादी क़ुदसी में है।

सआयत=कौशिश यानी वह कार्य जो गुलाम अपनी मुक्ति के लिए करे
मीअसर= आर्थिकरूप से पिछड़ा **मूसिर=** समृद्धि शाली
मकातब वह ग़ुलाम जो अपनी क़ीमत स्वंय देकर अपने आप को मुक्त कराए

अगर इस ने दावा किया कि मेरी यह मुराद है कि यह शख़्स पहले हुर्र था पस अगर यह ग़ुलाम जिहाद में क़ैद हो कर आया तो अज़ रूऐ दयानत इस के क़ौल की तसदीक़ होगी मगर महकमा क़ज़ा में तसदीक़ न होगी और अगर इस ग़ुलाम की पैदाइश नहीं की हो तो किसी तरह तसदीक़ न होगी और अगर ग़ुलाम से कहा कि तू इस काम से हुर्र है या कहा कि तू आज के दिन इस काम से हुर्र है तो क़ज़ा आज़ाद हो जायेगा। यह मुहीत सुरखी में है। और अगर किसी शख़्स ने ग़ुलाम से कहा कि अन्तल हुर्रउलबत्तह यानी तू अल्बत्ताह आज़ाद है। लेकिन यह शख़्स हुनूज़ का लफ़्ज़ न कहने पाया था कि ग़ुलाम मज़्कूर मर गया तो वो ग़ुलाम मरेगा यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है। एक शख़्स ने गवाह कर लिये कि मेरे ग़ुलाम का नाम हुर्र है फिर इस को ऐ हुर्र कह कर पुकारा तो आज़ाद न होगा। यह फ़तावा कुबरा में है। और अगर इस लफ़्ज़ से इस की मुराद इन्शा ए इतक़ हो तो आज़ाद हो जायेगा। यह इख़्तियार शरह मुख़्तार में है। और अगर इस को फ़ारसी में पुकारा कि ऐ आज़ाद तो आज़ाद हो जायेगा और अगर आज़ाद इस का नाम रखा फिर आज़ाद कह कर पुकारा तो आज़ाद ना होगा लेकिन अगर अरबी में या हुर्र कह कर पुकारा तो आज़ाद हो जायेगा, यह फ़तावा कुबरा में है। एक शख़्स ने अपना

से आज़ाद जैसा व ग़ुलाम की संपत्ति आदि शब्दों के हैं और जो इन शब्दों से मिलते जुलते हों वह भी स्पष्ट हैं और ऐसे शब्दों से जो मुक्त हो उसमें नियत इरादे या संकल्प की ज़रूरत नहीं है बस अगर ऐसे शब्दों से अपने स्वमित्व का वर्णन किया या सूचना दी या पुकारा, मिसाल के तौर पर अपने ग़ुलाम या बांदी से कहा तू आज़ाद है या स्वतन्त्र या मुक्त है या कहा कि मेरी ओर से मुक्त है या ये कहा मैंने तुझे मुक्त किया है या यूँ कहा कि ऐ आज़ाद या ऐ स्वतंत्र या ऐ मौला मालिक या कहा कि ये मेरा स्वामी है तो इन सभी स्थितियों में आज़ाद हो जाएगा और अगर उसने इन शब्दों में दावा किया कि इन शब्दों से मेरा उद्देश्य आज़ाद करना नहीं था तो न्याय विभाग में इस कथन की जाँच ना होगी। यह हादी कुदसी में है !

अगर उसने दावा किया कि मेरा यह तात्पर्य है कि पहले यह व्यक्ति आज़ाद था बस अगर यह ग़ुलाम जिहाद में बंदी बन कर आया है तो धर्म के नियमानुसार इसके कथन की जाँच होगी मगर न्याय विभाग में इसकी जाँच न होगी। अगर उस गुलाम का जन्म यही का हो तो किसी तरह की जाँच ना होगी, और अगर ग़ुलाम से कहा कि इस काम से गुलाम है या कहा कि तू आज के दिन इस काम से आज़ाद है तो कानूनन आज़ाद हो जाएगा। यह मुहीत उल सुरखी में है। अगर किसी व्यक्ति ने ग़ुलाम से कहा अन्ता हुर्रुलबत्ताह यानी तू अलबत्ता आज़ाद है लेकिन यह व्यक्ति अभी यह कहने न पाया था कि वह ग़ुलाम मर गया तो वह ग़ुलाम मरेगा। यह फ़तावा कुबरा में है। और अगर इस शब्द से उसका तात्पर्य आज़ादी चाहना हो तो आज़ाद हो जाएगा यह अधिकार शरह मुखतार में है। और अगर इस को फ़ारसी में पुकारा कि ऐ आज़ाद, तो आज़ाद हो जाएगा और अगर आज़ाद उसका नाम रखा और फिर उसे आज़ाद कहकर पुकारा तो आज़ाद ना होगा। लेकिन अगर अरबी में या हुर्र कह कर पुकारा तो आज़ाद हो जाएगा। यह फ़तावा कुबरा में है। एक व्यक्ति ने अपना ग़ुलाम किसी शहर को भेजा और उससे कहा कि जब कोई सामने पड़े और पूछगछ करे तो कहना कि मैं आज़ाद हूँ, फिर एक

ग़ुलाम किसी शहर को भेजा और इस से कहा कि जब कोई आदमी तेरे सामने पडे और तेरा क़सद करे तो कहना कि मैं हुर्र हूं फिर एक शख़्स इस से मोअतरिज़ हुआ और ग़ुलाम ने कहा कि मैं हुर्र हूँ पस अगर मौला ने भेजने के वक़्त इससे कहा हो कि मैंने तेरा नाम हुर्र रखा है और कोई तेरा क़सद करे तो उससे कहना कि मैं हुर्र हूं तो ग़ुलाम मज़्कूर आज़ाद न होगा और अगर मौला ने इससे यह न कहा कि मैंने तेरा नाम हुर्र रखा है बल्कि यही कहा कि जब कोई तेरी तरफ़ क़सद करे तो तू कहना कि मैं हुर्र हूं फिर ग़ुलाम ने अपनी तरफ़ क़सद करने वाले से कहा कि मैं हुर्र हूं तो क़ज़ाअन आज़ाद हो जायेगा और जब तक ग़ुलाम ने यह नहीं कहा है कि मैं आज़ाद हूं तब तक आज़ाद न होगा जैसे कि अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि तू कह कि मैं आज़ाद हूं तो जब तक यह न कहे कि मैं आज़ाद हूं तब तक आज़ाद न होगा और अगर किसी शख़्स से कहा कि तू मेरे ग़ुलाम से कह कि तू आज़ाद शुदह है या कहा कि वो आज़ाद है तो फ़िलहाल आज़ाद हो जायेगा और अगर एक शख़्स को हुक्म किया कि मेरे ग़ुलाम से कह कि तू आज़ाद है तो आज़ाद न होगा जब तक कि यह मामूर इससे इस तरह न कहे यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है।

अगर एक आदमी से कहा कि ऐ सालिम तू आज़ाद है फिर यह आदमी इस का दूसरा ग़ुलाम निकला ....?

अगर अपने ग़ुलाम सालिम नाम को पुकारा कि ऐ सालिम पस मरज़ूक़ ने जवाब दिया कि जी पस मौला ने कहा कि तू आज़ाद है हालांकि इस की नियत न थी तो आज़ाद हो जायेगा जिस ने जवाब दिया है और अगर मौला ने इस सूरत में कहा कि मैंने सालिम की नियत की थी तो हुक्म क़ज़अन में दोनों आज़ाद हो जायेंगे मगर फ़ीमा बईनहु व बईनल्लाहु तआला खासतन वही आज़ाद होगा जिस की नियत की थी और अगर एक आदमी से कहा कि ऐ सालिम तू आज़ाद है फिर यह आदमी इस का दूसरा ग़ुलाम निकला या किसी ग़ैर का ग़ुलाम निकला

व्यक्ति उससे पूछगछ करने लगा, तो ग़ुलाम ने कहा कि मैं आज़ाद हूँ , बस अगर मालिक ने भेजने के समय उससे कहा हो कि मैने तेरा नाम आज़ाद रखा है और अगर कोई तेरी पूछगछ करे तो उससे कहना कि मैं आज़ाद हूँ फिर ग़ुलाम ने पूछगछ करने वाले से कहा कि मैं आज़ाद हूँ तो क़ानूनन आज़ाद हो जायेगा और जब तक ग़ुलाम ने यह नहीं कहा कि मैं आज़ाद हूँ तब तक आज़ाद न होगा, जैसे कि अगर मालिक ने अपने ग़ुलाम से कहा कि तू कह कि मैं आज़ाद हूँ तो जब तक ग़ुलाम ने यह नहीं कहा कि मैं आज़ाद हूँ तब तक आज़ाद न होगा, और अगर किसी व्यक्ति से कहा कि तू मेरे ग़ुलाम से कह कि तू आज़ाद शुदा है या कहा कि वह आज़ाद है तो फिलहाल आज़ाद हो जायगा, अगर एक व्यक्ति को आदेश किया कि मेरे ग़ुलाम से कह कि तू आज़ाद है तो आज़ाद ना होगा, जब तक कि यह नियुक्त व्यक्ति उससे उसी तरह न कहे। यह फ़तावा क़ाजी ख़ान में है।

मुदब्बर = वह ग़ुलाम जिसे कह दिया जाए कि तुम मालिक के मरने के बाद मुक्त हो / मरणोपरांत मुक्त हो

अगर एक व्यक्ति से कहा कि ऐ सालिम तू आज़ाद है, फिर यह आदमी उसका दूसरा ग़ुलाम निकला.......?

अगर अपने ग़ुलाम सालिम/स्वस्थ को पुकारा कि ऐ सालिम (नाम के बजाए पहलवान आदि कह कर बुलाना) बस मरज़ूक़ (रोटी पर पलने वाले) ने उत्तर दिया कि जी बस मालिक ने कहा कि तू आज़ाद है हाँलांकि उसकी नियत न थी तो वह आज़ाद हो जायगा जिसने जवाब दिया है, और अगर मालिक ने इस स्थिति मे कहा कि मैंने सालिम की नियत की थी तो न्याय आदेश से दोनो आज़ाद हो जायेंगे मगर फ़ीमा बईनहु व बईनल्लाहु तआला अल्लाह सर्वशक्तिमान के वास्ते विशेषकर वही आज़ाद होगा जिसकी नियत की थी, और अगर एक

तो सालिम आज़ाद होगा यह बदाऐ में है। एक मर्द ने दूसरे शख़्स (1) से कहा कि क्या यह आज़ाद नहीं है और अपने ग़ुलाम की तरफ़ इशारा किया तो क़ज़ाअन वो आज़ाद हो जायेगा यह ज़हीरिया में है। फ़तावा अबुल्लैस रह० में है कि अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि ''अन्ता हुर्रह व अन्ता'' (ज़मीर मौन्निस मुखातिबा की है और हुर्रतह सीग़ा मौन्निस है) या बान्दी से कहा कि अन्ता हुर्र (अन्ता ज़मीर मज़कूर खिताब और हुर सीग़ा मुज़क्कर) तो ग़ुलाम मज़कूर या बान्दी मज़कूरा आज़ाद हो जायेगी यह मुहीत व फ़तावा कुबरा में है और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि उल इताक़ अलैक यानी तुझ पर इताक़ वारिद हुआ है तो वो आज़ाद हो जायेगा। यह फ़तावा कुबरा में है और अगर कहा कि तेरा आज़ाद करना मुझ पर वाजिब है तो आज़ाद न होगा यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है और अगर ग़ुलाम से कहा कि तेरा आज़ाद करना वाजिब है तो आज़ाद न होगा यह फ़तावा कुबरा में है। और अगर कहा कि अन्ता इतक़ यानी तो इतक़ है तो आज़ाद हो जायेगा अगरचे नियत न की हो यह मुहीतुल सुरखी में है।

ज़मीर = सर्वनाम, वह कथन है जो व्यक्ति या चीज़ के नाम की जगह प्रियोग किया जाए। **मुज़क्कर =** पुर्लिंग - **मोअन्नस =** स्त्रीलिंग/महिला से मतलब है कि इस वाक्य के इस शब्द से स्त्रीलिंग/महिला की ओर संकेत है। बुरदाह **=** ग़ुलाम **हुर्रतह =** आज़ाद

अगर ग़ुलाम से कहा कि अन्ता हुर्र पहलाा यानी तू आज़ाद है या नहीं है तो बिल इजामअ आज़ाद न होगा। यह सिराजुल वहाज में है और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि ''अन्ता ईतक़ मिन फ़लाँ'' और फ़लाँ के लफ़्ज़ से अपना दूसरा ग़ुलाम मुराद लिया और इस कलाम से इस की मुराद यह है कि तू फ़लां मज़कूर से पहले से मेरी मिल्क में है यानी ऐतक़ से पुराने के मअनी मुराद लिये तो हुक्म क़ज़ा में इस के क़ौल की तस्दीक़ न होगी बल्कि ग़ुलाम मज़कूर आज़ाद हो जायेगा लेकिन ''फ़ीमा बैयनहू व बैयनल्लाहु तआला'' अगर इस की यही मुराद

(1)क्यायह आज़ाद नहीं है यानी यह बनज़र मुहावरा और नियत का हाल खुदा तआला जानता है।

आदमी से कहा कि ऐ सालिम तू आज़ाद है फिर यह उसका दूसरा ग़ुलाम निकला या किसी दूसरे का ग़ुलाम निकला तो सालिम आज़ाद होगा। यह बदाए में है ! एक मर्द ने दूसरे व्यक्ति(1) से कहा कि क्या यह आज़ाद नही है और अपने ग़ुलाम की ओर इशारा किया तो न्यायिक तौर पर वह आज़ाद हो जाएगा। यह ज़हारिया में है ! फ़तावा अबुल्लेस रह० में है कि अगर अपने ग़ुलाम से कहा **अनता हुर्रतह व अनता**:(सर्वनाम स्त्री संबोधन का है और हुर्रह स्त्रीलिंग विशेषण है। **ज़मीर =** सर्वनाम, वह कथन है जो व्यक्ति या चीज़ के नाम की जगह प्रयोग किया जाए। **मुज़क्कर =** पुर्ल्लिंग न्यायिक - **मोअन्नस =** स्त्रीलिंग सीग़ा मोअन्नस से मतलब है कि इस वाक्य के इस शब्द से स्त्रीलिंग/महिला की ओर बात हो रही है) या बांदी से कहा कि अनता हुर्रतह (अनता/तू सर्वनाम पुरूष संबोधन है और हुर सीग़ा मुज़क्कर यानी वाक्य में महिलाओं व पुरूषों दानों की ओर संकेत है) तो वर्णिनत ग़ुलाम या बांदी आज़ाद हो जायगें। यह मुहीत व फ़तावा कुबरा में है और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि अल ईताक़ अलइका यानी तुझ पर आज़ादी लागू हुई तो वह आज़ाद हो जायगा। यह फ़तावा कुबरा में है ! और कहा कि तेरा आज़ाद करना मुझ पर वाजिब है तो आज़ाद ना होगा, यह फ़तावा कुबरा में है ! और अगर कहा कि अनता इतक़ यानी तू आज़ाद है तो आज़ाद हो जायगा भले ही नियत/इरादा ना किया हो। यह मुहीतुल सुरखी में है !

अगर ग़ुलाम से कहा कि अनता हुर्र व ला यानी तू आज़ाद है या नहीं है तो सभी की सहमति से राय है कि आज़ाद नहीं होगा। यह सिराजुल वहाज में है। और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि ''ऐ फ़लाँ तुम मुक्त हो और फ़लाँ के शब्द से मतलब अपना दूसरा ग़ुलाम लिया और इन बातों से उसका मतलब यह है कि तू फ़लाँ वर्णिनत से पहले मेरी मिलकियत में है यानी मुक्ती से पुराने होने का अर्थ मुराद लिया तो न्यायिक आदेश में इस कथन की जाँच न होगी बल्कि वर्णिनत ग़ुलाम आज़ाद होजायगा लेकिन अल्लाह सर्वशक्तिमान के वास्ते अगर उसका यही

(1) जैसा कि मुहावरे में बोलते हैं क्या यह आज़ाद नहीं है यानी है। और नियत का हाल अल्लाह जानता है!

थी तो सच्चा होगा और अगर कहा कि "अन्ता इअतक़ मिन हाज़ा फ़ी मिल्की औ क़ाला फिल सिन" लेने तो मेरी मिल्क में बा निस्बत इस ग़ुलाम के पुराना है या सिन में इस से पुराना है तो किसी तरह आज़ाद न होगा और इसी तरह अगर कहा कि तू अतीक़ुल सिन है (पुरानी उम्र में है) तो भी यही हुक्म है यह मुहीत में है और अगर कहा कि अन्ता हुर्र (तू हुर्र है) यानी हुस्न में यक्ता है तो क़ज़ाअन इस के क़ौल की तसदीक़ न होगी और अगर कहा कि अन्ता अतीक़ (तू आज़ाद है) और दअवा किया कि मेरी मुराद यह थी कि मेरी मिल्क में पुराना है तो क़ज़ाअन तसदीक़ न होगी और अगर एक शख़्स ने ग़ुलाम से कहा कि तुझे(1)अल्लाह तआला ने आज़ाद किया तो वो आज़ाद हो जायेगा अगरचे इस ने आज़ादी की नियत न की हो और यही मुख़्तार में है यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है। और अगर कहा तू हुर्रूल सिन है या हुर्रूल हुस्न है या जमाल व हुस्न में हुर्रूल वजह (चेहरा) है तो वो आज़ाद न होगा और अगर कहा कि तू अपने अखलाक़ में हर्रूल नफ़्स है तो आज़ाद न होगा यह मुहीतुल सुरख़ी में है।

अजनास में मज़कूर है कि अगर ग़ुलाम से कहा कि ऐ हुर्रूल नफ़्स तो क़ज़ाअन आज़ाद हो जायेगा यह ग़ायतुल बयान में है मुन्तक़ी में है कि एक शख़्स का ग़ुलाम है जिस पर क़िसास लाज़िम आने की वजह से मौला को इस का ख़ून हलाल हो गया है पस मौला ने इस से कहा कि मैंने तुझे आज़ाद किया फिर दअवा किया कि मेरी मुराद यह थी कि मैंने तुझे ख़ून के मवाख़्ज़ा से आज़ाद किया तो हुक्म क़ज़ा में यह कलाम रिक़्क़ियत से आज़ाद करने पर महमूल होगा (यानी आज़ाद हो जायेगा) और बावजूद इस के इस पर अफ़्फ़ू करना भी लाज़िम होगा क्योंकि इस ने इक़रार किया है इस लिए कि यह इस की नियत थी और अगर यह न कहा हो कि मैंने क़त्ल से आज़ाद करने की नियत की थी तो उफ़्फ़ू करना इस पर लाज़िम न होगा और अगर कहा कि मैंने ख़ून के

(1) क़ालल मुतरजम क़ौला ईतक़कुल्लाहु तआला जब दुआ के मौक़े पर हो तो इन्शा इतक नहीं है और इखतलाफ से इसी तरफ इशारा है।

मतलब था तो सच्चा होगा और अगर कहा कि "लेने को तू मेरी मिल्कियत में उस ग़ुलाम की तुलना में पुराना है उम्र अथवा सूझबूझ में," तो किसी तरह आज़ाद न होगा। और इसी तरह कहा कि तू वर्णिन में पुराना है तो भी यही हुक्म है यह मुहीत में है। और अगर कहा कि अनता हूर्र/तू आज़ाद है यानी हुस्न सुन्दरता में बे मिसाल है तो न्यायिक जाँच न होगी और अगर एक व्यक्ति ने ग़ुलाम से कहा कि तुझे(1)अल्लाह तआला ने आज़ाद किया तो वह आज़ाद हो जायगा भले ही उसने आज़ाद करने की नियत की हो या ना की हो। यही मुख़्तार में है और फ़तावा क़ाज़ी खान में है। और कहा तू हुरुल सिन है यानी सुन्दरता में हुर्रुल वजह/चहरे से सुन्दर है तो वह आज़ाद ना होगा और अगर कहा कि तू अपने अख़लाक़ /सदव्यहार में अच्छा हुर्रुल नफ़्स है तो आज़ाद न होगा। यह मुहीतुल सुरखी में है !

अजनास में वर्णित है कि अगर ग़ुलाम से कहा कि ऐ हुरुल नफ़्स (ऐ आज़ाद अस्तित्व) तो क़ानूनन आज़ाद हो जायगा। यह ग़ायतुल में है। मुन्तक़ा में है कि एक व्यक्ति का ग़ुलाम है जिस पर क़िसास (प्रतिहिंसा/ख़ून का बदला) जरूरी देने के कारण मालिक को उसका ख़ून हलाल हो गया है बस मालिक ने उससे कहा मैंने तुझे आज़ाद किया फिर दावा किया कि मेरा मतलब यह था कि मैंने तुझे ख़ून के बदले से आज़ाद किया यानी ख़ून माफ़ किया तो न्यायिक आदेश में यह कलामे रिक़्क़ियत /कृपा वाणी/तरस खाकर आज़ाद करना माना जायगा (यानी आज़ाद हो जायगा) और बावजूद इसके इसका क्षमा करना भी उस पर जरूरी होगा क्योंकि उसने स्वीकार क्या है इसलिए कि यह उसकी नियत थी और अगर यह ना कहा हो कि मैंने क़त्ल से आज़ाद करने की नियत की

(1) अनुवादक के कथनानुसार कथन ईतक़कुल्लाह तआला जब दुआ के मौक़े पर हो तो आज़ादी चाहना नहीं है लेकिन मतभेदों से उसी ओर संकेत है।

क़िसास से इस को ख़ालिसतन लिवजहिल्लाह तआला आज़ाद किया है तो जो इस ने कहा है इसी पर महमूल किया जायेगा यह मुहीत में है एक शख़्स ने अपने ग़ुलाम से कहा कि तेरा नसब हुर्र है या कहा कि तेरी असल हुर्र है पस अगर यह मालूम हो कि वो कसबी (जिहाद का गिरफ़तार शुदह) है तो आज़ाद न होगा और अगर यह मालूम (२) न हो कि वो गिरफ़तार शुदह है तो आज़ाद हो जायेगा और अगर कहा कि तेरे माँ व बाप आज़ाद हैं तो आज़ाद न होगा इस वास्ते कि अहतमाल है कि वो दोनों इस की पैदाइश के बाद आज़ाद किये गये हों। एक शख़्स का एक ग़ुलाम है और उस ग़ुलाम का एक बेटा है पस मौला ने कहा कि तेरा बेटा आज़ाद है तो बेटा आज़ाद है और बाप आज़ाद न होगा और अगर कहा कि तेरा बेटा आज़ाद का बेटा है तो बाप आज़ाद होगा और बेटा आज़ाद न होगा यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है।

अरबियत से "मख़सूस" मसाइल का बयानः

क़ालुल मुतरज्जिम अब ऐसे मसाइल का बयान होता है जो एक गोना अरबियत से मुताल्लिक़ हैं पस इन को असल ज़बान अरबी के साथ मलहूज़ रखना चाहिए क़ाल और अगर इतक़ को ऐसे जुज़्व बदन की तरफ़ मज़ाफ़ किया जिस से तमाम बदन से तअबीर की जाती है मसलन कहा कि तेरा सर या तेरी गर्दन या तेरी ज़बान आज़ाद है तो आज़ाद हो जायेगा और अगर ऐसे जुज्व व बदन की तरफ़ मज़ाफ़ किया जिस से तमाम बदन से तअबीर नहीं की जाती है तो आज़ाद न होगा यह मुहीत सरखसी में है क़ालल मुतरजम फ़ुर्ज अरब की ज़बान में वो जिस्म कि जिस को शर्मगाह ख़्वाह मर्द का हो या औरत का हो और ज़कर ख़ास मर्द का आला -ए-तनासुल और क़ब्ल ख़ास औरत का जिस्म अगला पस अब सुनना चाहिए कि किताब में फ़रमाया कि अगर बान्दी या ग़ुलाम से कहा कि तेरी फ़ुर्ज आज़ाद है तो वो आज़ाद हो

(२) अक़्ल ज़ाहिर लिवजही यह है कि क़फ़्फ़ार दारूल हरब में सब रक़ीक हैं अगरचे ममलूक मक़बूज न हों बकज़ा क़ालू फ़ाफ़हम।

थी तो क्षमा करना उस पर ज़रूरी न होगा और अगर कहा कि मैंने ख़ून के बदले से उसको विशेष कर अल्लाह के कारण आज़ाद किया है तो जो उसने कहा वही माना जायगा। यह मुहीत में है! एक व्यक्ति ने अपने ग़ुलाम से कहा कि तेरा वंश/कुल आज़ादी है या कहा तेरी असल आज़ादी है बस अगर यह मालूम हो कि वह कसबी (जहाद में बंदी किया हुआ) है तो आज़ाद न होगा अगर मालूम(२) ना हो कि बंदी है तो आज़ाद हो जायेगा और अगर कहा कि तेरे माता पिता आज़ाद हैं तो आज़ाद न होगा इस लिए कि संभावना है कि वह दोनों उसके जन्म के बाद आज़ाद किये गए हों। एक व्यक्ति का एक ग़ुलाम है और उस ग़ुलाम का एक बेटा है बस मालिक ने कहा कि तेरा बेटा आज़ाद है तो बेटा आज़ाद है तो बाप आज़ाद ना होगा और कहा कि तेरा बेटा आज़ाद का बेटा है तो बाप आज़ाद होगा और बेटा आज़ाद ना होगा यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है !

अरबीयत से " विशेष " समस्यायों का वर्णन

अनुवादक के कथनानुसार अब ऐसी समस्यायों का वर्णन होता है जो एक कहावत अरबीयत से संबधित हैं बस उन को असल भाषा अरबी के साथ सम्बंधित रखना चाहिए, कथन और मुक्ति को जैसे शरीर के भाग की ओर इशारा किया या इसके अलावा जिससे पूरे शरीर की व्याख्या की जाती है मिसाल के तौर पर कहा तेरा सर या तेरी गर्दन या तेरी ज़ुबान मुक्त है तो मुक्त हो जायगा। और अगर ऐसे भाग की ओर इशारा किया जिस से पूरे शरीर की व्याख्या नहीं की जाती हो तो मुक्त ना होगा। यह मुहीतुल सुरखी में है। अनुवादक के कथन अनुसार फ़ुरूज/योनि अरबी भाषा में शरीर का वह भाग जिसको गुप्त अंग मर्द का हो या औरत का हो विशेषकर वर्णित मर्द का लिंग और विशेष से पहले औरत का अगला

(२) स्पष्ट कारण यह है कि कफ़्फ़ार दारुल हरब (वह देश जहाँ मुस्लिम शासन न हो और मुसलमानो को अपने धर्मानुसार कार्य करने की अनुमति नहीं होती) में सब ग़ुलाम है भले ही वह किसी की मिलकियत में या क़बज़े में न हों इस प्रकार कह दिया 'समझो'

जायेगा बखिलाफ़ लफ़्ज़ ज़कर के और यह ज़ाहिर उल रिवाया का हुक्म है और अगर बान्दी से कहा कि तेरी फ़ुर्ज जिमाअ से आज़ाद है तो इमाम अबू यूसुफ़ रह० से मरवी है कि क़ज़ाअन आज़ाद हो जायेगी यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है और दुबुर (1) (यानी जमाअ किये जाने से) या अस्ब की तरफ़ अगर मज़ाफ़ किया तो असह यह है कि आज़ाद हो जायेगा कज़ा फ़िल नहर उल फ़ाइक़ और बाज़ ने फ़रमाया यह आज़ाद न होगा और यही असह है और अगर कहा कि तेरी इतक़ (गर्दन) आज़ाद है तो बाज़ ने फ़रमाया कि जैसे रक़बा से आज़ाद होता है इसी तरह इतक़ कहने से भी आज़ाद होगा और बाज़ ने फ़रमाया कि इतक़ अगरचे बदन बमअनी गर्दन है लेकिन आज़ाद न होगा इस वास्ते कि रक़बा बोल कर तमाम बदन की तअबीर करना मुस्तअमल है और इतक़ से तमाम बदन की तअबीर का इस्तेमाल नहीं है जैसे दुबुर का ऐसा इस्तेमाल नहीं है यह मुहीत सुरखी में है और अगर कहा कि तेरा सर आज़ाद है या तेरा मुंह आज़ाद है या तेरा बदन आज़ाद का बदन है तो वो आज़ाद न होगा इसी तरह अगर कहा कि तेरो सर मिस्ल आज़ाद के सर के है या तेरा मुंह मिस्ल आज़ाद के मुंह के है या तेरा बदन मिस्ल आज़ाद के बदन के है तो आज़ाद न होगा और अगर यूं कहा कि तेरा सर आज़ाद है या तेरा चेहरा आज़ाद चेहरा है या तेरा बदन आज़ाद बदन है तो आज़ाद हो जायेगा इसी तरह अगर कहा कि तेरी फुरूज आज़ाद फ़ुर्ज है तो बान्दी आज़ाद हो जायेगी कज़ा फ़िल सिराजुल वहाज क़ुलतु और अगर ग़ुलाम से कहा तो वो भी आज़ाद होगा फ़ताम्मुल फ़िया और अगर कहा कि तू मिस्ल आज़ाद के है तो बदूने नियत के आज़ाद न होगा यह मज्मा व काफ़ी में है और अगर कहा कि अहले बल्ख के ग़ुलाम आज़ाद हैं या कहा कि अहले बग़दाद के ग़ुलाम आज़ाद हैं मगर इस ने अपने ग़ुलामों की नियत न की हालांकि वो भी बग़दाद का रहने वाला है या कहा

(1) क़ाल दुबुर पाखाना का मक़ाम और असत मक़अद चूतडों कोन सब और, कभी फ़क़त चूतड मुराद होते हैं और कभी कौन फ़क़त।

शरीर बस अब सुनना चाहिए किताब में कहा कि अगर बांदी या ग़ुलाम से कहा, कि तेरी फ़ुरूज/योनि आज़ाद है तो वह आज़ाद हो जायगा वर्णित शब्द के विपरीत यह ज़ाहिरुल रिवाया का आदेश है, और अगर बांदी से कहा कि तेरी योनि संभोग करने से आज़ाद है तो इमाम अबु युसुफ़ से कहावत है कि क़ानूनन आज़ाद हो जायेगी यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है और दुबुर/गांड (1)(यानी संभोग किये जाने से) या चूतड़ों की ओर इशारा किया तो सहीह यानी सच यह है कि आज़ाद हो जायेगा। कज़ा फ़ी नहरुल फ़ाइक़ (साफ़ नदी की तरह) और कुछ ने कहा है कि यह आज़ाद न होगा और यही सहीह/ परंपरा है। और अगर कहा तेरी इतक़ (गर्दन) आज़ाद है तो कुछ ने कहा कि जैसे रूक़बा (गर्दन आज़ाद) कहने से मुक्त होता है उसी तरह इतक़/आज़ाद कहने से भी मुक्त होगा। और कुछ ने फ़रमाया कि इतक़/आज़ादी अगरचे शरीर अर्थात गर्दन है लेकिन आज़ाद न होगा इस वास्ते कि रूक़बा बोलकर पूरे शरीर का वर्णन करना उपयोगी है और इतक़ से पूरे शरीर की व्यख्या का प्रयोग नहीं है जैसे दुबुर/गांड का ऐसा प्रयोग नहीं है। यह मुहीतुल सुरखी में है। और कहा कि तेरा सर आज़ाद है या तेरा मुँह आज़ाद का मुँह है या तेरा शरीर आज़ाद का शरीर है तो आज़ाद ना होगा, इसी तरह अगर कहा कि तेरा सर आज़ाद के सर के जैसा आज़ाद है या तेरा मुँह आज़ाद के मुँह जैसा आज़ाद है या तेरा शरीर आज़ाद के शरीर जैसा आज़ाद है तो आज़ाद ना होगा, और अगर यूँ कहा कि तेरा सर आज़ाद है या तेरा चहरा आज़ाद चहरा है या तेरा शरीर आज़ाद शरीर है तो आज़ाद हो जायेगा। इसी तरह कहा कि तेरी फ़ुरूज/योनि आज़ाद योनि है तो बांदी आज़ाद हो जायेगी। यह बात सिराजुल वहाज में है क़ुलतू/मेरी राय में अगर ग़ुलाम से कहा तो वह भी आज़ाद होगा, फ़तामल फ़ीह/तो इस ग़ौर करो और अगर कहा कि तू आज़ाद के जैसा है तो क्योंकि नियत नहीं है इसलिए

(1) कहावत दुबुर गांड यानी टट्टी करने वाली जगह और अस्त चूतड़ व गांड औ कभी केवल चूतड़ मतलब होता है और कभी योनि/चूत या गांड केवल।

कि अहले बग़दाद का हर ग़ुलाम आज़ाद है या कहा कि हर ग़ुलाम (1) जो ज़मीन पर है या हर ग़ुलाम जो दुनिया में है आज़ाद है तो इमाम अबू यूसुफ़ रह० ने फ़रमाया कि इस के ग़ुलाम आज़ाद न होंगे और इमाम मुहम्मद रह० ने फ़रमाया कि आज़ाद हो जाऐंगे मगर फ़तवा इमाम अबू यूसुफ़ रह० के क़ौल पर है और अगर ऐसी सूरत में यूं कहा कि हर ग़ुलाम जो इस को चह में है आज़ाद है हालांकि इस का ग़ुलाम भी इस कूचे में है या कहा कि हर ग़ुलाम जो जामअ मस्जिद में है तो इस में भी ऐसा ही इख़्तलाफ़ है और अगर कहा कि हर ग़ुलाम जो इस दार में है आज़ाद है हालांकि इस के ग़ुलाम भी इस दार में हैं तो बिल इत्तफ़ाक़ इस के ग़ुलाम आज़ाद हो जाऐंगे और कहा कि हज़रत आदम अलैहिस्सलाम की औलाद सब आज़ाद हैं तो बिल इत्तफ़ाक़ इस के ग़ुलाम आज़ाद न होंगे यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है।

अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि तू नहीं है मगर आज़ाद तो वो आज़ाद हो जायेगा यह हिदाया में है और अगर एक आज़ाद औरत से कहा कि तू ऐसी ही आज़ाद है और ऐसे किसी लफ़्ज़ से अपनी बान्दी की तरफ़ इशारा किया और मुराद लिया तो इस की बान्दी आज़ाद हो जायेगी और अगर इस ने फिर दअवा किया कि मेरी मुराद इताक़ न थी तो क़ज़ाअन इस के क़ौल की तसदीक़ न होगी और अगर अपनी बान्दी से कहा कि तू आज़ाद है जैसे यह औरत हालांकि यह औरत किसी दूसरे शख़्स की बान्दी है तो इस की बान्दी आज़ाद हो जायेगी। यह जामअ उल जवामअ से तातारखानिया में नक़ल है और अगर अपनी बान्दी से कहा तू ऐसी है जैसी यह औरत हालांकि यह औरत एक आज़ाद औरत है तो इस की बान्दी आज़ाद न होगी इल्ला जब कि इस इतक़ की नियत की हो और इसी तरह अगर किसी आज़ाद औरत से कहा कि तू ऐसी है जैसी यह औरत और यह औरत

(1)अक़वाल यह इख़तलाफ उसूल में मअरूफ़ है इसी वास्ते मैंने कुल का तर्जुमा सब नहीं किया ताकि इख़तलाफ़े उसूल जारी रहे फ़ाफहम

आज़ाद ना होगा यह मजमआ व काफ़ी में है। और अगर कहा कि बल्ख़ वालों के ग़ुलाम आज़ाद हैं या कहा कि बग़दाद वालों का हर ग़ुलाम आज़ाद हैं या कहा कि हर ग़ुलाम जो ज़मीन पर है या हर ग़ुलाम जो(1)ज़मीन पर है हर ग़ुलाम जो संसार में है आज़ाद है तो इमाम अबू यूसुफ़ ने फ़रमाया कि उसके ग़ुलाम आज़ाद ना होंगे, और इमाम मुहम्मद ने कहा कि आज़ाद हो जायेंगे, मगर फ़तवा इमाम अबू यूसुफ़ के कथन पर है, और अगर ऐसी सूरत में यूं कहा कि हर ग़ुलाम जो इस कूचे में है आज़ाद है हालांकि उसका ग़ुलाम भी उस कूचे में है या कहा कि हर ग़ुलाम जो जामा मस्जिद में है तो इसमें भी ऐसा ही मतभेद है और अगर कहा कि हर ग़ुलाम जो इस क्षेत्र में हैं आज़ाद है हालोकि उसके ग़ुलाम भी इसी क्षेत्र में हैं तो सर्व सम्मति से उसके ग़ुलाम आज़ाद हो जायेंगे, और अगर कहा कि हज़रत आदम अ० की सब औलाद आज़ाद हैं तो सर्वसम्मित है कि उसके ग़ुलाम आज़ाद ना होंगे, यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है।

अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि तू नहीं है मगर आज़ाद, तो वह आज़ाद हो जाएगा यह हिदाया में है और अगर एक आज़ाद औरत से कहा कि तू ऐसी ही आज़ाद है और ऐसे किसी शब्द से अपनी बांदी की ओर इशारा किया और मतलब लिया तो उसकी बांदी आज़ाद हो जायगी, और अगर उसने फिर दावा किया कि मेरा मतलब आज़ाद न थी तो उसके कथन की न्यायिक जाँच ना होगी, और अगर अपनी बांदी से कहा तू आज़ाद है जैसे यह औरत हालांकि यह औरत किसी दूसरे व्यक्ति की बांदी है तो उसकी बांदी आज़ाद हो जायेगी, यह जामेअ अलजवामेअ से तातार खानिया में नक़ल है, और अगर अपनी बांदी से कहा तू ऐसी है जैसी यह औरत, हालांकि यह औरत एक आज़ाद औरत है तो उसकी बांदी आज़ाद ना होगी नहीं जबकि इस की आज़ादी की नियत की हो और इसी तरह किसी आज़ाद औरत से कहा कि तू ऐसी है जैसी यह औरत, और यह औरत उसकी बांदी

(1) कथनों में यह नियमों में मतभेद प्रसिद्ध है इसी कारण मैंने कुल/संपूर्ण का अनुवाद सब नहीं किया ताकि मतभेदी नियम जारी रहे।

इस की बान्दी है तो इस की बान्दी आज़ाद न हो जायेगी इल्ला यह इस सूरत में कि इस के इतक़ की नियत की हो यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है। इमाम अबू यूसुफ़ रह० ने फ़रमाया कि अगर एक शख़्स ने अपने ममलूक के सिले हुए कपड़े को कहा कि यह आज़ाद की सिलाई है या ममलूक के चौपाए को कहा कि यह आज़ाद का चौपाया है या ममलूक की चाल को कहा कि यह आज़ाद की चाल है या ममलूक की बातों को कहा कि यह आज़ाद की बातें हैं तो बदें नियत के आज़ाद न होगा यह मुहीत सुरखी में है। क़ालल मुतरजम हमारी ज़बान में क़ौलहू यह आज़ाद का चौपाया है आज़ाद होना अज़हर ही फ़ाफ़हम एक शख़्स ने कहा कि आज़ाद है पस इस से पूछा गया कि तेरी क्या मुराद थी इस ने कहा कि मेरा ग़ुलाम तो इस का ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है।

मुलहिक़ बसरीह अल्फ़ाज़ का बयानः

मालिक ने कहा कि मैंने तेरा नफ़्स तेरे वास्ते हिबा किया या तेरा नफ़्स तुझे हिबा किया या तेरे नफ़्स को तेरे हाथ फ़रोख़्त किया तो ममलूक इस कलाम से आज़ाद हो जायेगा ख़्वाह ग़ुलाम स्वीकार करे या न करे ख़्वाह मौला ने नियत की हो या न की हो यह हावी क़ुदसी में है और इसी तरह अगर कहा कि मैंने तेरी गर्दन तेरे वास्ते हिबा कर दी पस ग़ुलाम ने कहा कि मैं नहीं चाहता हूं तो आज़ाद हो जायेगा कज़ाफ़ी अल मुहीत और यही असह है। यह अबुल कलाम की शरह नक़ाया में है और अगर ग़ुलाम से कहा कि मैंने तेरा नफ़्स तेरे हाथ इतने को बेचा तो यह ग़ुलाम के स्वीकार (1) पर मौक़ूफ़ होगा यह फ़तहुल क़दीर में है और अगर कहा कि मैंने तेरा नफ़्स तुझे सदक़ा दे दिया तो आज़ाद हो जायेगा ख़्वाह इतक़ की नियत हो या न हो ख़्वाह ग़ुलाम ने क़बूल किया या न किया हो और अगर कहा कि मैंने तेरा इतक़ तुझे हिबा किया और दअवा किया कि मेरी मुराद इतक़ से ऐराज़ थी तो इमाम आज़म रह० से दो रिवायतें हैं चुनांचे एक रिवायत में यह है कि वो आज़ाद न होगा

(1) क़ालल मुतरजम पस अगर ग़ुलाम ने क़बूल किया तो फ़िलहाल आज़ाद हो जायेगा और मुआवज़ा इस पर कर्ज़ा होगा।

है तो उसकी बांदी आज़ाद ना हो जायेगी, नहीं इस सूरत में कि उसके आज़ादी की नियत की हो, यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में हैं। इमाम अबू यूसुफ़ ने फ़रमाया कि अगर एक व्यक्ति ने अपने ग़ुलाम के सिले हुए कपड़े को कहा कि यह आज़ाद की सिलाई है या ग़ुलाम के चौपाए को कि यह आज़ाद का चौपाया है या ग़ुलाम की चाल को कहा कि यह आज़ाद की चाल है या ग़ुलाम की बातों को कहा यह आज़ाद की बातें हैं तो नियत की वजह से आज़ाद ना होगा। यह मुहीतुल सुरख़ी में है। अनुवादक के अनुसार हमारी भाषा में कथन यह आज़ाद का चौपाया है, आज़ाद होना मेरी समझ में यह है एक व्यक्ति ने कहा आज़ाद है बस उससे पूछा कहा गया कि तेरा क्या मतलब था उसने कहा कि मेरा ग़ुलाम, तो उसका ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा। यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है !

स्पष्ट रूप से सलंग्न शब्दों के बारे में :

मालिक ने कहा कि मैंने तेरा नफ़्स/अस्तित्व तुझे तोहफ़ा किया या तेरे अस्तित्व को तेरे हाथ बेचा/क्रय किया, तो ग़ुलाम इन शब्दों के कहने से आज़ाद हो जाएगा भले ही ग़ुलाम उसे स्वीकार करे या ना करे भले मालिक ने इरादा/नियत की हो या ना की हो। यह हावी क़ुदसी में है। और इसी तरह अगर कहा कि मैंने तेरी गर्दन तेरे वास्ते तुझे उपहार में दी बस ग़ुलाम ने कहा मैं नहीं चाहता हूँ, तो वह आज़ाद हो जाएगा यह मुहीतुल सुरख़ी में है और यही असहा यानी सहीह है। यह अबुल मुकारम की शरह/व्याख्या नक़ाया में है, और अगर ग़ुलाम से कहा कि मैंने तेरी सांसें/अस्तित्व तेरे हाथ इतने को बेचा तो यह ग़ुलाम के स्वीकार करने पर (1) आधारित होगा, यह फ़तह उल क़दीर में है। और अगर कहा कि मैंने तेरा अस्तित्व तुझे सदक़ा/दान दे दिया तो आज़ाद हो जाएगा भले ही उसकी आज़ादी की नियत की हो या ना की हो चाहे ग़ुलाम ने स्वीकार किया हो या ना किया हो और अगर कहा कि मैंने तेरी ग़ुलामी तुझे तोहफ़े में दी

(1)अनुवादक के कथनानुसार बस अगर ग़ुलाम ने स्वीकार किया तो फिलहाल आज़ाद हो जायेगा मुआवज़ा/प्रतिकार उस पर ऋण होगा।

और अगर कहा कि तू मौला फ़लां का है (यानी अपना नाम न लिया) या कहा कि फ़लां अतीक़ है तो क़ज़ाअन आज़ाद हो जायेगा और अगर कहा कि तुझे फ़लां ने आज़ाद किया तो इमाम अबू यूसुफ़ रह० से रिवायत है कि वो आज़ाद न होगा यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है।

किनायाते इतक़ का बयान :

मसलन ग़ुलाम से कहा कि ''ला मिलक ली अलैयका'' यानी मेरी तुझ पर मिल्क नहीं है क़ालल मुतरज्जिम हमारी ज़बान में आज़ाद होना अज़हर है और किनाया न होगा बखिलाफ़ ज़बान अरब के, कि क़ाबू में चलता है तो भी ऐसा कहते हैं या कहा कि ''ला सबीला ली अलैयका'' मेरे वास्ते तुझ पर कोई राह नहीं है या कहा कि ''क़द ख़ुरिजत अन मुल्की'' तू मेरे मुल्क से बाहर हो गया या ख़ुलियत सबीलका मैंने तेरी राह खाली कर दी (यानी ख़ुद मुखतार कर दिया) पस अगर इस से हुरियत की नियत की तो आज़ाद हो जायेगा और अगर यह नियत न की तो आज़ाद न होगा। यह हावी क़ुदसी में है और अगर ग़ुलाम से कहा कि मेरे वास्ते तुझ पर कोई राह नहीं है सिवाऐ विलाअ (1) के तो क़ज़ाअन आज़ाद हो जायेगा और अगर इस ने दअवा किया कि मेरी मुराद इतक़ न थी तो तसदीक़ न होगी और अगर कहा कि मेरे वास्ते तुझ पर कोई राह नहीं है सिवाऐ राह मवालात के तो क़ज़ाअन इस के क़ौल की तसदीक़ होगी यह बदाऐ में है। एक शख़्स ने अपने ग़ुलाम से कहा कि मेरा रक़ तुझ पर नहीं है पस अगर इतक़ की नियत की तो आज़ाद हो जायेगा वरना नहीं यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है। एक शख़्स ने अपने ग़ुलाम से कहा कि तू अल्लाह तआला के वास्ते है तो इमाम रह० के क़ौल के मुवाफ़िक़

(1) इस वास्ते कि यह इतक के इस्तेमाल में हक़ीक़त हो गया है यही उर्फ़े मअरूफ है।

और दावा किया कि मेरा मतलब तेरी ग़ुलामी से आपत्ति था तो इमाम आज़म रह० से दो परंपरायें/रिवायतें हैं उनमें से एक रिवायत/परंपरा यह है कि वह आज़ाद न होगा, और अगर कहा कि तू फ़लाँ के अधीन है (अपना नाम ना लिया) या कहा कि फ़लाँ का पुराना है तो क़ानूनन आज़ाद हो जायेगा। और अगर कहा कि तुझे फ़लाँ ने आज़ाद किया तो इमाम अबू यूसुफ़ रह० से रिवायत है कि वह आज़ाद न होगा, यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है।

किनायात/इशारे इतक़/मुक्ति के बारे में :
(ग़ुलाम की मुक्ति के इशारों के बारे में)

जैसे कि ग़ुलाम से कहा ला मिलकी ली अल अलैइका यानी मेरा तुझ पर स्वमित्व नहीं है अनुवादक के कथन में हमारी भाषा में आज़ाद होना स्पष्ट है और इशारा ना होगा, अरबों की भाषा के विपरीत कि नियंत्रण में चलता है तो भी ऐसा कहते हैं ला सबील ली अलैइका मेरे पास तुम्हारे लिए कोई रास्ता नहीं है या कहा कि क़द ख़ुरिजत अन मुलकि/तू मेरे मिलकियत से बाहर हो गया या ख़ुलियत सबीलका/मैंने तेरा रास्ता ख़ाली करदिया (यानी तुझे स्वाधीनता प्रदान की) बस अगर उससे मुक्ति की नियत की तो मुक्त हो जायेगा और अगर नियत ना की तो मुक्त ना होगा। यह हावी क़ुदसी में है। और अगर ग़ुलाम से कहा मेरे वास्ते तुझ पर कोई राह नहीं सिवाए वला(1) के तो क़ानून आज़ाद हो जायेगा और अगर उसने दावा किया कि मेरा मतलब आज़ादी ना था तो पुष्टि नहीं होगी, और कहा कि मेरे वास्ते तुझ पर कोई राह नहीं है सिवाए राहे मुवालात/आपसी दोस्ती के, तो उसके कथन की पुष्टि होगी यह बदाए में है। एक व्यक्ति ने अपने ग़ुलाम से कहा कि मेरा रक्क़ुन/ग़ुलाम बनाना तुझ पर नहीं है बस अगर मुक्ति की नियत की तो आज़ाद हो जाएगा वरना नहीं, यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है। एक व्यक्ति ने अपने ग़ुलाम से कहा कि तू अल्लाह तआला के वास्ते है तो इमाम रह० के कथन के अनुसार आज़ाद ना होगा अगरचे मुक्ति का इरादा किया हो, यही अधिकार है

(1) इस वास्ते कियह मुक्ति के प्रयोग में हक़ीक़त हो गया है यही ज़माने में मारूफ़/प्रसिद्ध रिवाज है।

आज़ाद न होगा अगरचे इतक़ की नियत की हो और यही मुख़्तार है यह जवाहिर अखलाती में है और अगर कहा कि मैंने तुझ को ख़ालिस अल्लाह तआला के वास्ते कर दिया तो इमाम आज़म रह० से मरवी है कि वो आज़ाद न होगा अगरचे इस ने इतक़ की नियत की और साहबीन रह० से मरवी है कि वो आज़ाद न होगा यह फ़तहुल क़दीर में है।

एक शख़्स ने अपने मर्ज़ में अपने ग़ुलाम से कहा कि तू लिवजहिल्लाह तआला है तो यह बातिल है और अगर कहा कि मैंने तुझ को लिवजहिल्लाह तआला कर दिया ख़्वाह सेहत में कहा या मर्ज़ में या वसियत में और कहा कि मैंने इतक़ की नियत नहीं की या कुछ बयान न किया यहाँ तक कि मर गया तो यह ग़ुलाम फ़रोख़्त किया जायेगा और अगर इतक़ की नियत की हो तो आज़ाद होगा यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है और अगर कहा कि तू अल्लाह तआला का ग़ुलाम है तो बिला खिलाफ़ वो आज़ाद न होगा यह ग़यासिया में है और अगर अपने ग़ुलाम या बान्दी से कहा कि मैं तेरा ग़ुलाम हूं पस अगर आज़ादी की नियत की तो आज़ाद हो जायेगा यह वजीज़ करदरी में है।

इमाम अबू यूसुफ़ रह० से मरवी है कि अगर अपनी बान्दी से कहा मैं तुझे तलाक़ देता हूं और मुराद इतक़ थी तो वो आज़ाद हो जायेगी और अगर कहा कि मैंने तुझे तलाक़ दी है और मुराद इतक़ है तो हमारे नज़दीक आज़ाद न होगी। यह बदाऐ में है और अगर बान्दी से कहा कि तेरी फ़ुरूज मुझ पर हराम है और इतक़ की नियत की तो आज़ाद न होगी और अगर अपने ग़ुलाम से बतौर हिजाअ यूं कहा कि तू हुर्र है पस अगर इतक़ की नियत हो तो आज़ाद होगा वरना नहीं। और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि "ला सुल्तान ली अलैयक" यानी मुझे तुझ पर ग़लबा हासिल नहीं है या कहा कि जहां चाहे चला जाया कहा कि जिधर जी चाहे तवज्जो कर तो वो आज़ाद न होगा अगरचे नियत की हो और अगर अपनी बान्दी सें कहा कि तू तालिक़ा है या तू बाईना है या तू मुझ पर बाईना होगई या मैंने तुझे हराम किया या तो खालिया है या बरिया है या कहा कि तू ग्रहण कर पस

यह जवाहरूल अख़लाती में है। और अगर कहा कि मैंने तुझ को केवल अल्लाह के वास्ते कर दिया तो इमाम आज़म से वर्णित है कि वह आज़ाद ना होगा अगरचे उसने मुक्ति की नियत की और दूसरे सज्जनों से वर्णित है कि वह आज़ाद होगा। यह फ़तहुल क़दीर में है !

एक व्यक्ति ने अपने बीमार होने के समय में अपने ग़ुलाम से कहा कि तू अल्लाह के लिए है तो यह झूठ है और अगर कहा कि मैंने तुझको अल्लाह के लिए आज़ाद कर दिया भले ही स्वथ्य रहते कहा हो या बीमारी में या वसीयत में और अगर मुक्ति की नियत नहीं की या कुछ नहीं किया यहाँ तक कि मर गया तो यह ग़ुलाम बेचा जाएगा और अगर मुक्ति की नियत की हो तो आज़ाद होगा यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है। और अगर कहा कि तू अल्लाह का ग़ुलाम है तो बिना अपवाद के वह आज़ाद ना होगा यह ग़यासिया में है। और अगर अपने ग़ुलाम या बांदी से कहा कि मैं तेरा ग़ुलाम हूँ बस अगर आज़ादी की नियत की तो आज़ाद हो जाएगा। यह वजीज़ करदरी में है !

इमाम अबू यूसुफ़ से परंपरागत है कि अगर अपनी बांदी से कहा मैं तुझे तलाक़ देता हूँ और मतलब मुक्ति था तो वह मुक्त हो जाएगी और अगर कहा कि मैंने तुझे तलाक़ दी है और मतलब मुक्ति है तो हमारे निकट आज़ाद ना होगी। यह बदाए में है और अगर बांदी से कहा कि तेरी फ़ुरूज/योनि मुझ पर हराम है और मुक्ति की नियत की तो मुक्त ना होगी और अगर अपने ग़ुलाम से यूंही कहा कि तू आज़ाद है बस अगर मुक्ति की नियत हो तो आज़ाद होगा वरना नहीं और अपने ग़ुलाम से कहा कि ला सुलतान ली अलैइका यानी मुझे तुझ पर कुछ अधिकार प्राप्त नहीं है या कहा कि तू जहाँ चाहे चला जा या कहा जिधर जी चाहे ध्यान कर तो वह आज़ाद ना होगा अगर चे नियत की हो, और अगर अपनी बांदी से कहा तू तलाक़ शुदा है या बाईना (ऐसी तलाक़ जिसके बाद साथ ना रह सकें) है या मुझसे बाइना हो गई या मैंने तुझे हराम किया या तू ख़लिया/विवाह-

बान्दी ने कहा मैंने ग्रहण किया या कहा कि तू निकल या इसतबरा कर पस इस ने ऐसा ही किया तो हमारे नज़दीक आज़ाद न होगी अगरचे मालिक ने इतक़ की नियत की हो और इसी तरह अगर कहा कि तू मेरी बान्दी नहीं है या कहा कि मेरा तुझ पर कोई हक़ नहीं है तो आज़ाद न होगी अगरचे इतक़ की नियत की हो यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है और तलाक़ का लफ़्ज़ ख़्वाह सरीह लफ़्ज़ हो या बकिनाया हो बान्दी आज़ाद न होगी अगरचे इतक़ की नियत करे या मुहीतुल सुरख़ी में है और अगर ग़ुलाम से कहा कि तेरा काम तेरे हाथ में है या कहा कि तू इख़्तयार कर तो नियत (मौला की) पर मरक़ूफ़ है और "कज़ा फ़िल नुस्खतुल हाज़िरा" अगर ग़ुलाम से कहा कि तेरा अम्र आज़ादी तेरे हाथ में है या कहा कि मैंने तेरा इतक़ तेरे हाथ में कर दिया या कहा कि तू इतक़ को ऐतबार कर या कहा कि मैंने इतक़ के मुक़दमे में तुझे इख़्तयार दिया या तेरे इतक़ में तुझे मुख़्तार किया तो इस सब में नियत की कुछ हाजत नहीं है इस वास्ते कि यह सरीह है लेकिन यह ज़रूर है कि ग़ुलाम इतक़ इख़्तयार करे मगर यह इख़्तयार मौला की तरफ़ से इसी मज्लिस तक के वास्ते होगा कि अगर ग़ुलाम ने इसी मज्लिस में इतक़ इख़्तयार किया तो आज़ाद होगा वरना नहीं यह बदाऐ में है।

एक मर्द के पास एक बान्दी इस की मिल्क में है पस इस की बीवी ने इस बान्दी के मआमले में शौहर को कुछ मलामत की पस शौहर ने बीवी से कहा कि इस के काम का इख़्तयार तेरे हाथ में है पस बीवी ने इस को आज़ाद कर दिया पस अगर शौहर ने इस कलाम से इस के इतक़ के काम में नियत की हो तो बान्दी मज़कूरा आज़ाद हो जायेगी वरना नहीं इस वास्ते यह इख़्तयार मआमला बैअ के वास्ते होगा यानी बैअ कर दे लेकिन अगर इस तरह कहा कि इस बान्दी के हक़ में जो तू करे वो जाइज़ है तो यह आज़ाद करने वग़ैरह सब के वास्ते होगा यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है और अगर अपनी बान्दी से कहा कि तू अपने नफ़्स को आज़ाद कर दे पस बान्दी ने कहा कि मैंने अपने नफ़्स को इख़्तियार किया

विच्छिन्ना यानी मैंने तलाक़ दी या बरिय्या/ईश्वरीय रचना है या कहा कि तू ग्रहण कर बस बांदी ने कहा मैंने ग्रहण किया या कहा तू निकल या इसतबरा/इलाज कर बस उसने ऐसा ही किया तो हमारे निकट आज़ाद ना होगी अगरचे मालिक ने मुक्ति की नियत की हो, और इसी तरह कहा कि तू मेरी बांदी नहीं है या कहा कि मेरा तुझ पर कोई अधिकार नहीं है तो आज़ाद ना होगी अगरचे मुक्ति की नियत की हो। यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है! और तलाक़ का शब्द भले सीधे शब्द हों या इशारे में हों बांदी आज़ाद न होगी अगरचे मुक्ति की नियत करे। यह मुहीतुल सुरखी में है! और अगर ग़ुलाम से कहा कि तेरा काम तेरे हाथ में है या कहा कि तू ग्रहण कर, तो (मालिक की) नियत पर निर्भर है यह नुसख़तुल हाज़िरा में है। और अगर ग़ुलाम से कहा तेरा आज़ादी पाना तेरे हाथ में है या कहा मैंने तेरी मुक्त होना तेरे हाथ में कर दिया या कहा कि तू मुक्ति का विश्वास कर या कहा मैंने मुक्ति के मुक़दमे अधिकार तुझे दिया या तेरी मुक्ति में तुझे अधिकृत किया तो, इस सब में नियत की कोई ज़रूरत नहीं इस वास्ते कि यह सीधी बात है लेकिन यह ज़रूर है कि ग़ुलाम मुक्ति स्वीकार करे मगर यह अधिकार मालिक की ओर से उसी बैठक तक के वास्ते होगा, कि अगर ग़ुलाम ने उसी बैठक में मुक्ति स्वीकार करली तो आज़ाद होगा, वरना नहीं। यह बदाऐ में है !

एक मर्द के पास एक बांदी उसके स्वामित्व में है बस उसकी बीवी ने उस बांदी के मामले में पति को भला-बुरा कहा बस पति ने बीवी से कहा कि उसके काम का अधिकार तेरे हाथ में है बस बीवी ने उस को आज़ाद कर दिया, बस अगर पति ने इस बात में उसकी मुक्ति के कार्य की नियत की हो तो वर्णित बांदी आज़ाद हो जायेगी वरना नहीं इस वास्ते कि यह बेचने के अधिकार का मामला है, यानी बेच दे, लेकिन अगर इस तरह से कहा कि उस बांदी के हित में जो तू करे वह जाइज़ है तो यह आज़ाद करने आदि सब के वास्ते होगा यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है और अगर अपनी बांदी से कहा कि तू अपने आस्तित्व को आज़ाद कर दे। बस बांदी ने कहा कि मैंने अपने आस्तित्व को ग्रहण किया तो यह

तो यह बातिल है यह मबसूत में है और अगर ग़ुलाम से कहा कि अपने नफ़्स के मआमले में जो तू चाहे वो कर पस अगर ग़ुलाम ने मज्लिस से उठने से पहले अपने नफ़्स को आज़ाद कर दिया तो आज़ाद हो जायेगा और अगर अपने अस्तित्व को आज़ाद करने से पहले उठ खड़ा हुआ तो बाद मज्लिस से खड़े हो जाने के अपने नफ़्स को आज़ाद नहीं कर सकता है और इस को इख़्तयार होगा कि ऐसी सूरत में जिस को चाहे अपने नफ़्स को हिबा कर दे या फ़रोख़्त कर दे या सदक़ा में देदे यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है। एक शख़्स ने अपने ग़ुलाम से कहा कि तू ग़ैर ममलूक है तू इस की तरफ़ से यह इतक़ न होगा लेंकिन इस को यह इख़्तयार न होगा कि इस के मुल्क का दअवा करे और अगर वो ग़ुलाम मर गया तो बवजह विला के इस का वारिस भी नहीं हो सकता है और अगर इस के बाद ग़ुलाम मज़कूर ने कहा कि मैं इस का ममलूक हूं और इस ने ग़ुलाम के क़ौल की तसदीक़ की तो ग़ुलाम इस का ममलूक होगा यह इब्राहीम ने इमाम मुहम्मद रह० से रिवायत की है यह मुहीत में है और अगर एक शख़्स ने अपने ग़ुलाम से कहा कि यह मेरा बेटा है या बान्दी से कहा कि यह मेरी बेटी है पस अगर ममलूक मज़कूर इस के फ़रज़न्द होने की सलाहियत रखता हो यानी सुन इस का ऐसा हो कि इस मुदई का बेटा या बेटी हो सके और वो मजहूल उल नसब भी हो कि यह मालूम न हो कि यह किस का नुत्फ़ा है तो खान्दान साबित हो जायेगा और ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा ख़्वाह ग़ुलाम अजमी जलीब हो यानी ग़ैर मुल्क से लाया गया हो या वहीं की पैदाइश हो और अगर ममलूक मज़कूर इस के फ़रज़न्द होने की सलाहियत रखता हो लेकिन इस का नसब मअरूफ़ हो तो आपसी सहमति ममलूक मज़कूर आज़ाद हो जायेगा मगर निस्बत साबित न होगा इसी तरह अगर ममलूक मज़कूर इस के फ़रज़न्द होने की सलाहियत न रखता हो तो भी नसब साबित न होगा मगर इमाम आज़म रह० के क़ौल के मुवाफ़िक़ ममलूक आज़ाद हो जायेगा यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है और यही सहीह है यह ज़ाद में है।

अमान्य है यह मबसूत में है। और अगर ग़ुलाम से कहा कि अपने अस्तित्व के मामले में जो तू चाहे वो कर बस अगर ग़ुलाम ने उस बैठक से उठने से पहले अपने अस्तित्व को आज़ाद कर दिया तो आज़ाद हो जायेगा। और अगर अपने अस्तित्व को आज़ाद करने से पहले उठ खड़ा हुआ तो बैठक के बाद से खड़े हो जाने पर अपने अस्तित्व को आज़ाद नहीं कर सकता। और इसको अधिकार होगा कि ऐसी सूरत में जिसको चाहे अपने अस्तित्व को तौहफ़े में दे दे या बेच दे या सदके में दे दे ये फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है। एक व्यक्ति ने अपने ग़ुलाम से कहा कि तू ख़रीदा हुआ नहीं है, आज़ाद है तो इसकी ओर से यह मुक्त ना होगा। लेकिन उसको यह अधिकार ना होगा कि उसकी मिल्कियत का दावा करे। और अगर वो ग़ुलाम मर गया तो विला/अभिभवक के कारण उसका वारिस भी नहीं हो सकता। और अगर उसके बाद वर्णित ग़ुलाम ने कहा कि मैं इसका ज़र ख़रीद हूँ। और उस ने ग़ुलाम के कथन की पुष्टि की तो ग़ुलाम उसका ज़रखरीद होगा यह इब्राहिम ने इमाम मौहम्मद रह० से रिवायत की है यह मुहीत में है। और अगर एक व्यक्ति ने अपने ग़ुलाम से कहा कि ये मेरा बेटा है या बांदी से कहा कि यह मेरी बेटी है बस अगर वर्णित ग़ुलाम उसके बेटे होने की योग्यता रखता हो या सूझ-बूझ उसका ऐसा हो कि उस मुददई का बेटा या बेटी हो सके। और वह मजहूल उल नसब/अज्ञात कुल भी हो कि ये मालूम ना हो कि यह किसका पुत्र है तो वंश साबित हो जायेगा और ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा। भले ही ग़ुलाम अजमी जलीब हो यानि दूसरे देश से लाया गया हो या वहीं की पैदाइश हो और अगर वर्णित ज़रखरीद उसके बेटे होने की योग्यता रखता हो लेकिन उसका कुल ज्ञात हो तो आम सहमति है वर्णित ज़रखरीद आजाद हो जायेगा। मगर ख़ानदान/कुल साबित न होगा। इसी तरह अगर वर्णित ग़ुलाम उसके बेटे होने की योग्यता ना रखता हो तो भी कुल साबित न होगा। मगर इमामे आजम रह० के कथनानुसार ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है और यही सहीह है। यह ज़ाद में है।

अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि यह मेरा बाप है हालांकि इतनी बडी उम्र का आदमी ऐसे शख़्स की औलाद में नहीं हो सकता है तो इमाम आज़म रह० के नज़दीक ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा :

अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि यह मेरा बाप है या अपनी बान्दी से कहा यह मेरी माँ है और ममलूक ने तसदीक़ की तो नसब साबित होगा वरना नहीं और हमारे बाज़ मशाइख़ ने फ़रमाया कि फ़रज़न्दी के दअवा में भी बदून तसदीक़ ममलूक के नसब साबित न होगा और सही यह है कि ममलूक की तसदीक़ शर्त नहीं है यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि यह मेरा (1) बाप है हालांकि इतनी बड़ी उम्र का आदमी ऐसे शख़्स की औलाद में नहीं हो सकता है (मसलन बराबर उम्र है या मालिक बनिस्बत ग़ुलाम ज़्यादा सन रखता है) तो इमाम आज़म रह० के नज़दीक ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा और साहबीन रह० के नज़दीक न होगा यह जो हरह नेरह में है और अगर तुफ़्ल सग़ीर से कहा कि यह मेरा दादा है तो बाज़ ने फ़रमाया कि इस में भी ऐसा ही इखतलाफ़ है और बाज़ ने फ़रमाया कि बिलइजमाअ आज़ाद ना होगा। यह हिदाय में है। और अगर ग़ुलाम से कहा कि यह मेरा चचा है तो बाज़ रिवायात में मज़कूर है कि आज़ाद हो जायेगा और सही यह है कि आज़ाद न होगा यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है। और इताबिया में लिखा है कि अगर ग़ुलाम से कहा कि यह मेरा चचा है या मामूं है तो आज़ाद हो जायेगा और यही मुखतार है इन्तहा। और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि यह मेरी बेटी है या बान्दी से कहा कि यह मेरा बेटा है तो वो आज़ाद न होगा और हमारे बाज़ मशाइख़ ने फ़रमाया कि इस मसले में भी इखतलाफ़ है और बाज़ ने फ़रमाया कि नहीं बल्कि यह मसला इत्तफ़ाक़ी है कि

(1) क़ालल मुतरजम यहाँ और इस के मिसाल में बाप या बेटे के दअवा करने से मुराद यह थी कि दअवा करे नयूं कि मिस्ल रिवाज के बड़े को बाप या छोडे को बेटा कह देते हैं और वाज़ह रहे कि मालिक के दअवा करने में यह क़ैद नहीं लगाई कि मालिक अज्ञात कुल हो व हाज़ा अलज़ाहिर फ़लयतदब्बिर।

अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि ये मेरा बाप है हालांकि इतनी बड़ी उम्र का आदमी ऐसे व्यक्ति की औलाद में नहीं हो सकता है। तो इमामे आज़म रह० के निकट ग़ुलाम मुक्त हो जायेगा।

अगर ग़ुलाम से कहा कि यह मेरा बाप है या अपनी बांदी से कहा कि यह मेरी माँ है और ज़र ख़रीद ग़ुलाम ने पुष्टि की तो नसब/ख़ानदान साबित होगा वरना नहीं और हमारे कुछ विद्वानों ने कहा है कि बेटा बेटी के दावे में भी स्वंय की पुष्टि से ग़ुलाम का ख़ानदान साबित न होगा और सहीह यह है कि ग़ुलाम की पुष्टि शर्त नहीं है। यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है। और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि यह मेरा(1) बाप है हालांकि इतनी बड़ी उम्र का आदमी ऐसे व्यक्ति की औलाद में नहीं हो सकता (उदाहरणतः उम्र बराबर है या मालिक ग़ुलाम के मुकाबले में ज़्यादा सूझ-बूझ रखता है) तो इमाम आज़म रह० के निकट ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा और दूसरे विद्वानों के निकट आज़ाद ना होगा यह ज़ोहराह नीराह में है। अगर छोटे लड़के से कहा कि यह मेरा दादा है तो कुछ ने कहा है कि इसमें भी ऐसा ही मतभेद है, और कुछ ने कहा कि सर्वसम्मति है आज़ाद न होगा यह हिदाया में है। और अगर ग़ुलाम से कहा कि यह मेरा चाचा है तो कुछ परम्पराओं में वर्णित है कि आज़ाद हो जायेगा। और सही यह है कि आज़ाद न होगा यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है और इताबिया में लिखा है कि अगर ग़ुलाम से कहा यह मेरा चाचा है या मामू है तो आज़ाद हो जायेगा, यही अधिकृत है इंतहा, और अगर ग़ुलाम से कहा कि यह मेरी बेटी है या बांदी से कहा कि यह मेरा बेटा है तो आज़ाद न होगा। और हमारे कुछ विद्वानों ने कहा कि इस मामले में भी मतभेद हैं और कुछ ने कहा कि नहीं बल्कि यह मसला आकस्मिक है कि आज़ाद न होगा और यही स्पष्ट

(1) अनुवादक के कथनानुसार यहाँ और उसके उदाहरण में बाप या बेटे के दावा करने से मतलब यह था कि दावा करे ना यूं कि उदाहरण रिवाज है कि बड़े को बाप व छोटे को बेटा कह देते है और स्पष्ट रहे कि मिल्कियत का दावा करने में यह बंदिश नहीं लगाई कि मालिक मजहूल नसब/अज्ञात कुल का हो, वह किसी कुल का हो देखें ध्यान करें)

आज़ाद न होगा और यही अज़हर है यह मुहीत में है।

अगर कहा कि यह मेरा भाई है या मेरी बहन है तो ज़ाहिरूल रिवाया में आज़ाद न होगा और यही रिवायत असल है लेकिन अगर नियत हो तो आज़ाद हो जायेगा यह ग़ाया सरूजी में है। और अगर कहा कि यह मेरा पिदरी भाई है या मादरी भाई है तो आज़ाद हो जायेगा यह मुहीत में है। और अगर ग़ैर के ग़ुलाम से कहा कि यह ज़िना से मेरा बेटा है फिर इस को खरीदा तो आज़ाद हो जायेगा लेकिन नसब साबित न होगा। यह सिराज उल वहाज में है। और अगर अपनी बान्दी से कहा कि यह औरत मेरी खाला या फूफी ज़िना से है तो आज़ाद हो जायेगी और इसी तरह अगर कहा कि यह मेरा बेटा या भाई या बहन ज़िना से है तो भी आज़ाद हो जायेगा यह मुहीत सरखसी में है। और अगर कहा कि ऐ बेटे या ऐ भाई तू आज़ाद न होगा और यही सही है कज़ा फिल काफ़ी। और यही ज़ाहिर है लेकिन तोहफ़ा में मज़कूर है कि अगर नियत की हो तो आज़ाद हो जायेगा यह ग़ाया सरूजी में है और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि ऐ मेरे बेटे या बान्दी से कहा कि ऐ मेरी बेटी तो आज़ाद न हो जायेगी अगरचे इतक़ की नियत हो जैसे अगर कहा कि ऐ बेटे या ऐ बेटी तो आज़ाद नहीं होती है यानी फ़क़त ऐ बेटा या ऐ बेटी बदून अपनी तरफ़ इज़ाफ़त करने के कहा तो नहीं आज़ाद होती है अगरचे नियत इतक़ की हो यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है। नवादिर बिन रूस्तम में इमाम मुहम्मद रह० से मरवी है कि अगर ग़ुलाम से कहा कि ऐ मेरे बाप या ऐ मेरे दादा या ऐ मेरे चचा या ऐ मेरे मामूं या बान्दी से कहा कि ऐ मेरी फूफी या ऐ मेरी खाला या ऐ मेरी बहन तो इन सब सूरतों में आज़ाद न होगी और तोहफ़ा अल फ़िक़हा में इस क़द्र इबारत ज़ायद की है कि लेकिन अगर नियत की हो तो आज़ाद होगा यह नहर उल फ़ाइक़ में है।

शैख़ुल अबुल क़ासिम सफ़ार से मन्क़ूल है कि इन से दरयाफ़्त किया गया कि एक शख़्स की बान्दी चिराग़ लाकर इस के सामने खड़ी हुई पस मौला ने इस से कहा

है यह मुहीत में है।

अगर कहा कि यह मेरा भाई है या मेरी बहन है तो स्पष्ट परंपरा में यानी केवल कह देने से आज़ाद न होगा और यही असल रिवायत/परंपरा है लेकिन अगर इरादा हो तो आज़ाद हो जायेगा। यह ग़ायातुल सिरोजी में है। और अगर कहा कि यह मेरा पैतृक भाई है या माँ जाया भाई है तो मुक्त हो जायेगा यह मुहीत में है। और अगर दूसरे के ग़ुलाम से कहा कि यह बलात्कार के कारण से मेरा बेटा है फिर उसको ख़रीदा तो मुक्त हो जायेगा लेकिन नसब/कुल साबित न होगा। यह सिराजुल वहाज में है। और अगर अपनी बांदी से कहा कि यह औरत मेरी मौसी या फूफी बलात्कार के कारण से है तो आज़ाद हो जायेगी। और इसी तरह अगर कहा कि यह मेरा बेटा या भाई या बहन बलात्कार से है तो भी आज़ाद हो जायेगा। यह मुहीतुल सुर्ख़ी में है। और अगर कहा कि ऐ बेटे या ऐ भाई तो आज़ाद न होगा और यही सही है यह अलकाफ़ी में है। और यही स्पष्ट है लेकिन तौहफ़े में वर्णित है कि अगर नियत इरादा की हो तो आज़ाद हो जायेगा। यह ग़ायत सरोजी में है और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि ऐ मेरे बेटे या बांदी से कहा ऐ मेरी बेटी तो आज़ाद न होगी। अगरचे मुक्ति की नियत की हो जैसे अगर कहा कि ऐ बेटे या ऐ बेटी तो आज़ाद नहीं होती है यानि केवल ऐ बेटा या ऐ बेटी स्वंय अपनी ओर से जिज्ञासा करने को कहा तो आज़ाद नहीं होती है अगरचे मुक्ति की नियत या इरादा से कहा हो। यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है। नवादर बिन रूस्तम में इमाम मौहम्मद रह० से परम्परागत है कि अगर ग़ुलाम से कहा ऐ मेरे बाप या ऐ मेरे दादा या ऐ मेरे चाचा या ऐ मेरे मामू या बांदी से कहा कि ऐ मेरी फूफी या ऐ मेरी मौसी या ऐ मेरी बहन इन सब सूरतों में आज़ाद न होगा। और तौहफ़तुल फुक़हा में इतना ही ज़्यादा लिखा है कि, लेकिन अगर नियत/इरादा किया हो तो आज़ाद होगा। यह नेहरूल फ़ाईक़ में है।

शेख़ अबुल क़ासिम सफ़्फ़ार से वणित है कि उनसे पूछा कि एक व्यक्ति की बांदी दीपक लाकर उसके सामने ख़ड़ी हुई बस मालिक ने उससे कहा कि ऐ परी

कि ऐ परी चेहरा मैं चिराग़ ले कर क्या करूं कि तेरा चेहरा ख़ुद चिराग़ से ज़्यादा रौशन है तो ऐसी कि मैं तेरा ग़ुलाम हूं तो शैख रहमतुल्लाह ने फ़रमाया कि यह सब महरबानी के कलिमात क़रार दे जाएंगे और बान्दी आज़ाद न होगी और यह इस सूरत में है कि मौला ने इतक़ की नियत की हो और अगर नियत की तो इमाम मुहम्मद रह० से इस में दो रिवायतें हैं यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि ऐ सरदार या ऐ मेरे सरदार या अपनी बान्दी स कहा कि ऐ सरदार या ऐ मेरी सरदार पस अगर इन सूरतों में इतक़ की नियत की हो तो बिला खिलाफ़ इतक़ साबित हो जायेगा और अगर इतक़ की नियत न की हो तो इस में मशाइख ने इखतलाफ़ किया है और फ़क़ीहा अबुल्लैस के नज़दीक मुख़्तार यह है कि आज़ाद न होगा यह ज़खीरा में है। और अगर ग़ुलाम से कहा कि ऐ आज़ाद मर्द या बान्दी से कहा कि ऐ आज़ाद औरत या बान्दी से कहा ऐ मेरी कदबानो या ऐ कदबानो पस अगर इतक़ की नियत की तो आज़ाद होगा और इस में कुछ इखतलाफ़ नहीं और अगर इतक़ की नियत न हो तो इस में मशाइख ने इखतलाफ़ किया है और फ़क़ीहा अबूबकर रह० से मन्क़ूल है कि वो आज़ाद न होगा अगरचे इतक़ की नियत की हो यह मुहीत में है।

एक व्यक्ति ने अपने तीन ग़ुलामों से कहा कि तुम लोग आज़ाद हो सिवाए फ़लां व फ़लां व फ़लां के तो यह सब ग़ुलाम आज़ाद हो जाएंगे :

अगर अपनी बान्दी से कहा कि ऐ मौला ज़ादह तो वो आज़ाद न होगी यह फ़तावा कुबरा में है। एक शख़्स ने अपने ग़ुलाम से कहा ऐ नीम आज़ाद (यानी आधा आज़ाद) तो यह क़ौल बमन्ज़िला इस कलाम के है कि ग़ुलाम से कहा कि तेरा आधा हिस्सा आज़ाद है। एक शख़्स ने अपने ग़ुलाम से कहा कि जब तक तू ग़ुलाम था तब तक मैं तेरे अज़ाब में गिरफ़तार था अब कि तू नहीं है तब भी तेरे अज़ाब में गिरफ़तार हूं तो मशाइख ने

चेहरा/सुन्दर मुख वाली मैं दीपक लेकर क्या करूं कि तेरा मुखड़ा तो ख़ुद दीपक से ज़्यादा रोशन है तू ऐसी है कि मैं तेरा गुलाम हूँ तो शेख़ रह० ने कहा कि यह सब मेहरबानी के कथन क़रार दिये जायेगें। और बांदी आज़ाद न होगी। और यह इस सूरत में है कि मालिक ने मुक्ति देने का इरादा ना किया हो और अगर इरादा किया तो इमाम मौहम्मद रह० से दो रिवायतें हैं यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि ऐ सरदार या ऐ मेरे सरदार या अपनी बांदी से कहा ऐ सरकार ऐ मेरी सरदार बस अगर उन सूरतो में मुक्ति देने का इरादा किया हो तो बिना किसी कारण के मुक्त साबित हो जायेगा और अगर मुक्ति का इरादा ना किया हो तो इसमें विद्वानों ने मतभेद किया है और फ़क़ीह अबुललैस के निकट मान्यता है कि आज़ाद न होगा यह ज़ख़ीरे में है। और अगर ग़ुलाम से कहा कि ऐ आज़ाद मर्द या बांदी से कहा कि ऐ आज़ाद औरत या बांदी से कहा कि ऐ मेरी किद बानो/श्रीमति या ऐ किदबानो बस अगर मुक्ति का इरादा किया तो मुक्त होगी। और उसमें कोई मतभेद नहीं। और अगर मुक्ति की नियत ना हो तो इसमें विद्वानो ने मतभेद किया है और फ़क़ीह अबुललैस का मानना है कि आज़ाद न होगा, चाहे मुक्त करने का इरादा किया हो यह मुहीत में है।

एक व्यक्ति ने अपने तीन गुलामों से कहा कि तुम लोग आज़ाद हो, सिवाए फलाँ, फलाँ व फलाँ के, तो यह सब गुलाम आज़ाद हो जायेगें।

अगर बांदी से कहा कि ऐ मालिक की बेटी तो वो आज़ाद न होगी। यह फ़तावा कुबरा में है एक व्यक्ति ने अपने ग़ुलाम से कहा कि ऐ आधे आज़ाद तो यह कथन उस कथन के जैसा है कि ग़ुलाम से कहा कि तेरा आधा भाग आज़ाद है एक व्यक्ति ने अपने ग़ुलाम से कहा कि जब तक तू ग़ुलाम था तब तक मैं तेरे अज़ाब में गिरफ्तार था। अब जबकि तू नहीं है तब भी तेरे अज़ाब में गिरफ्तार हूँ तो विद्वानों ने कहा है कि यह कहना

फ़रमाया कि यह कलाम इस की तरफ़ से ग़ुलाम के इतक़ का इक़रार है पस क़ज़ाअन ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा। एक शख़्स ने अपने ग़ुलाम से कहा तू मुझ से .ज्यादा आज़ाद है पस अगर इतक़ की नियत की हो तो आज़ाद हो जायेगा वरना नहीं एक ग़ुलाम ने अपने मौला से कहा कि मेरी आज़ादी पैदा करें मौला ने कहा कि तेरी आज़ादी मैंने पैदा की और नियत इतक़ न की तो आज़ाद न होगा कुलतू (क़ालल मुतरिज्जम सक़ूत फिल असल) क़ज़ाअन आज़ाद होगा यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है और अगर ग़ुलाम से कहा कि ऐ मेरे मालिक तू बिला नियत आज़ाद न होगा यह काफ़ी में है। एक शख़्स का एक ग़ुलाम है पस इस ने कहा कि मैंने अपना ग़ुलाम आज़ाद कर दिया तो आज़ाद हो जायेगा यह मुहीत सुरखी में है। अगर ज़ैद ने उम्रो से कहा कि मैं तेरे बाप का मौला हूं कि तेरे बाप ने मेरे बाप व मां को आज़ाद किया है तो ज़ैद मज़कूर उम्रो का ग़ुलाम न होगा और इसी तरह अगर ज़ैद ने कहा कि मैं तेरे बाप का मौला हूं और यह न कहा कि मुझे तेरे बाप ने आज़ाद किया है तो भी यही हुक्म है और ज़ैद हुर्र होगा अगर ज़ैद ने कहा कि मैं तेरे बाप का मौला हूं और मुझे तेरे बाप ने आज़ाद किया है पस अगर उम्रो ने बाप के आज़ाद करने से इन्कार किया तो ज़ैद इस का ममलूक होगा लेकिन अगर ज़ैद गवाह लाऐ कि उम्रो के बाप ने इस को आज़ाद किया है तो ज़ैद के गवाह मक़बूल होंगे और वो आज़ाद होगा। अगर किसी शख़्स ने अपने ग़ुलाम को आज़ाद किया और ग़ुलाम के पास माल है तो यह माल मौला का होगा सिवाए इतने कपड़े के जो ग़ुलाम की सतर पोशी करे और यह भी मौला के इख़्तयार में है कि कपड़ों में से जो कपड़ा चाहे देदे यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है। एक शख़्स ने अपने तीन ग़ुलामों से कहा कि तुम लोग आज़ाद हो सो ऐ फ़लां व फ़लां व फ़लां के तो यह सब ग़ुलाम आज़ाद हो जाऐंगे यह फ़तावा कुबरा में है।

क़ालल मुतरज्जिम इस वजह से कि मुस्तसना मिन्हु

उसकी ओर से ग़ुलाम की मुक्ति का स्वीकार करना है बस क़ानूनन ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा एक व्यक्ति ने अपने ग़ुलाम से कहा कि तू मुझसे .ज्यादा आज़ाद है बस अगर मुक्त करने की नियत की हो तो आज़ाद हो जायेगा वरना नहीं। एक ग़ुलाम ने अपने मालिक से कहा कि मेरी आज़ादी पैदा करे मालिक ने कहा कि तेरी आज़ादी मैने पैदा की और मुक्ति का इरादा न किया तो आज़ाद न होगा। कुलतू/मेरी राय में (अनुवादक के कथनानुसार सही यही है कि) कानूनन आज़ाद हो जायेगा यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है और अगर ग़ुलाम से कहा कि ऐ मेरे मालिक तो बिना इरादा के आज़ाद न होगा यह अलकाफ़ी में है। एक व्यक्ति का एक ग़ुलाम है बस उसने कहा कि मैने अपना ग़ुलाम आज़ाद कर दिया है तो आज़ाद हो जायेगा। यह मुहीतुल सुर्ख़ी में है अगर ज़ैद ने उमरो से कहा कि मैं तेरे बाप का मालिक हूँ कि तेरे बाप ने मेरे बाप व माँ को आज़ाद किया है तो वर्णित ज़ैद उमरो का ग़ुलाम न होगा। और इसी तरह अगर ज़ैद ने कहा कि मैं तेरे बाप का आज़ाद किया हुआ गुलाम हूँ और यह न कहा कि मुझे तेरे बाप ने आज़ाद किया है तो भी यहीं आदेश है, और ज़ैद आज़ाद होगा। और अगर ज़ैद ने कहा कि मैं तेरे बाप का आज़ाद किया हुआ गुलाम हूँ और मुझे तेरे बाप ने आज़ाद किया है बस अगर उमरो ने बाप के आज़ाद करने से इंकार किया तो ज़ैद उसकी मिलकियत/ग़ुलाम होगा। लेकिन अगर ज़ैद गवाह लाये कि उमरो के बाप ने उसको आज़ाद किया है तो ज़ैद के गवाह स्वीकारणीय होंगे, और वह आज़ाद होगा। अगर किसी व्यक्ति ने अपने ग़ुलाम को आज़ाद किया और ग़ुलाम के पास माल है तो यह माल मालिक का होगा। तो सिवाय उतने कपड़े के जो गुलाम का बदन ढांके और यह भी मालिक के अधिकार में है कि कपड़ों में से जो कपडा चाहे दे दें यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है एक व्यक्ति ने अपने तीन गुलामों से कहा कि तुम लोग आज़ाद हो सिवाय (इन्ही तीन ग़ुलामों को अलग किया) फलाँ व फलाँ व फलाँ के तो यह सब गुलाम आज़ाद हो जायेगें। ये फ़तावा कुबरा में है।

अनुवादक के कथनानुसार इस वजह से कि मुस्तसना

के साथ हुक्म हुरियत मुताल्लिक़ हुआ पस इस्तसना कार आमद न होगा व क़ील उल इस्तसना बातिल फ़तदब्बुर। एक शख़्स के पांच ग़ुलाम हैं पस इस ने कहा कि दस मेरे ममलूकों में से आज़ाद हैं इल्ला एक तो सब आज़ाद होंगे और अगर कहा कि मेरे ममलूक दसों आज़ाद हैं इल्ला वाहिद तो चार आज़ाद होंगे यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में हैं और अगर मर्द आज़ाद करना चाहे तो चाहिए कि ग़ुलाम आज़ाद करे और औरत को चाहिए कि बान्दी आज़ाद करे यह मुस्तहब है ताकि मुक़ाबला ए आज़ा ठीक मुस्तहिक़ हों यह ज़हीरिया में है। क़ालल मुतरजम हदीस शरीफ़ में यह मज़मून है कि जो शख़्स बन्दा आज़ाद करता है अल्लाह तआला इस के हर उज़ू को बमुक़ाबला आज़ाऐ बन्दा के आतिश दोज़ख से आज़ाद फ़रमाता है पस इस्तहबाब मसला मज़कूर पर बिनाऐ हदीस मौसूफ़ है फ़ा फ़हम और यह मुस्तहब्ब है कि जब आदमी सात बरस किसी बन्दा से खिदमत ले ले तो इस को आज़ाद करदे या किसी दूसरे के हाथ फ़रोख़्त करदे कि शायद वो आज़ाद कर दे यह तातार खानिया में हुज्जत से मन्क़ूल है और मुस्तहब्ब है कि आज़ाद करने वाला बन्दा को एक इताक़ नामा लिख कर इस पर सिक़ा लोगों की गवाही करादे ताकि ग़ुलाम के हक़ में मज़बूती रहे और बाहम इखतलाफ़ और इन्कार(1) से हिफ़ाज़त हो यह मुहीत सुरखी में है।

मिल्क = मिल्कियत/स्वामित्व शरअी आदेशों के आधार पर किसी व्यक्ति को किसी चीज़ में निपटान का जाइज़ अधिकार प्राप्त होना

(1) क़ालल मुतरज्जिम यह लफ़्ज़ शामिल तर है ख़्वाह इन्कार अज़ जानिब आज़ाद कुनिन्दा हो या इस के वारिस की तरफ़ से हो

मिन्हु (वह व्यक्ति या चीज़ जिसमें से अलग किया गया हो) के साथ आज़ादी का आदेश सम्बन्धित हुआ बस अलग करना/छांटना कारामद न होगा। (किसी सोच विचार से व्यापक नियम में से किसी की मुक्ति छंटाई अमान्य है विचारनीय,) एक व्यक्ति के पांच गुलाम है बस उसने कहा कि दस मेरे ज़रखरीदों में से आज़ाद है सिवाय इसके एक तो सब आज़ाद होंगे। और अगर कहा कि मेरे दसों ग़ुलाम आज़ाद है सिवाय एक, तो चार आज़ाद होगें यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है और अगर मर्द आज़ाद करना चाहे तो चाहिये कि ग़ुलाम आज़ाद करे, और औरत को चाहिये कि बांदी आज़ाद करें। यह मुसतहब/पंसदीदा है ताकि प्रतिस्पर्धी अंग ठीक योग्य हो। यह ज़हीरीया में है अनुवादक के कथनानुसार हदीस शरीफ़ में यह विषय है कि जो व्यक्ति बन्दा आजाद करता है ईश्वर उसके हर अंग को बंदे के अंगो के बदले दोज़ख़ की आग से आज़ाद करता है बस इस्तेहबाब/सिफ़ारिशी वर्णित मसलें पर वर्णित हदीस की नीव है समझ अनुसार। और यह मुसतहब/पंसदीदा है कि जब आदमी सात साल किसी बन्दे से सेवा लेले तो उसको आज़ाद कर दे। या किसी दूसरे के हाथ बेच दे कि शायद वह आज़ाद कर दे यह तातार ख़ानयिा में हुज्जत/तर्क से मनकुल/कहा हुआ है और मुसतहब/पंसदीदा है कि आज़ाद करने वाला बन्दे को एक मुक्ति पत्र लिखकर उस पर सच्चें लोगो की गवाही करा दे ताकि ग़ुलाम के हित में मजबूती रहे और किसी प्रकार का मतभेद और इंकार(1)से सुरक्षा हो सके। यह मुहीतुल सुर्ख़ी में है।

ज़ी रहम महरम ऐसा क़रीबी रिश्तेदार जो विरासत में भगीदार नहीं होता यह बेटीयों व पोतीयों की औलाद हैं। एंव सौतेले भाईयों की औलाद और बहनों की औलाद फूपियाँ और उनकी औलाद मामा, मौसियाँ और उनकी संतान,

(1) अनुवादक के कथनानुसार यह शब्द सम्मिलित है भले ही इंकार मुक्तिदाता की ओर से हो या उसके वारिस की ओर से हो)

फ़सलः (1)

मिल्क वग़ैरह की वजह से आज़ाद होने के बयान में

जो शख़्स अपने ज़ी महरम का मालिक हो। (वाज़ह रहे कि मिल्क से मुराद हक़ीक़ी मौअस्सर इतक़ है) वो इस की तरफ़ से फ़ौरन आज़ाद हो जायेगा ख़्वाह यह मालिक सग़ीर या कबीर हो (ख़्वाह मुज़क्कर हो या मौअन्नस) आक़िल हो या मजनून हो यह ग़ायतुल बयान में है और ज़ी रहम से हर ऐसा क़राबत दार मुराद है जिस से निकाह हमैशा के वास्ते हराम हो पस रहम इबारत है क़राबत से और महरम इबारत है हुरमत मुनाकहत से पस अगर महरम बिला रहम का मालिक हुआ तो वो आज़ाद न होगा मसलन अपने पिसर की ज़ौजा या बाप की ज़ोजा या चचा की बेटी का जो इस की रज़ाई बहन है मालिक हुआ तो कोई आज़ाद न होजायेगी इसी तरह अगर रहम हो मगर महरम न हो तो भी यही हुक्म है मसलन मामूं या चचा की औलाद का मालिक हुआ तो वो आज़ाद न होगी यह काफ़ी में है और अगर कोई ऐसे आदमी का मालिक हुआ जो बसबब रज़ाअत या संभोग के उस पर दाइमी हराम है तो वो आज़ाद न होगा और अगर बीवी व मर्द में से कोई दूसरी का मालिक हुआ तो इस की तरफ़ से आज़ाद न हो जायेगा यह मबसूत में है। और मालिक ख़्वाह मुसलमान हो या काफ़िर हो दारूल इस्लाम में इस हुक्म के वास्ते कुछ फ़र्क़ न होगा और इसी तरह जिस ज़ी रहम महरम का मालिक हुआ है चाहे वो मुसलमान हो या काफ़िर हो कुछ फ़र्क़ नहीं है। यह ग़ायतुल बयान में है और चूंकि यह हुक्म दारूल इस्लाम में है लिहाज़ा अगर दारूल हरब में कोई हरबी अपने ज़ी रहम महरम का मालिक हुआ तो वो इस की तरफ़ से आज़ाद नहीं हो जायेगा। यह जोहरह नेयरह में है और अगर कोई हरबी अपने ज़ी रहम महरम का मालिक हो कर अमान ले कर दारूल इस्लाम में आया तो ममलूक मज़कूर इस की तरफ़ से आज़ाद हो जायेगा यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है और अगर ममलूक ने

(1) वाज़ेह हो कि मिल्क से मुराद हक़ीक़ी मुअस्सर मुक्ति है (हरबी=दारूल हरब ग़ैर मुस्लिम राज्य का नागरिक)

भाग -1

मिल्कियत/स्वामित्व आदि के कारण से आज़ाद होने के बारे में।

जो व्यक्ति अपने ज़ीरहम मेहरम (1)का मालिक हो वह इसकी ओर से तुरन्त आज़ाद हो जायेगा भले ये मालिक छोटा हो या बड़ा हो, भले ही मर्द हो या औरत सूझ बूझ वाला हो या पागल हो ये ग़ायातुल में है और ज़ीरहम मेहरम से हर ऐसा निकटतम मतलब है जिससे निकाह हमेशा के वास्ते हराम हो बस रहम इबारत/वर्णन है निकटता से और मेहरम इबारत/वर्णन है हुरमत मनाकिहत से यानी जिसके साथ संभोग वर्जित हो, बस अगर मेहरम बिला रहम का मालिक हो तो वो आज़ाद न होगा। मसलन अपने लड़के की बीवी या बाप की बीवी या चाचा की बेटी का जो उसकी दूधजाई बहन है मालिक हुआ तो कोई आज़ाद ना हो जायेगी। इसी तरह अगर रहम हो मगर मेहरम ना हो तो भी यही आदेश है उदाहरण मामा या चाचा की औलाद का मालिक हुआ तो वो आज़ाद न होगी यह अलकाफ़ी में है। और अगर कोई ऐसे आदमी का मालिक हुआ जो दूधजाया होने के कारण या मुसाहिरत/संभोग के लिए उस पर हमेशा के लिये हराम है। तो आज़ाद न होगी। और अगर बीवी व मर्द में से कोई दूसरी का मालिक हुआ तो उसकी तरफ़ से आज़ाद न होगा। यह मबसूत में है और मालिक चाहे मुसलमान हो या काफ़िर हो दारूल इस्लाम (इस्लाम शासित राज्य) में इस आदेश के लिए कुछ फ़र्क़ न होगा और इसी तरह जिस ज़ी रहम मेहरम का मालिक हुआ है चाहे वह मुसलमान हो या काफ़िर हो कुछ फ़र्क़ नहीं है। यह ग़ायतुल बयान में है। और चूंकि यह हुक्म दारूल इस्लाम में है लिहाजा अगर दारूल हरब में कोई हरबी अपने रिश्ते दार का मालिक होकर श्रण लेकर दारूल इस्लाम में आया तो वर्णित गुलाम उसकी ओर से आज़ाद हो जायेगा। यह फ़तावा क़ाज़ी ख़ान में है और अगर

(1)स्पष्ट हो कि मिल्कियत/स्वामित्वता से मतलब हक़ीक़त में प्रभाव शाली मुक्ति है) (हरबी=दारूल हरब ग़ैर मुस्लिम राज्य का नागरिक)

अपनी औलाद को खरीदा (इस वास्ते कि वो दर वाक़े मालिक न हो) तो वो आज़ाद नहीं हो जायेगा यह जोहरह नीरह में है।

अगर ग़ुलाम माज़ून ने ऐसा ममलूक खरीदा जो इस के मालिक का ज़ी रहम महरम है और इस पर इस क़द्र क़र्ज़ नहीं है जो बिल्कुल मुहीत हो तो मौला की तरफ़ से आज़ाद हो जायेगा और अगर क़र्ज़ मुहीत हो तो इमाम आज़म रह० के नज़दीक आज़ाद न होगा और अगर मकातब ने अपने मौला का बेटा खरीदा तो बिल इत्तफ़ाक़ आज़ाद न हो जायेगा यह तातार खानिया में हुज्जा से मन्क़ूल है और अगर मकातब ने ऐसे लोगों को खरीदा जिन की फ़रोख़्त का मिजाज़ नहीं है जैसे वालिदैन व औलाद वग़ैरह फिर मौला ने इन को आज़ाद कर दिया तो वो आज़ाद हो जाऐंगे यह मुज़मरात में है और जो शख़्स ग़ुलाम खरीदने के वास्ते वकील किया गया है अगर इस ने मुवक्किल का ज़ी रहम महरम खरीदा तो वो (इस वजह से कि बैअ बहक़ वकील नाफ़िज़ होगी) आज़ाद न हो जायेगा यह सिराजिया में है और एक शख़्स ने अपने पिसर के वास्ते अपने मर्ज़ उल मौत में हज़ार दिरहम का इक़रार किया और इस शख़्स का सिवाऐ इस के कोई वारिस नहीं है और कुछ माल भी न छोड़ा सिवाऐ एक ममलूक के कि वो इस पिसर का मां की तरफ़ से भाई है और इस ममलूक की क़ीमत इसी क़द्र है जिस क़द्र क़र्ज़े का मय्यत ने अपने पिसर के वास्ते इक़रार किया है तो मुहम्मद रह० ने फ़रमाया कि ममलूक आज़ाद हो जायेगा इस वास्ते कि मर्ज़ में जो इक़रार हो वो गोया वसियत है पस जब पिसर मज़कूर इस का मालिक हुआ तो वो इस की तरफ़ से आज़ाद हो जायेगा और अगर इक़रार मज़कूर हालते सेहत में वाक़े हुआ हो तो ममलूक मज़कूर आज़ाद न हो जायेगा इस वास्ते कि वारिस मज़कूर इस का मालिक नहीं हुआ बदीन वजह कि क़र्ज़ा ए मज़कूर की मय्यत के तरके को मुहीत है और इस बयान से यह फ़ायदा साबित हुआ कि जब तरके में वारिस का क़र्ज़ा हो तो वो वारिस के तरका के मालिक होने से मानअ होता है यह ज़हीरिया में है और अगर ऐसी बान्दी खरीदी जो इस के बाप के नुत्फ़ा से पेट से है हालांकि वो बान्दी इस

ग़ुलाम ने अपनी औलाद को ख़रीदा (इस लिए कि वह वास्तव में मालिक न हो) तो वो आज़ाद नहीं होगा। यह ज़ोहरह नीरह में है।

अगर आधिकार प्राप्त ग़ुलाम ने ऐसा ग़ुलाम ख़रीदा जो उसके मालिक का क़रीबी रिश्तेदार है और उस पर इस क़दर कर्ज़ा नहीं है जो बिल्कुल क़र्ज़ो में घिरा हुआ हो तो मालिक की तरफ़ से आज़ाद हो जायेगा। और अगर कर्ज़ों में घिरा हुआ तो इमामे आजम रह० के निकट आज़ाद न होगा और अगर मकातब/तैय शुदा रक़म कमा कर अपनी मुक्ति पाने वाले ग़ुलाम ने अपने मालिक का बेटा ख़रीदा तो सर्वसहमति है आज़ाद न होगा। यह तातार ख़ानिया में है हुज्जत/तर्क से मनक़ूल/उद्घृत है। और अगर मकातब ने ऐसे लोगों को ख़रीदा जिनकी बिक्री का अधिकार नहीं है जैसे माँ बाप व औलाद आदि फिर मालिक ने उनको आज़ाद कर दिया तो वो आज़ाद हो जायेगें। ये मुज़मिरात में है। और जो व्यक्ति ग़ुलाम ख़रीदने के वास्ते वकील/कार्यवाहक किया गया है अगर उसने मुवक्किल/जिसका वह नियुक्त कार्यवाहक है का ज़ीरहम मेहरम/क़रीबी रिश्तेदार ख़रीदा तो वह उस कारण से कि बिक्री वकील के हित में लागू होगी। आज़ाद ना होगा। यह सिराजिया में है। और एक व्यक्ति ने अपने लड़के के वास्ते अपने मृत्यु रोग में हज़ार दिरहम का स्वीकार किया और उस व्यक्ति का सिवाय उसके कोई वारिस नहीं है। और कुछ माल भी ना छोड़ा सिवाय एक ग़ुलाम के, कि वह उस लड़के का माँ की तरफ़ से भाई है और उस ग़ुलाम की क़ीमत इतनी है जितनी मरने वाले ने क़र्ज़ा अपने लड़के के वास्ते स्वीकार किया है तो इमाम मुहम्मद रह० ने कहा है कि ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा इस वास्ते कि रोग में जो स्वीकार हो वह कहने को वसीयत है बस जब वर्णित लड़का उसका मालिक हुआ तो उसकी ओर से आज़ाद हो जायेगा और अगर वर्णित स्वीकृति स्वस्थ हालत में की गई हो तो वर्णित ग़ुलाम आज़ाद न होगा। इस वास्ते कि वर्णित वारिस उसका मालिक नहीं हुआ इस कारण कि वर्णित कर्ज़ेदार की मृतक के तर्के/छोड़े हुए माल का भाग है और इस बयान से यह फ़ायदा साबित हुआ कि जब तर्के

के बाप के सिवाऐ किसी ग़ैर की मिल्क है तो खरीद जाइज़ होगी और जो इस के पेट में है वो आज़ाद होगा और बान्दी आज़ाद न होगी और जब तक वज़अ हमल न हो तब तक इस को फ़रोख़्त नहीं कर सकता है कि इस की बैअ जाइज़ न होगी और बाद वज़अ हमल न हो तब तक इस को फ़रोख़्त नहीं कर सकता है कि इस की बैअ जाइज़ न होगी और बाद वज़अ हमल के इस को फ़रोख़्त कर सकता है यह बदाऐ में है।

अगर बच्चा जन्ने के वक़्त अपनी बांदी से कहा कि तू हुर्रह हैः

अगर हामला बान्दी को आज़ाद किया तो इस का हमल भी आज़ाद हो जायेगा और अगर फ़क़त हमल को आज़ाद किया तो बदूने बान्दी के फ़क़त हमल आज़ाद होगा अगर किसी क़द्र माल पर हमल को आज़ाद किया तो हमल आज़ाद होगा और माल वाजिब न होगा और इतक़ के समय हमल मौजूद होना इसी तरह दरयाफ़्त हो सकता है कि इतक़ के समय से छः महीने से कम में बच्चा पैदा हो यह हिदाया में है। और अगर इतक़ के समय से छः महीने या ज़्यादा में बच्चे को जन्म दिया तो आज़ाद न होगा इल्ला इस सूरत में कि हमल में जोड़िया दो बच्चे हों कि पहला बच्चा छः महीने से कम में पैदा हुआ फिर दूसरा छः महीने या ज़्यादा में पैदा हुआ या यह बान्दी तलाक़ या वफ़ात की इद्दत में हो पस समय फ़िराक़ से दो बरस से कम में बच्चा जन्म दिया पस अगरचे वक़्त ऐताक़ से छः महीने से ज़्यादे में जनी हो बहरहाल इस सूरत में हमल आज़ाद होगा यह फ़तहुल क़दीर में है। बान्दी का बच्चा जो इस के मौला से हो आज़ाद है और जो इस के शौहर से पैदा हो वो इस के मौला का ममलूक है बखिलाफ़ मफ़रूर के बच्चे के कि इस को फ़रेब दिया गया हो इस का यह हुक्म नहीं है कि माँ का ताबअ होगा जैसे कि ममलूकियत व मरक़ूक़ियत (1) व तदबीर व अमूमियत उल वल्द व

....

(1) मरक़ूक़ियत महज़ रक़ीक़ ग़ुलाम होना तदबीर मुदब्बर करना उमूमियत यानी उम्मे वल्द होना।

में वारिस का क़ब्ज़ा हो, तो वारिस को तर्के के मालिक होने से रोकता है। ये ज़हीरीया में है। और अगर ऐसी बांदी ख़रीदी जो उसके बाप के वीर्य के कारण पेट से है हालांकि वो बांदी उसके बाप के सिवाय किसी दूसरे की मिल्कियत है तो ख़रीद जाइज़ होगी। और जो उसके पेट में है वह आज़ाद होगा, और बांदी आज़ाद न होगी। और जब तक गर्भ से बच्चा पैदा ना हो तब तक उसको बेच नहीं सकता तो इसको बेचना जाइज़ न होगा। और गर्भ से बच्चा पैदा होने के बाद इसको बेच सकता है। यह बदाऐ में है।

अगर बच्चे को जन्म देने के समय अपनी बान्दी से कहा कि तू आज़ाद है।

अगर गर्भवती बांदी को आज़ाद किया तो उसका गर्भ भी आज़ाद हो जायेगा और अगर केवल गर्भ को आज़ाद किया तो स्वंय बांदी के केवल गर्भ ही आज़ाद होगा। अगर किसी क़दर माल पर गर्भ को आज़ाद किया तो गर्भ ही आज़ाद होगा और माल वाजिब न होगा। और मुक्ति के समय गर्भ मौजूद होना इसी तरह मालूम हो सकता है कि मुक्ति के समय से छः महीने से कम में बच्चा पैदा हो। यह हिदाया में है। और अगर मुक्ति के समय से छः महीने या ज़्यादा में बच्चा जन्मा तो आज़ाद न होगा सिवाय इस सूरत में कि गर्भ में जोड़ा या दो बच्चे हों कि पहला बच्चा छः महीने से कम में पैदा हुआ हो और दूसरा बच्चा छः महीने या ज़्यादा में पैदा हुआ हो या यह बांदी तलाक़ या मृत्यु की इददत (वह समय जिसमें स्त्री पुनर्विवाह नही कर सकती) में हो बस अलग होने के समय से दो वर्ष से कम में बच्चा को जन्म दिया बस अगरचे मुक्ति के समय से छः महीने से ज़्यादा में जन्मा हो बहरहाल इस सूरत में गर्भ आज़ाद होगा। यह फ़तेहउल क़दीर में है बांदी का बच्चा जो उसके मालिक से हो आज़ाद है और जो उसके पति से पैदा हो वो उसके मालिक का ग़ुलाम है। इसके विपरीत भगोड़े/भागे हुये के बच्चे के, कि उसको धोखा दिया गया हो उसका यह आदेश नहीं है कि घमंड में हो और आज़ाद औरत का बच्चा हर हाल में आज़ाद होता है इस वास्ते कि औरत का पल्ला भारी है बस आज़ादी की ख़ूबी में औरत

किताबत में यह वसफ़ बच्चे को माँ का मिलता[२] है यह हिदाया में है और अगर बच्चे जनने के समय अपनी बान्दी से कहा कि तू हुर्रह है और हालत यह है कि थोड़ा बच्चा बाहर निकल चुका है पस अगर आधे से कम निकला हो तो बच्चा भी आज़ाद होगा और अगर .ज्यादा हो तो आज़ाद न होगा और हिशाम रह० और मुअल्ला रह० ने इमाम अबू यूसुफ़ रह० से रिवायत की है कि अगर एक व्यक्ति ने अपनी हामला बान्दी से दरहाल यह कि इस का बच्चा कुछ निकल चुका है कहा कि तू आज़ाद है तो इमाम अबू यूसुफ़ रह० ने फ़रमाया कि अगर सिवाऐ सर के आधा बदन खारिज हुआ है तो वो ममलूक होगा और अगर सर की जानिब से आधा बदन खारिज हुआ है तो वो आज़ाद होगा और इस के मअनी यह हैं कि मअ सर के आधा खारिज हुआ है तो आज़ाद यह मुहीत में है। मुन्तक़ी में है कि अगर बान्दी से कहा कि बड़ा बच्चा जो तेरे पेट में है वो आज़ाद है पस इस के जोडिया दो बच्चे पैदा हुए तो जो पहले निकला वो बड़ा है वही आज़ाद होगा और अगर अपनी बान्दी से कहा कि अलक़ा या मज़ग़ा (ख़ून का लोथड़ा) जो तेरे पेट में है आज़ाद है तो जो इस के पेट में है वो आज़ाद होगा यह मुही सरखी में है।

एक शख़्स ने ग़ैर की बान्दी को आज़ाद किया फिर मौला ने बाद बान्दी के बच्चा पैदा होने के इतक़ की इजाज़त दी तो बच्चा आज़ाद न होगा और अगर अपनी बान्दी से कहा कि मेरा हर ममलूक सिवाऐ तेरे आज़ाद है तो बान्दी का हमल आज़ाद न होगा एक शख़्स ने अपनी हामला बान्दी से हालते सेहत में कहा कि तू या जो तेरे पेट में है आज़ाद है पस दूसरे दिन बान्दी मज़कूरह के एक मुर्दा बच्चा पैदा हुआ जिस की खल्क़त ज़ाहिर हो गई थी तो बक़यास क़ौल इमाम आज़म रह० के बान्दी आज़ाद होगी और अगर ख़ुद बच्चा पैदा न हुआ बल्कि किसी आदमी ने दूसरे दिन इस के पेट में सदमा पहुंचाया जिस से मुर्दा जनीन पेट से गिर गया जिस की खल्क़त ज़ाहिर हो गई थी तो मौला को इख़्तयार होगा पस अगर

(1) अगर माँ ममलूक उल ग़ैर है तो बच्चा ममलूक व मरक़ूक़ होगा और मुदब्बरह है तो मुदब्बर अला हाज़ा

का आज्ञाकारी होगा जैसे कि ज़र ख़रीद व मरक़ुक़ियत(1)व तदबीर/मरणोप्रांत मुक्ति व अमूमियतुल वलद/माँ होना एंव किताबत/तैय रक़म देकर मुक्ति पाने में ये ख़ूबी बच्चे को माँ की मिलती(२) है। यह हिदाया में है। और अगर बच्चा जनने के समय अपनी बांदी से कहा कि तू आज़ाद है और हालत यह है कि थोड़ा बच्चा बाहर निकल चुका है बस अगर आधे से कम निकला हो तो बच्चा भी आज़ाद होगा और अगर .ज्यादा हो तो आजाद न होगा। हश्शाम रह० और मौअल्ला रह० ने इमाम युसुफ रह० से रिवायत की है अगर एक व्यक्ति ने अपनी गर्भवती बांदी से जबकि उसका बच्चा कुछ निकल चुका है कहा कि तू आजाद है तो इमाम युसुफ रह० ने कहा कि अगर सिवाय सिर के आधा शरीर बाहर हुआ है तो वह ग़ुलाम होगा। और अगर सिर की ओर से आधा शरीर बाहर हुआ है तो वह आज़ाद होगा और उसका अर्थ यह है कि सर के समेत आधा बाहर हुआ है तो आज़ाद है। ये मुहीत में है, मुसक़्क़ा में है कि अगर बांदी से कहा कि अगर बड़ा बच्चा जो तेरे पेट में है वह आज़ाद है बस उसके जोड़ा या दो बच्चा पैदा हुये तो जो पहले निकला वह बड़ा है वही आज़ाद होगा और अगर अपनी बांदी से कहा कि ख़ून का लौथड़ा जो तेरे पेट में है आज़ाद है तो जो उस के पेट में है वह आज़ाद होगा ये मुहीतुल सुर्ख़ी में है।

एक व्यक्ति ने दूसरे की बांदी को आज़ाद किया फिर मालिक ने बांदी के ब्च्या पैदा होन के बाद मुक्ति की आज्ञा दी तो बच्चा मुक्त ना होगा, और अगर अपनी बांदी से कहा मेरा हर ग़ुलाम सिवाए तेरे आज़ाद है तो बांदी का गर्भ आज़ाद ना होगा। एक व्यक्ति ने अपनी गर्भवती बांदी से स्वस्थ हालत में कहा कि तू या जो तेरे पेट में है आज़ाद है बस दूसरे दिन वर्णित बांदी को एक मुरदा बच्चा पैदा हुआ जिसकी रचना प्रकट हो गई थी तो इमामे आज़म रह० के अनुमानित कथनानुसार बांदी मुक्त

(1) मरकुक़ियत मात्र दास ग़ुलाम होना यानी जो अपनी गुलामी भूल जाए और परिवार के सदस्य की तरह हो, तदबीर व मुदब्बर करना=यानी यह सुविधा देना कि ग़ुलाम मालिक की मृत्यु के बाद आज़ाद है, अमुमियत यानी उम्मे वलद होना/अपने मालिक के बच्चे की माँ होना। (२) अगर माँ दूसरे की ग़ुलाम है तो बच्चा ख़रीदा हुआ ग़ुलाम होगा और मुदब्बरा/मालिक के मरणोपरांत मुक्त होगी तो मरणोपरांत मुक्ति के नियमानुसार)

इस ने मां को आज़ाद किया तो इस के आज़ाद होने से बच्चा भी[1] आज़ाद होगा और अगर बान्दी मज़कूरह हामला न हो तो ख़ुद आज़ाद हो जायेगी यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है। और अगर अपनी हामिला बान्दी से कहा कि तू या जो तेरे पेट में है आज़ाद है फिर क़ब्ल इस के कि मौला बयान करे यानी किसी को मुअय्यन करे कि दोनों में से कौन आज़ाद है मर गया फिर किसी आदमी ने बान्दी के पेट में सदमा पहुंचाया कि जिस से जनीन मुर्दा जिस की खल्क़त ज़ाहिर हो गई थी गिर गया तो फ़रमाया कि मुजरिम पर इस जनीन के वास्ते ग़ुर्रा आज़ाद का जुर्माना वाजिब होगा और निस्फ़ बांदी आज़ाद होगी और निस्फ़ के वास्ते सआयत करेगी और जनीन पर कुछ सआयत न होगी यह मुहीत सुरखी में है। अगर हरबी ने अपने ग़ुलाम हरबी को दारूल हरब में आज़ाद किया तो इमाम आज़म रह० के नज़दीक इस का ईताक़ नाफ़िज़ न होगा और इस में साहिबीन रह० का इख़्तिलाफ़ है और अगर हरबी ने अपने मुसलमान ग़ुलाम को दारूल हरब में आज़ाद किया तो बिल इत्तफ़ाक़ ईताक़ नाफ़िज़ होगा और इस की विलाअ उस हरबी को लेगी और अगर हरबी मर गया या क़त्ल किया गया या मुसलमान के हाथ में क़ैद हो गया तो इस का मकातब आज़ाद न होगा और बदल किताबत इस के वारिसों को मिलेगा जब कि ख़ुद मर गया है एक शख़्स हिन्दुस्तान में गया यानी दारूल हरब में गया फिर दारूल इस्लाम में आया और इस के साथ एक हिन्दू आया जो कहता था कि मैं इस का ग़ुलाम हूं फिर यह हिन्दू मुसलमान हो गया तो मशाइख ने फ़रमाया कि अगर हिन्दू मज़कूर दारूल हरब से मुसलमान के साथ बदून इकराह व ज़बरदस्ती के दारूल इस्लाम में चला अया है तो वो आज़ाद होगा और इस का यह क़ौल कि मैं इस का ग़ुलाम हूं बातिल होगा और अगर मुसलमान इस को ज़बरदस्ती बाकराह निकाल लाया है तो वो मुसलमान का ग़ुलाम होगा। यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है। हरबी ने

(1) क़ालल मुतरज्जिम फ़ायदा यह है कि मौला के बयान पर पहले भी मौक़ूफ़ था अब भी मौक़ूफ़ है और दर सूरत बच्चा जनीन मुस्तबीन उल खल्क़ा के आज़ादी पर अजनबी मुजरिम को जुर्म का जुर्माना किस हिसाब से पड़ेगा या ममलूक के हिसाब से फ़ाफ़हम।)

होगी। और अगर स्वयं बच्चा पैदा ना हुआ बल्कि किसी आदमी ने दूसरे दिन पेट में चोट दी जिससे मृत भ्रूण पेट से गिर गया जिससे रचना प्रकट हो गई थी तो मालिक को आधिकार होगा बस अगर उस ने माँ को आज़ाद किया तो उसके आज़ाद होने से बच्चा भी[1] आज़ाद होगा और अगर वर्णित बांदी गर्भवती न हो तो स्वंय आजाद हो जायेगी। यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है और अगर गर्भवती बांदी से कहा कि तू या जो तेरे पेट में है आज़ाद है फिर इससे पहले की मालिक बयान करे यानी किसी को नियुक्त करे कि दोनो में से कौन आज़ाद है मर गया फिर किसी आदमी ने बांदी के पेट में चोट पहुंचायी कि जिससे भ्रूण मृत जिसकी रचना प्रकट हो गयी थी गिर गया तो कहा है कि मुजरिम पर उस भ्रूण के वास्ते गुर्रा आज़ाद का जुर्माना अनिवार्य होगा। और आधी बांदी आज़ाद होगी और आधी के वास्ते साआयत यानी कमा कर क़ीमत देने की कौशिश करेगी और भ्रूण पर कुछ कमा कर क़ीमत देने की कोशिश न होगी। यह मुहीतुल सुर्ख़ी में है अगर हरबी ने अपने गुलाम हरबी को दारूल हरब में आजाद किया तो इमामे आज़म रह० के निकट उसकी मुक्ति लागू न होगी और इसमें विद्वानो का मतभेद है और अगर हरबी ने अपने मुसलमान गुलाम को दारूल हरब में आजाद किया तो सर्व सहमति से मुक्ति लागू होगी और उसकी बिला विरासत उस हरबी को मिलेगी और अगर हरबी मर गया या क़त्ल किया गया या मुसलमान के हाथो क़ैद हो गया तो उसका कार्यकारी आज़ाद न होगा और उस का अधिकारिक विनिमय उसके वारिसों को मिलेगा जबकि ख़ुद मर गया है एक व्यक्ति हिन्दूस्तान में गया यानी दारूल हरब में गया फिर वह दारूल इस्लाम में आया और उसके साथ एक हिन्दू आया जो कहता है कि मैं इसका ग़ुलाम हूँ फिर यह हिन्दू मुसलमान हो गया तो विद्वानों ने कहा है कि अगर वर्णित हिन्दू दारूल हरब से मुसलमान के साथ जबरदस्ती से दारूल इस्लाम में चला आया है तो वह मुक्त होगा और

(1) अनुवादक के कथनानुसार फ़ायदा यह है कि मालिक के बयान पर पहले भी निर्भर था अब भी निर्भर है और इस सूरत में बच्चा भ्रूण स्पष्ट रचना की आज़ादी पर अजनबी मुजरिम को जुर्म का जुर्माना किस हिसाब से पड़ेगाा ग़ुलाम के हिसाब से, समझअनुसार ।

अगर अपना मुसलमान ग़ुलाम बैअ के वास्ते पेश किया तो वो आज़ाद होगा अगरचे इस को फ़रोख़्त न किया हो और हमारे बाज़े मशाइख़ ने फ़रमाया कि यही सही है यह शरह मजमअ में लिखा है।

मकातब = वह ग़ुलाम जो अपनी क़ीमत स्वंय देकर अपने आप को मुक्त कराए

बाब : 2
मोअतक़ उल बअज़ के बयान में

यानी जिस का कुछ हिस्सा आज़ाद किया गया है और अगर अपने ग़ुलाम में से कुछ आज़ाद किया ख़्वाह यह हिस्सा मुअय्यन हो यानी मालूम हो मसलन चौथाई वग़ैरह या ऐसा न हो जैसे ग़ुलाम से कहा कि तुझ में से कुछ या बाज़ वग़ैरह या तेरा कोई जुज़्व या पारह आज़ाद है गो फ़र्क़ दोनों सूरतों में यह है कि ग़ैर मालूम की सूरत में मौला को बयान करने का हुक्म दिया जायेगा कि किस क़द्र मुराद है बहरहाल इमाम आज़म रह० के नज़दीक थोड़ा आज़ाद करने से सब आज़ाद न होगा और साहबीन रह० ने फ़रमाया कि सब आज़ाद हो जायेगा फिर इमाम के नज़दीक ऐसा ग़ुलाम अपनी बाक़ी क़ीमत के वास्ते अपने मौला को देने के लिए सआयत करेगा यह नहर उल फ़ाइक़ में है और मुज़मिरात में लिखा हुआ है कि इमाम आज़म रह० का क़ौल सही है इन्तहा। और अगर कहा कि तेरा एक सहम आज़ाद है तो इमाम आज़म रह० के नज़दीक छटा हिस्सा आज़ाद होगा इस तरह अगर सहम की जगह शई का लफ़्ज़ कहा तो भी यही हुक्म है यह इताबिया में है और मअतक़ उल बाज़ मिस्ल मकातब के होता है कि जब तक वो मुआवज़ा जो इस पर अदा करना चाहिए है अदा न करे तब तक इस की आज़ाद मौक़ूफ़ रहती है लेकिन जो कुछ कमाऐ इस का वही मुस्तहिक़ होता है और मौला का इस पर क़ब्ज़ा नहीं रहता है और न खिदमत लेने का इस्तहक़ाक़ है और रक़ियत कामिल रहती है कज़ाफ़ी अलनहर उल फ़ाइक़। और ख़ुद वारिस नहीं हो सकता है और न इस का कोई

उसका यह कथन कि मैं इसका ग़ुलाम हूँ अमान्य/झूंठ होगा और अगर मुसलमान इसको ज़ोर जबरदस्ती से निकाल लाया है तो वह मुसलमान का ग़ुलाम होगा यह फ़तावा क़ाजी ख़ान में है हरबी ने अगर अपना मुसलमान ग़ुलाम बेचने के लिए पेश किया तो वह आज़ाद हो जायेगा। भले ही उसको बेचा ना हो। और हमारे कुछ विद्वानों ने कहा कि यही सही है कि यह शराह मजमअ में लिखा है।

अध्याय - 2
ग़ुलाम को कुछ स्वतंत्रता देने के बारे में

यानी जिस को कुछ स्वतंत्रता दी गई है और अगर अपने गुलाम को कुछ आज़ादी दी भले ही यह आज़ादी निर्धारित हो यानी बताई गई हो उदहारणतः चौथाई आदि या ऐसा ना हो जैसे ग़ुलाम से कहा कि तुझे कुछ कुछ आदि या तेरा कोई अंग या भाग आज़ाद है कहने को दोनों सूरतों में यह अन्तर है कि अज्ञात की सूरत में मालिक को बयान करने का आदेश दिया जायेगा कि कितना भाग मुराद है बहरहाल इमामे आज़म रह० के निकट थोड़ा आज़ाद करने से सब आज़ाद न होगा और विद्वानों ने कहा है कि सब आज़ाद हो जायेगा फिर इमाम रह० ऐसा ग़ुलाम अपनी बाक़ी कीमत के लिए अपने मालिक को देने के लिये कोशिश/कमा कर क़ीमत देने की करेगा यह नेहरूल फ़ायक़ में है। और मुज़मिरात में लिखा है कि इमामे आज़म रह० का कथन सही है इन्तहा और अगर कहा कि तेरा एक भाग आज़ाद है तो इमामे आज़म रह० के निकट छठा भाग आज़ाद होगा इसी तरह अगर सहम/ भाग की जगह चीज़ वस्तु का शब्द कहा तो भी यही आदेश है यह इताबिया में है। और ग़ुलाम को कुछ मुक्ति देना मकातब (वह ग़ुलाम जो अपनी क़ीमत स्वंय देकर अपने आप को मुक्त कराए) के जैसे होता है कि जब तक वह बदले में तय रक़म जो उसे देनी चाहिये है दे नहीं देता तब तक उसकी मुक्ति रूकी रहती है लेकिन इस बीच जो कुछ कमाये उसका वही हक़दार होता है और मालिक का उस पर क़ब्ज़ा नहीं रहता और ना सेवा लेने का हक़दार है और रक्क़ीयत/गुलामी पूर्ण रहती है यह

वारिस हो सकता है और इस की गवाही भी जाइज़ नहीं है और औरतों से .ज्यादा के साथ निकाह करके इन को जमा नहीं कर सकता है यह तातार ख़ानिया में है और बदून इजाज़त मौला के निकाह नहीं कर सकता और न कुछ हिबा या सदक़ा दे सकता है इल्ला बहुत बहुत खफ़ीफ़ चीज़ और किसी की तरफ़ से किफ़ालत नहीं कर सकता है और किसी को क़र्ज़ नहीं दे सकता है मगर इस में और मकातब में इतना फ़र्क़ है कि अगर मअतक़ उल बाज़ अपने मुआवज़ा अदा करने से आजिज़ हुआ तो वो रक़ीक़ नहीं किया जायेगा यह ग़ायतुल बयान में है। इल्ला जिस क़द्र आज़ाद होने को बाक़ी है इस को कोशिशकरके अदा करे आज़ाद होना चाहिए या मौला बाक़ी भी आज़ाद कर दे और जब कुल मुल्क ज़ायल हो जायेगी तब वो सब आज़ाद हो जायेगा यह काफ़ी में है।

तंगदस्ती और ख़ुशहाली में हुक्म की नोइयत बदल जाती है :

अगर एक ग़ुलाम दो शरीकों में मुशतरक हो और एक ने अपना हिस्सा आज़ाद कर दिया तो वो आज़ाद हो जायेगा पस अगर शरीक ख़ुशहाल हो तो दसरे शरीक को जिस ने नहीं आज़ाद किया है इख़्तयार है कि चाहे ख़ुद भी आज़ाद कर दे और चाहे शरीक से अपने हिस्सा का तावान ले और चाहे ग़ुलाम मज़कूर से अपने हिस्से की सआयत करादे यह हिदाया में है। आर जब दो शरीकों में से एक ने अपना हिस्सा ग़ुलाम आज़ाद कर दिया तो दूसरे शरीक को यह अधिकार न होगा कि अपने हिस्से का ग़ुलाम बेंच दे या हिबा करे या महर क़रार दे इस वास्ते कि यह ग़ुलाम बमन्ज़िला मकातब के है यह मबसूत इमाम सुरखी में है और तोहफ़ा में लिखा है कि दूसरे शरीक को जिस ने आज़ाद नहीं किया है पांच तरह का इख़्तियार होगा जब कि आज़ाद करने वाला शरीक (1)

ग़ुलाम है फिर उस ने एक ग़ुलाम खरीदा तो जो क़सम खाने के समय इस की अधीनता में था वह मुदब्बर/ मरणोपरांत मुक्त हो गया और दूसरा जो क़सम के बाद इस की अधीनता में आया है वह मरणोपरांत मुक्त न होगा और अगर वह मर गया तो दोनों इस के तिहाई माल से आज़ाद हो जाऐंगे यह हिदाया में है और यह हुक्म उस समय है कि उस का कुछ इरादा न हो और अगर उस ने सब इरादे समाप्त किये तो यह क़सम सब को सम्मिलित होगी क्योंकि उस ने ऐसा इरादा बयान किया जिस से उस के अस्तित्व पर सख़्ती बढ़ती है बस इस के कथन की पुष्टि होगी यह तबिय्यीन में है, और अगर कहा कि हर ग़ुलाम जिस को मैं खरीदूं तो वह आज़ाद है साल भर तक, इस ने एक ग़ुलाम खरीदा तो वह आज़ाद न होगा यहाँ तक कि खरीदने के समय से उस पर एक साल गुज़र जाये यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है और गर अपने ग़ुलाम से कहा कि तू आज़ाद है आज या कल तो आज़ाद न होगा जब तक कल का दिन न आए सिवा उस स्थिति के कि उस के मालिक ने आज या कल कहने से आज के दिन आज़ाद होने का इरादा किया हो बस आज ही आज़ाद हो जायेगा और अगर कहा कि तू आज़ाद है आज या कल तो आज ही आज़ाद हो जायेगा और अगर कहा कि तू आज़ाद है कल या आज तो कल के दिन आज़ाद होगा यह तातार खानिया में है और अगर कहा कि कल के दिन तो आज़ाद हो जायेगा अगर इस ने पानी न पिया इसी (2) तरह अगर कहा कि खड़ा होगा या बैठेगा, 'आज़ाद' तो भी फ़िल हाल आज़ाद हो जायेगा और अगर कहा कि तू आज़ाद है बीते कल के दिन हालांकि वह इस ग़ुलाम का आज ही मालिक हुआ है तो आज़ाद हो जायेगा और इसी तरह अगर कहा कि तू आज़ाद है इससे पहले कि मैंने तुझे खरीद लिया तो आज़ाद हो जायेगा और अगर कहा कि हर बार कि जब कोई दिन गुज़रे तो तुम दोनों में से एक आज़ाद है फिर वह दिन बीत गये तो दोनों आज़ाद हो जाऐंगे। यह इताबिया में है।

(2) अलख से क्यों इस मुहावरह से इस की हालत उद्देशित होती है यानी तेरी यह हालत आज़ाद होगी।

अगर इस ने कहा कि मेरा ग़ुलाम आज़ाद है अगर फ़लां इस दार में कल के रोज़ दाखिल न हुआ हो और मेरी बीवी तालिक़ा है अगर वो दाखिल हुआ हो और मालूम नहीं होता है कि वो आया दाखिल हुआ था या नहीं तो इतक़ व तलाक़ दोनों वाक़े होंगी इस वास्ते कि इस ने अव्वल क़सम में दुख़ूल दार का इक़रार किया और इस को कसम से मौक्कद किया पस इस की तरफ़ से तलाक़ का इक़रार होगा और दूसरी क़सम में दुख़ूल से इन्कार किया और इस को क़सम से मौक्कद किया पस इस की तरफ़ से इक़रार यक़ीन होगा यह शरह तलखीस जामअ कबीर में है और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि तू आज़ाद है एक महीना पहले मौत फ़लां व फ़लां से फिर इन दोनों में से एक शख़्स इस गुफ़्तुगू से एक महीना पर मर गया तो ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा यह मुहीत में है एक ने अपने ग़ुलाम से कहा कि तू आज़ाद है क़ब्ल फ़ितर व अज़हा के एक महीना तो अव्वल रमज़ान में आज़ाद होगा यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है। जामअ में मज़कूर है कि अगर ग़ुलाम माज़ून या मकातब ने कहा कि हर ममलूक जिस का मैं मालिक हूं आइन्दा ज़माने में तो वो आज़ाद है फिर वो ख़ुद आज़ाद होने के बाद एक ममलूक का मालिक हुआ तो आज़ाद न होगा इमाम आज़म रह० के अनुसार है और साहिबीन रह० के अनुसार आज़ाद हो जायेगा और ऐसा ही इख़्तलाफ़ है अगर कहा कि हर ममलूक जिस को मैं खरीद करूं तो वो आज़ाद है फिर बाद अपने आज़ाद होने के खरीद किया तो इमाम आज़म रह० के अनुसार वो आज़ाद न होगा और साहिबीन रह० के अनुसार आज़ाद हो जायेगा और अगर इस ने यूं कहा कि जब मैं आज़ाद हो जाउं फिर जिस ममलूक का मैं मालिक हूं वो आज़ाद है या जब मैं आज़ाद हो जाउं फिर जिस ममलूक को मैं खरीद करूं वो आज़ाद है फिर बाद में आज़ाद होने के वो एक ममलूक का मालिक हुआ या बाद आज़ादी के खरीद किया तो बिल इजमाअ वो आज़ाद हो जायेगा यह मुहीत में है। अगर हरबी ने कहा कि हर ममलूक जिस का मैं आइन्दा ज़माने में मालिक हूं वो आज़ाद है फिर दारूल इस्लाम में आकर मुसलमान हो गया और एक ग़ुलाम

अगर इस ने कहा कि मेरा ग़ुलाम आज़ाद है अगर फ़लां इस घर में कल के दिन प्रवेश न हुआ हो और मेरी बीवी को तलाक़ है अगर वह प्रवेश हुआ हो, और पता नहीं चलता है कि वह प्रवेश हुआ था या नहीं तो मुक्ति व तलाक़ दोनों स्थापित होंगी इस लिए कि इस ने पहले क़सम में घर में प्रवेश का स्वीकार किया और इस क़सम की पुष्टि की बस इस की ओर से तलाक़ का स्वीकार होगा और दूसरी क़सम में प्रवेश से इन्कार किया और इस क़सम की पुष्टि की बस इस की ओर से इक़रार विश्वसनीय होगा यह सारांशीय विवरण/तलख़ीस शरह जामअ कबीर में है और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि तू आज़ाद है एक महीना पहले फ़लां व फ़लां की मृत्यु से फिर इन दोनों में से एक व्यक्ति इस वार्ता से एक महीना पर मर गया तो ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा यह मुहीत में है, एक ने अपने ग़ुलाम से कहा कि तू आज़ाद है दोनों ईदों से एक महीना पहले, तो पहला रमज़ान में आज़ाद होगा यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है। जामअ में वर्णित है कि अगर अधिकारिक ग़ुलाम या मकातब/ अपनी मुक्ति की क़ीमत देकर मुक्ति पाने वाले ने कहा कि हर ग़ुलाम जिस का मैं मालिक हूं आगामी समय में, तो वह मुक्त है फिर वह ख़ुद मुक्त होने के बाद एक ग़ुलाम का मालिक हुआ तो आज़ाद न होगा इमाम आज़म रह०और साहिबीन रह० के अनुसार अज़ाद हो जायेगा और ऐसा ही मतभेद है अगर कहा कि हर ममलूक जिस को मैं ख़रीद लूं तो वह आज़ाद है फिर बाद अपने मुक्त होने के खरीद लिया तो इमामे आज़म रह० के अनुसार वह मुक्त न होगा और साहिबीन रह० के अनुसार मुक्त हो जायेगा और अगर इस ने यूं कहा कि जब मैं आज़ाद हो जाउं फिर जिस ग़ुलाम का मैं मालिक हूं वह आज़ाद है या जब मैं मुक्त हो जाउं फिर जिस ग़ुलाम को मैं खरीदूं वह आज़ाद है फिर बाद में मुक्त होने के वह एक ग़ुलाम का मालिक हुआ या बाद आज़ादी के खरीद लिया तो सर्वसहमति से वह मुक्त हो जायेगा यह मुहीत में है। अगर हरबी/ग़ैर मुस्लिम देश का व्यक्ति ने कहा कि हर ग़ुलाम जिस का मैं भविष्य में मालिक हूं वह मुक्त है फिर दारूल इस्लाम /मुस्लिम शासित देश में आकर मुसलमान हो गया और

खरीदा तो इमाम आज़म रह० के अनुसार आज़ाद न होगा अगर कहा कि अगर मैं मुसलमान हो जाउं तो हर ममलूक जिस का मैं मालिक हूं वो आज़ाद है फिर मुसलमान हुआ और इस ने एक ग़ुलाम खरीदा तो बिल इजमाअ आज़ाद हो जायेगा यह शरह जामअ कबीर हसीरी में है और अगर एक शख़्स ने एक हुर्रा से कहा कि जब मैं तेरा मालिक हूं तो आज़ाद है फिर यह औरत मुरतिद होकर दारूल हरब में चली गई और वहां से जिहाद में क़ैद हो कर आई जिस को इस शख़्स ने खरीद किया तो इमाम आज़म रह० के अनुसार आज़ाद न होगी और अगर कहा कि जब तो मुरतद होकर फिर क़ैद होकर दारूल हरब से आये और मैं तुझे खरीद करूं तो तू आज़ाद है फिर ऐसा ही वाक़े हुआ तो वो बिल इजमाअ आज़ाद हो जायेगी यह सिराज वहाज में है।

इमाम मौहम्मद रह० ने जामअ में फ़रमाया कि अगर किसी मर्द ने दूसरे से कहा कि मेरे ग़ुलामों में से तो जिस की आज़ादी चाहे इस को आज़ाद करदे फिर मुखातिब ने एक साथ सब की आज़ादी चाही तो सिवाए एक के सब आज़ाद हो जाऐंगे :

अगर ग़ुलाम से कहा कि तू आज़ाद है अगर तू चाहे तो मजलिस ही में इस के चाहने से आज़ाद होगा और अगर कहा कि फ़लां चाहे तो फ़लां की मजलिस ही में चाहने से आज़ाद होगा अगर फ़लां मज़कूर इस मजलिस में मौजूद हो वरना फ़लां की मजलिस (1) इल्म में चाहने से आज़ाद होगा यह नया बैअ में है। अगर कहा कि तू आज़ाद है अगर फ़लां नेन चाहा पस अगर फ़लां ने अपनी मजलिस इल्म में कहा कि मैंने चाहा तो यह ग़ुलाम आज़ाद न होगा और अगर कहा कि मैं नहीं चाहता हूं तो आज़ाद हो जायेगा लेकिन मैं नहींचाहता हूं इस कहनेसे न आज़ाद होगा क्योंकि इस को इसी मजलिस में चाहने का इख़्तयार बाक़ी है बल्कि इस तरह

(1)जिस जलसे में फ़लां को खबर पहुंची इसी जलसे में बदून किसी और काम में मशग़ूल होने के अगर चाहे तो आज़ाद होगा।

एक ग़ुलाम ख़रीदा तो इमामे आज़म रह० के अनुसार मुक्त न होगा अगर कहा कि अगर मैं मुसलमान हो जाउं तो हर ग़ुलाम जिस का मैं मालिक हूं वह आज़ाद है फिर मुसलमान हुआ और उस ने एक ग़ुलाम खरीदा तो सर्वसम्मति आज़ाद हो जायेगा यह शरह जामअ कबीर हसीरी में है और अगर एक व्यक्ति ने एक स्वतंत्र से कहा कि जब मैं तेरा मालिक हूं तू आज़ाद है फिर यह औरत धर्मभ्रष्ट होकर दारूल हरब/ग़ैर मुस्लिम शासित देश में चली गई और वहां से जिहाद में क़ैद हो कर आई जिस को उस व्यक्ति ने खरीद लिया तो इमामे आज़म रह० के अनुसार मुक्त न होगी और अगर कहा कि जब तो मुरतद/धर्मभ्रष्ट होकर फिर क़ैद होकर दारूल हरब से आये और मैं तुझे खरीदलूं तो तू आज़ाद है फिर ऐसा ही घटित हुआ तो वो सर्व सहमति से आज़ाद हो जायेगी यह सिराज वहाज में है।

इमाम मौहम्मद रह० ने जामअ में कहा कि अगर किसी मर्द ने दूसरे से कहा कि मेरे ग़ुलामों में से तू जिस की आज़ादी चाहे इस को आज़ाद करदे फिर सम्बोधक ने एक साथ सब की आज़ादी चाही तो सिवाए एक के सब आज़ाद हो जाऐंगे :

अगर ग़ुलाम से कहा कि तू आज़ाद है अगर तू चाहे तो मजलिस ही में इस के चाहने से आज़ाद होगा और अगर कहा कि फ़लां चाहे तो फ़लां की बैठक ही में चाहने से आज़ाद होगा अगर फ़लां वर्णित इस बैठक में मौजूद हो वरना फ़लां ज्ञान की बैठक (1)में चाहने से आज़ाद होगा यह नया बैअ में है। अगर कहा कि तू आज़ाद है अगर फ़लां ने न चाहा बस अगर फ़लां ने अपनी ज्ञानी बैठक में कहा कि मैंने चाहा तो यह ग़ुलाम आज़ाद न होगा और अगर कहा कि मैं नहीं चाहता हूं तो आज़ाद हो जायेगा लेकिन मैं नहीं चाहता हूं इस कहने से न आज़ाद होगा क्योंकि उस को इसी बैठक में चाहने का अधिकार बाक़ी है बल्कि इस तरह पर न चाहे कि

(1)जिस सभा में फ़लां को सूचना पहुंची इसी सभा में बजाए किसी और काम में व्यस्त होने के अगर चाहे तो आज़ाद होगा।

पर न चाहे कि इस से ऐराज़ करके दूसरे काम में मशग़ूल होकर इस मजलिस को बातिल कर दे यह बदाऐ में है और अगर मौला ने कहा कि तू आज़ाद है अगर मैं चाहूं पस अगर इस ने आखिर उम्र तक न चहा तो आज़ाद न होगा और यह न चाहना इसी मजलिस तक मक़सूद न होगा और अगर कहा कि मैं न चाहूं तो (1) दो सूरतें हैं अगर इस ने कहा कि मैंने चाहा तो आज़ाद न होगा और अगर इस ने कहा कि मैं नहीं चाहता तो भी वाक़े न होगा इस वास्ते कि मौत तक इस को इस के चाहने का इख़्तयार है यह सिराज वहाज में है। फिर जब मर गया तो न चाहना मुतहक़्क़िक़ हो जायेगा तो इस की मौत से पहले बिला फ़सल आज़ाद होगा मगर तिहाई माल (2) से ऐतबार किया जायेगा यह बदाऐ में है और अगर अपनी बान्दियों में से एक से कहा कि तू आज़ाद है और फ़लाना अगर तू चाहे पस इस ने कहा कि मैंने अपनी आज़ादी चाही तो आज़ाद न होगी। इमामे मुहम्मद रह० ने जामअ में फ़रमाया कि अगर किसी मर्द ने दूसरे से कहा कि मेरे ग़ुलामों में से तो जिस की आज़ादी चाहे इस को आज़ाद करदे फिर मुखातिब ने एक साथ सब की आज़ादी चाही तो सिवाए एक के सब आज़ाद हो जाऐंगे यह इमाम आज़म रह० का क़ौल है और इस के निकाल लेने का इख़्तयार मौला को है और साहिबीन रह० के अनुसार सब आज़ाद हो जाऐंगे यह मसला ऐसा ही रिवायत अबू सुलैमान में मज़कूर है और रिवायत अबू हफ़्स में मज़कूर है कि फिर मामूर (3) ने इन सब को एक साथ आज़ाद कर दिया तो सिवाए एक के सब आज़ाद हो जाऐंगे। इमाम आज़म रह० के अनुसार यही रिवायत सही है इस वास्ते कि मामूर की मशियत पर ऐताक़ (4) मुअल्लक़ है न इतक़ (5)। अगर कहा कि मेरे ग़ुलामों में से जिस का इतक़ तो चाहे वो आज़ाद है पस इस ने इन सब का इतक़ एक बारगी चाहा तो भी मिस्ल मज़कूरह बिल इख़्तलाफ़ है कि इमाम आज़म रह० के अनुसार सिवाए एक के सब आज़ाद होंगे और साहिबीन

(1) तो भी मक़सूद बर मजलिस नहीं है। (2) अगर कुल ग़ुलाम इस के तिहाई माल से बर आमद हुआ तो आज़ाद हो गया वरना बक़द्रे कमी सआयत करेगा। (3) मुखातिब।
(4) आज़ाद करना। (5) न आज़ाद होना।

इस से आपत्ति करके दूसरे काम में व्यस्त होकर इस बैठक को अमान्य कर दे यह बदाऐ में है और अगर मालिक ने कहा कि तू आज़ाद है अगर मैं चाहूं बस अगर इस ने अंतिम आयु तक न चहा तो मुक्त न होगा और यह न चाहना इसी बैठक तक उद्देशित न होगा और अगर कहा कि मैं न चाहूं तो (1) दो परिस्थितियां हैं अगर इस ने कहा कि मैंने चाहा तो मुक्त न होगा और अगर इसने कहा कि मैं नहीं चाहता तो भी स्थापित न होगा इसलिए कि मृत्यु तक उस को इस के चाहने का अधिकार है यह सिराजुल वहाज में है। फिर जब मर गया तो न चाहना जांच-पड़ताल के लायक़ हो जायेगा तो इस की मृत्यु से पहले तुरंत आज़ाद होगा मगर तिहाई माल(2) के बराबर विचार किया जायेगा यह बदाऐ में है और अगर अपनी बान्दियों में से एक से कहा कि तू आज़ाद है और फ़लाना अगर तू चाहे, बस इस ने कहा कि मैंने अपनी आज़ादी चाही तो आज़ाद न होगी। इमाम मुहम्मद रह० ने जामअ में फ़रमाया कि अगर किसी मर्द ने दूसरे से कहा कि मेरे ग़ुलामों में से तू जिस की आज़ादी चाहे इस को आज़ाद करदे फिर सम्बोधित ने एक साथ सब की आज़ादी चाही तो सिवाए एक के सब आज़ाद हो जाऐंगे यह इमाम आज़म रह० का कथन है और उस के निकाल लेने का अधिकार मालिक को है और साहिबीन रह० के अनुसार सब आज़ाद हो जाऐंगे यह मसला ऐसा ही रिवायत अबू सुलैमान में वर्णित है और रिवायत अबू हफ़्स में वर्णित है कि फिर नियुक्त (3) ने इन सब को एक साथ आज़ाद कर दिया तो सिवाए एक के सब आज़ाद हो जाऐंगे। इमाम आज़म रह० के अनुसार यही रिवायत सही है इस लिए कि नियुक्त की इच्छा पर मुक्ति(4) निलंबित है न मुक्त (5)। अगर कहा कि मेरे ग़ुलामों में से जिस की मुक्ति तू चाहे वह आज़ाद है बस इस ने इन सब की मुक्ति एक बार में ही चाही तो भी सर्वसम्मति से वर्णित की तरह है कि इमामे आज़म रह० के अनुसार सिवाए एक के सब मुक्त होंगे और साहिबीन

(1)तो भी सभा में उद्देशित नहीं है।(2)अगर कुल ग़ुलाम इस के तिहाई माल से बर आमद हुआ तो आज़ाद हो गया वरना जितनी कमी होगी उतने के लिए कार्य कर कमाने की कोशिश करेगा।(3) सम्बोधक।(4) आज़ाद करना। (5) न आज़ाद होना।

रह० के अनुसार सब आज़ाद होंगे और अगर कहा कि मेरे ग़ुलामों में से जो अपना इतक़ चाहे इस को आज़ाद कर दे पस इस ने सब को एक बारगी आज़ाद कर दिया तो बिल इजमाअ आज़ाद हो जाऐंगे। अगर इस ने अपनी दो बान्दियों से कहा कि तुम दोनों आज़ाद हो अगर तुम चाहो फिर एक ने इन में से चाहा तो यह बातिल है और अगर इस ने कहा कि तुम में से जो इतक़ को चाहे वो आज़ाद है पस दोनों ने चाहा तो दोनों आज़ाद हो जाऐंगी और अगर एक ने चाहा तो वही आज़ाद हो जायेगी और अगर दोनों ने चाहा फिर मौला ने कहा कि मैंने तुम में से एक के चाहने को मुराद लिया है तो बराहे दयानत इस की तसदीक़ होगी क़ज़ाअन तसदीक़ न होगी यह मुहीत में है।

एक मर्द ने दूसरे से कहा कि मैंने अपने ग़ुलाम के इतक़ का इख़्तयार तुझे दिया तो फिर इस को मना नहीं कर सकता है। पस इस दूसरे को इस मजलिस तक इख़्तयार रहेगा और इसी तरह अगर कहा कि इन दो ग़ुलामों में से जिस को तू चाहे आज़ाद कर दे तो भी यही हुक्म है और इसी तरह अगर इताक़ बजुअल (1) हो। अगर किसी से अपनी सेहत या मर्ज़ में कहा कि जब मैं मरूं तो मेरा यह ग़ुलाम तो आज़ाद कर दे अगर चाहे या कहा कि जब मैं मरूं तो मेरे इस ग़ुलाम के इतक़ का इख़्तयार तेरे हाथ में है। या कहा कि मैंने इस ग़ुलाम के इतक़ का अपनी मौत के बाद इख़्तयार तेरे हाथ में दिया पस इस ने इस अम्र को इस से क़बूल न किया यहां तक कि इस मजलिस से उठ खड़ा हुआ तो इस शख़्स को इख़्तयार होगा कि इस के बाद मौला के तिहाई माल से इस को आज़ाद करदे और अगर कहा कि यह मेरा ग़ुलाम बाद मेरी मौत के आज़ाद है तो चाहे पस अगर इस की मौत के बाद इस ने चाहा तो ग़ुलाम आज़ाद होगा फिर अगर बाद मौत इला के मजलिस से यह शख़्स बदून कुछ कहने के खड़ा हो गया फिर इस के बाद कहा कि मैंने चाहा तो वसियत वाजिब हुई (1) और ग़ुलाम मज़कूर आज़ाद न होगा जब तक कि इस को वारिस लोग या वसी या क़ाज़ी आज़ाद न करे और मौला

(1) जुअल वो माल जो बमुक़ाबला फ़अल आज़ाद करने के ठहर गया। (2) यह तवकील है।

रह० के अनुसार सब आज़ाद होंगे और अगर कहा कि मेरे ग़ुलामों में से जो अपनी मुक्ति चाहे इस को आज़ाद कर दे बस इस ने सब को एक साथ मुक्त कर दिया तो सर्वसहमति से आज़ाद हो जाऐंगे। अगर इस ने अपनी दो बान्दियों से कहा कि तुम दोनों आज़ाद हो अगर तुम चाहो फिर एक ने इन में से चाहा तो यह अमान्य है और अगर उस ने कहा कि तुम में से जो मुक्ति को चाहे वह आज़ाद है बस दोनों ने चाहा तो दोनों आज़ाद हो जाऐंगी और अगर एक ने चाहा तो वही आज़ाद हो जायेगी और अगर दोनों ने चाहा फिर मालिक ने कहा कि मैंने तुम में से एक के चाहने को मुराद लिया है तो ईमानदारी से इस की जाँच होगी न्यायिक जाँच न होगी यह मुहीत में है।

एक मर्द ने दूसरे से कहा कि मैंने अपने ग़ुलाम की मुक्ति का अधिकार तुझे दिया तो फिर इस को मना नहीं कर सकता है, बस इस दूसरे को इस बैठक तक अधिकार रहेगा और इसी तरह अगर कहा कि इन दो ग़ुलामों में से जिस को तू चाहे आज़ाद कर दे तो भी यही हुक्म है और इसी तरह अगर मुक्ति मज़दूरी के बदले (1) हो। अगर किसी से अपने स्वास्थ्य या रोग में कहा कि जब मैं मृत हों तो मेरे यह ग़ुलाम तू आज़ाद कर दे, अगर चाहे, या कहा कि जब मैं मृत हूं तो मेरे इस ग़ुलाम की मुक्ति का अधिकार तेरे हाथ में हैं। या कहा कि मैंने इस ग़ुलाम की मुक्ति का अपनी मृत्यु के बाद अधिकार तेरे हाथ में दिया बस इस ने इस कार्य को इस से स्वीकार न किया यहां तक कि इस बैठक से उठ खड़ा हुआ तो इस व्यक्ति को अधिकार होगा कि इस के बाद मालिक के तिहाई माल से इस को आज़ाद करदे और अगर कहा कि यह मेरा ग़ुलाम बाद मेरी मौत के आज़ाद है तू चाहे बस अगर उस की मृत्यु के बाद उस ने चाहा तो ग़ुलाम आज़ाद होगा फिर अगर मालिक की मृत्यु के बाद सभा से यह व्यक्ति बजाए कुछ कहने के खड़ा हो गया फिर उस के बाद कहा कि मैंने चाहा तो वसियत अनिवार्य हुई (2)और वर्णित ग़ुलाम आज़ाद न होगा, जब तक कि इस को वारिस लोग या उत्तराधिकारी

(1) जुअल वह माल जो कार्य के बदले मुक्त करने को तय किया
(2) यह पावर ऑफ अटॉर्नी है।

मज़कूर ने अपनी हयात में जिस के चाहने पर रखा था इस को मना कर दिया तो मुमानिअत (2) जाइज़ होगी यह ज़ख़ीरा में है और अगर कहा कि जब कल का रोज़ आये तो तू आज़ाद है अगर तो चाहे तो चाहने का इख़्तयार कल की फ़जर तुलूअ होने के बाद से होगा। यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है। पस अगर इस ने फ़िल हाल चाहा तो आज़ाद न होगा जब तक कि कल के रोज़ न चाहे और अगर कहा कि अगर तू चाहे तो तू आज़ाद है कल के रोज़ तो इस को फ़िल हाल मशियत का इख़्तयार है पेस अगर इस ने फ़िलहाल चाहा तो कल के रोज़ आज़ाद हो जायेगा यह बदाऐ में है।

असल में मज़कूर है कि अगर अपने ग़ुलाम से कहा किः अन्ता हुर्र मती मा शीइता अवइज़ा मा शीइता व कुल्लमा शीइता (3)फिर ग़ुलाम ने कहा कि मैं नहीं चाहता हूं फिर मालिक ने इस को फ़रोख़्त कर दिया फिर इस को खरीद किया फिर ग़ुलाम ने इतक़ चाहा तो आज़ाद न होगा और अगर कहा कि अन्ता हुर्र हईसा शीइता(4) फिर ग़ुलाम मजलिस से खड़ा हो गया तो इतक़ बातिल हो गया और अगर कहा कि अन्ता हुर्र कइफ़ा शीइता (5) तो इमाम आज़म रह० के नज़दीक बदूं चाहने के आज़ाद हो जायेगा यह मुहीत में है।

(2) इस वजह से कि तवकील है।
(3)तू आज़ाद है जिस वक्त तू जचाहे जब तू हर बार कि तू चाहे। (4)तू आज़ाद है जहां तू चाहे।(5) तू आज़ाद है बहर कैफ़ कि तू चाहे।

या न्यायाधीश आज़ाद न करे और वर्णित मालिक ने अपने जीवन में जिस के चाहने पर रखा था उस को मना कर दिया तो मना करना(2) जाइज़ होगा यह ज़ख़ीरा में है, और अगर कहा कि जब कल का दिन आये तो तू आज़ाद है अगर तू चाहे, तो चाहने का अधिकार कल के सूर्य उदय होने के बाद से होगा। यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है। बस अगर इस ने फ़िल हाल चाहा तो आज़ाद न होगा जब तक कि कल के दिन न चाहे और अगर कहा कि अगर तू चाहे तो तू मुक्त है कल के दिन तो इस को फ़िल हाल इच्छा का अधिकार है बस अगर इस ने फ़िलहाल चाहा तो कल के दिन आज़ाद हो जायेगा यह बदाऐ में है।

असल में वर्णित है कि अगर अपने ग़ुलाम से कहा किः तू आज़ाद है तो जब चाहे या अगर कहा तू जब चाहे आज़ाद है(3) फिर ग़ुलाम ने कहा कि मैं नहीं चाहता हूं फिर मालिक ने इस को बेच दिया फिर इस को ख़रीद लिया फिर ग़ुलाम ने मुक्ति चाही तो आज़ाद न होगा और अगर कहा कि तुम आज़ाद हो जब चाहो (4) फिर ग़ुलाम सभा से खड़ा हो गया तो मुक्ति अमान्य हो गई और अगर कहा कि तुम अपनी इच्छानुसार आज़ाद हो (5) तो इमामे आज़म रह० के निकट चाहने के कारण आज़ाद हो जायेगा यह मुहीत में है।

(2) इस वजह से कि पावर ऑफ अटॉर्नी है। (3) तू आज़ाद है जिस समय तू चाहे जब तू हर बार कि तू चाहे। (4) तू आज़ाद है जहां तू चाहे।(5) तू आज़ाद है अगर तू चाहे।

बाबः 5

इतक़ बजुअल के बयान में

(यानी इतक़ पर उजरत व एवज़ मुक़र्रर किया बमुक़ाबला-ए-फ़अल के, फ़ा फ़हम)

अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि तू आज़ाद है बऔज़ हज़ार दिरहम के पस ग़ुलाम ने कहा कि मैंने निस्फ़ में क़बूल किया यानी अपने नफ़्स की आज़ादी को निस्फ़ के औज़ क़बूल किया तो यह इमाम आज़म रह० के नज़दीक जाइज़ नहीं:

एक शख़्स ने अपना ग़ुलाम माल पर आज़ाद किया और इस ने क़बूल किया तो आज़ाद हो जायेगा मसलन कहा कि तू आज़ाद है हज़ार दिरहम पर या बहज़ार दिरहम या बरआंकि तू मुझे हज़ार दिरहम दे बरआंकि तू मुझे हज़ार दिरहम अदा कर या बरआंकि तू मुझे हज़ार दिरहम अता करदे या बरआंकि तुझ पर मेरे हज़ार दिरहम हैं या हज़ार दिरहम पर कि उन को तू मुझे अदा करे या कहा कि मैंने तेरा नफ़्स तेरे हाथ इतने पर फ़रोख़्त किया या मैंने तेरा नफ़्स तुझे हिबा किया बरआंकि तू मुझे इस क़द्र मुआवज़ा दे तो यह सब सही है और जो कुछ ग़ुलाम के ज़िम्मे शर्त किया है वो इस पर कर्ज़ा (1) रहेगा हत्ता कि ग़ुलाम की तरफ़ से मौला के लिए इस की किफ़ालत सही है और जैसे इस माल की किफ़ालत सही है वैसे ही यह भी रवा है कि मौला इस के एवज़ जो चाहे हाथों हाथ बदल ले मगर इस के उधार में खैर (2) नहीं है और ग़ुलाम का क़बूल करना ज़रूरी है पस अगर वो मज्लिस ईजाब में हाज़िर हो तो इसी मज्लिस तक इसके क़बूल का ऐतबार है और अगर ग़ायब हो तो इस की

(1) क़ालल मुतरजम मुराद यह है कि मिस्ल किताबत के नहीं है बल्कि ग़ुलाम बहरहाल आज़ाद है ख़्वाह यह मुआवज़ा अदा करे या तह करे कभी रक़ीक़ नहीं गिना जा सकता है हां जो मुआवज़ा ठहरा हो वो ग़ुलाम पे क़र्ज़ा है।

(2) इतलाक़ लफ़्ज़ अदमख़ैर से असह यह है कि मकरूहे तहरीमी मुराद होता है और क़ब्ल लाग़ैर ज़ालिक मिन उल अक़वाल।

अध्याय : 5

मुक्ति के लिए मज़दूरी के बारे में

(यानी मुक्ति के लिए काम की तुलना में मज़दूरी व मुआवज़ा निश्चित किया, जो समझा)

अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि तू आज़ाद है हज़ार दिरहम के बदले बस ग़ुलाम ने कहा कि मैंने आधे में स्वीकार किया यानी अपने अस्तित्व की आज़ादी को आधे के बदले स्वीकार किया तो यह इमामे आज़म रह० के निकट वैध नहीं:

एक व्यक्ति ने अपना ग़ुलाम माल यानी तय क़ीमत पर आज़ाद किया और इस ने स्वीकार किया तो आज़ाद हो जायेगा मसलन कहा कि तू आज़ाद है हज़ार दिरहम पर या हज़ार दिरहम से या उस पर तू मुझे हज़ार दिरहम दे बल्कि तू मुझे हज़ार दिरहम देकर या तू मुझे हज़ार दिरहम देदे या फिर तुझ पर मेरे हज़ार दिरहम हैं या हज़ार दिरहम पर कि उन को तू मुझे देगा या कहा कि मैंने तेरा अस्तित्व तेरे हाथ इतने पर बेच दिया या मैंने तेरा नफ़्स/अस्तित्व तुझे तोहफ़ा दिया बल्कि तू मुझे इतना मुआवज़ा दे, तो यह सब सही है और जो कुछ ग़ुलाम के ज़िम्मे ज़रूरी किया है वह इस पर क़र्ज़ा/ऋण (1) रहेगा यहाँ तक कि ग़ुलाम की ओर से मालिक के लिए उस का भरण-पोषण सही है और जैसे उस माल की देख-रेख सही है वैसे ही यह भी सही है कि मालिक उस के बदले जो चाहे हाथों हाथ बदल ले मगर उसके उधार में भलाई (2) नहीं है और ग़ुलाम का स्वीकार करना ज़रूरी है बस अगर वह स्वीकारीय बैठक में हाज़िर हो तो उसी बैठक तक उसके सोच-विचार की मान्यता है और अगर ग़ैर

(1) अनुवादक के कथनासुसार मतलब यह है कि किताबत यानी क़ीमत देकर मुक्ति पाने के उदाहरण जैसा नहीं है बल्कि ग़ुलाम हर हाल में आज़ाद है ख़्वाह यह मुआवज़ा अदा करे या न करे कभी रक़ीक़/ग़ुलाम नहीं गिना जा सकता है हां जो मुआवज़ा तय हो वह ग़ुलाम पे क़र्ज़ा है।

(2) लागू शब्द अच्छा नहीं है से सहीह यह है कि मकरूहे तहरीमी /प्रतिबंधित या जिस पर आपत्ति हो मतलब होता है और किसी अन्य शब्द से पहले नहीं।

मजलिस इल्म (1) का ऐतबार है और यह भी ज़रूर है कि कल में ग़ुलाम क़बूल करे चुनांचे अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि तू आज़ाद है बऔज़ हज़ार दिरहम के पस ग़ुलाम ने कहा कि मैंने निस्फ़ में क़बूल किया यानी अपने नफ़्स की आज़ादी को निस्फ़ के औज़ क़बूल किया तो यह इमाम आज़म रह० के नज़दीक जाइज़ नहीं है बल्कि पूरा ग़ुलाम बएवज़ पूरे माल के आज़ाद हो जायेगा यह बहरूर्राइक़ में है और इस की औलाद इस के मौला की होगी। यह बदाऐ में है और अगर हैवान या कपड़ा इन की जिन्स ग़ुर्स व हमार वो हरदी व मर्दी वग़ैरह बयान करने के बाद इस को औज़ क़रार दिया हो तो ग़ुलाम के ज़िम्मे इन में से औसत दरजा का इसी जिन्स का लाज़िम आयेगा और अगर ग़ुलाम इस औसत की क़ीमत लाया तो बिना बर मशहूद के मौला इस के क़बूल करने पर मजबूर किया जायेगा और अगर जिन्स का बयान न किया गया हो मसलन ग़ुलाम से कहा कि तुझ पर एक हैवान या कपड़ा या चौपाया है और ग़ुलाम ने इस को क़बूल किया तो आज़ाद हो जायेगा मगर ग़ुलाम पर अपनी क़ीमत पर वाजिब होगी और अगर ग़ुलाम ने जो चीज़ क़रार पाई थी वो अदा कर दी यानी हैवान या कपड़ा वग़ैरह फिर वो इस्तहक़ाक़ मं ले लिया गया पस अगर उक़द में वो ग़ैरह मुअय्यन था यानी हैवान या कपड़ा न था बल्कि जिन्स बयान करके इसी जिन्स का औसत दरजा का दिया था तो ग़ुलाम पर इस के मिस्ल देना लाज़िम होगा और अगर मुअय्यन ठहरा हो मसलन कहा कि मैं ने तुझ को इस ग़ुलाम या इस कपडे पर आज़ाद किया या मैंने तुझे तेरे हाथ इस बान्दी पर फ़रोख़्त किया और ग़ुलाम इस को क़बूल करके आज़ाद हो गया और औज़ को मौला के सुपुर्द किया फिर वो इस्तहक़ाक़ में ले लिया गया तो इमाम अबू हनीफ़ा रह० व इमाम अबू यूसुफ़ रह० के नज़दीक ग़ुलाम से इस की ज़ात की क़ीमत ले लेगा और अगर माल औज़ की जिन्स या मिक़्दार में इख़्तलाफ़ वाक़े हुआ कि मौला ने कहा कि मैंने तुझे ग़ुलाम पर आज़ाद किया है और ग़ुलाम मज़कूर ने कहा कि गुड़, गेंहू पर या हज़ार दिरहम पर आज़ाद किया या मौला ने कहा कि

(1)जिस मज्लिस में आगाह हो।

हाज़िर हो तो उस ज्ञानी बैठक का (1) का सोच-विचार है और यह भी ज़रूर है कि सब में ग़ुलाम स्वीकार करे चुनांचे अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि तू आज़ाद है हज़ार दिरहम के बदले बस ग़ुलाम ने कहा कि मैंने आधे में स्वीकार किया यानी अपने अस्तित्व की आज़ादी को आधे के यानी पाँच सौ दिरहम में स्वीकार किया तो यह इमामे आज़म रह० के निकट जायेज़ नहीं है बल्कि पूरा ग़ुलाम पूरे माल के बदले मुक्त होगा यह बहरूर्राइक़ में है, और उस की औलाद उस के मालिक की होगी। यह बदाऐ में है और अगर हैवान या कपड़ा उन का लिंग बनावट व गधा घोड़ा वह नर व मादा आदि बयान करने के बाद इस को बदल क़रार दिया हो तो ग़ुलाम के ज़िम्मे इन में से औसत श्रेणी का उसी लिंग का ज़रूरी होगा और अगर ग़ुलाम इस औसत की क़ीमत लाया तो गावाह की बुनियाद पर मालिक को उसे स्वीकार करने पर मजबूर किया जायेगा और अगर लिंग का बयान न किया गया हो मसलन ग़ुलाम से कहा कि तुझ पर एक हैवान या कपड़ा या चौपाया देना है और ग़ुलाम ने इस को स्वीकार किया तो आज़ाद हो जायेगा मगर ग़ुलाम पर अपनी क़ीमत अनिवार्य होगी और अगर ग़ुलाम ने जो चीज़ तय की थी वह अदा कर दी यानी हैवान या कपड़ा वग़ैरह फिर वह विशेषाधिकार में ले लिया गया बस अगर शादी में वह अनिश्चित था यानी हैवान या कपड़ा न था बल्कि लिंग बयान करके उसी लिंग की औसत श्रेणी का दिया था तो ग़ुलाम पर उस के जैसा देना ज़रूरी होगा और अगर निश्चित ठहरा हो जैसे कहा कि मैं ने तुझ को इस ग़ुलाम या इस कपड़े पर आज़ाद किया या मैंने तुझे तेरे हाथ उस बान्दी को बेच दिया और ग़ुलाम उस को स्वीकार करके आज़ाद हो गया और बदल को मालिक के हवाले किया फिर वह विशेषाधिकार में ले लिया गया तो इमाम अबू हनीफ़ा रह० व इमाम अबू यूसुफ़ रह० के निकट ग़ुलाम से उसके अस्तित्व की क़ीमत ले लेगा और अगर बदले के माल का लिंग या मात्रा में अंतर स्थापित हुआ कि मालिक ने कहा कि मैंने तुझे ग़ुलाम पर आज़ाद किया है और वर्णित ग़ुलाम ने कहा कि गुड़, गेंहू पर या

(1) जिस बैठक में अवगत हो।

हज़ार दिरहम पर और ग़ुलाम ने कहा कि सौ दिरहम पर तो क़सम से ग़ुलाम का क़ौल क़बूल होगा और इसी तरह अगर ग़ुलाम ने असल माल से इन्कार किया यानी सिरे से कुछ माल नहीं ठहरा है तो भी क़सम से क़ौल इस का और गवाह मौला के क़बूल होंगे यह फ़तहुल क़दीर में है।

अगर मौला ने कहा कि मैंने तुझे कल के रोज़ हज़ार दिरहम पर आज़ाद किया था मगर तूने क़बूल नहीं किया और ग़ुलाम ने कहा कि मैंने क़बूल किया था तो क़सम से मौला का क़ौल क़बूल होगा यह बदाऐ में है और अगर अपने मौला से कहा कि मुझे हज़ार दिरहम पर आज़ाद करदे पस मौला ने इस का निस्फ़ हिस्सा आज़ाद कर दिया तो निस्फ़ मुफ़्त में आज़ाद हो जायेगा और अगर कहा कि मुझे हज़ार दिरहम के औज़ आज़ाद कर दे पस मौला ने निस्फ़ आज़ाद किया तो इमाम आज़म रह० के नज़दीक (२) निस्फ़ बऔज़ पांच सौ दिरहम के आज़ाद होगा। एक ग़ुलाम दो शख़्सों में मुशतरिक है इन में से एक ने कहा कि तू आज़ाद है बऔज़ हज़ार दिरहम और उस ने क़बूल किया तो इस का आधा (३) हिस्सा बऔज़ पांच सौ दिरहम के आज़ाद होगा लेकिन अगर दूसरे ने इजाज़त देदी तो हज़ार दिरहम दोनों में मुशतरिक होंगे। यह इमाम आजम रह० का क़ौल है और अगर कहा कि मैंने अपना हिस्सा बऔज़ हज़ार दिरहम के आज़ाद किया और ग़ुलाम ने क़बूल किया तो ग़ुलाम पर हज़ार दिरहम आज़ाद कुनिन्दा के वास्ते लाज़िम आऐंगे और इस में इस का शरीक मुशतरक न होगा और अगर एक ने कहा कि जब तूने मुझे हज़ार दिरहम अदा कर दिये तो तू आज़ाद है फिर ग़ुलाम ने कमाई करके इस को हज़ार दिरहम अदा किये तो इस का हिस्सा आज़ाद हो गा और दूसरे को इस माल में शिरकत करने का इख़्तयार है इस वास्ते कि इस ने यह माल हालते रक़ियत में कमाया है पस अगर शरीक ने हिस्सा बांट लिया तो आज़ाद कुनिन्दा ग़ुलाम से वापिस नहीं ले सकता है इस वास्ते कि ग़ुलाम ने जो शर्त की

(२) साहिबीन रह० के अनुसार कल आज़ाद होगा।
(३) बशर्तेकि दोनों मसावी शरीक हों।

हज़ार दिरहम पर आज़ाद किया या मालिक ने कहा कि हज़ार दिरहम पर और ग़ुलाम ने कहा कि सौ दिरहम पर तो क़सम से ग़ुलाम का कथन स्वीकार होगा और इसी तरह अगर ग़ुलाम ने असल माल से इन्कार किया यानी सिरे से कोई माल नहीं तय किया, तो भी क़सम से कथन उस का और गवाह मालिक के स्वीकार होंगे यह फ़तहुल क़दीर में है।

अगर मालिक ने कहा कि मैंने तुझे कल के दिन हज़ार दिरहम पर आज़ाद किया था मगर तूने स्वीकार नहीं किया और ग़ुलाम ने कहा कि मैंने स्वीकार किया था तो क़सम से मालिक का कथन स्वीकार होगा यह बदाऐ में है और अगर अपने मालिक से कहा कि मुझे हज़ार दिरहम पर आज़ाद करदे बस मालिक ने उस का आधा हिस्सा आज़ाद कर दिया तो आधा मुफ़्त में मुक्त हो जायेगा और अगर कहा कि मुझे हज़ार दिरहम के बदले आज़ाद करदे बस मालिक ने आधा मुक्त किया तो इमामे आज़म रह० के निकट(२)आधा पांच सौ दिरहम के बदले आज़ाद होगा। एक ग़ुलाम दो लोगों में साझा है इन में से एक ने कहा कि तू आज़ाद है हज़ार दिरहम के बदले और उस ने स्वीकार किया तो उस का आधा(३) हिस्सा पांच सौ दिरहम के बदले आज़ाद होगा लेकिन अगर दूसरे ने इजाज़त देदी तो हज़ार दिरहम दोनों में साझा होंगे। यह इमामे आज़म रह० का कथन है और अगर कहा कि मैंने अपना हिस्सा हज़ार दिरहम के बदले आज़ाद किया और ग़ुलाम ने स्वीकार किया तो ग़ुलाम पर हज़ार दिरहम आज़ाद करने वाले के लिए अनिवार्य होंगे और इसमें इस का साझेदार साझा न होगा और अगर एक ने कहा कि जब तूने मुझे हज़ार दिरहम दे दिये तो तू आज़ाद है फिर ग़ुलाम ने कमाई करके इस को हज़ार दिरहम दे दिये तो इस का हिस्सा मुक्त होगा और दूसरे को उस माल में साझा करने का अधिकार है इस लिए कि उस ने यह माल ग़ुलामी की हालत में कमाया है बस अगर साझेदार ने हिस्सा बांट लिया तो आज़ाद हुए ग़ुलाम से वापिस नहीं ले सकता है इस लिए कि ग़ुलाम ने जो शर्त की थी

(२) साहिबीन रह० के अनुसार सबका आज़ाद होगा।
(३) बशर्तेकि दोनों बराबर के साझेदार हों।

थी इस को अदा कर दिया और अगर इस ने यूं कहा कि जब तू मुझे हज़ार दिरहम अदा कर दे तो मेरा हिस्सा आज़ाद है तो शरीक से जो दूसरे शरीक ने ले लिया है इस क़द्र ग़ुलाम से वापिस लेगा यह मुहीत सुरखी में है और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि तू हज़ार दिरहम पर आज़ाद है फिर क़ब्ल इस के कि ग़ुलाम क़बूल करे कहा कि तू सौ दीनार पर आज़ाद है पस ग़ुलाम ने कहा कि मैंने दोनों मालों के औज़ क़बूल किया तो आज़ाद हो जायेगा और दोनों माल इस पर लाज़िम आऐंगे और यह उस वक़्त है कि ग़ुलाम ने कहा हो कि मैंने दोनों मालों के औज़ क़बूल किया या आंकि इस ने फ़क़त यूं कहा कि मैंने क़बूल किया और अगर कहा कि मैंने दोनें में से एक माल दिरहम या दीनार को क़बूल किया तो आज़ाद न होगा यह शरह तहावा में है।

अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि अदा करदे मुझे हज़ार दिरहम तो तू आज़ाद है तो जब तक हज़ार दिरहम अदा न करे तब तक आज़ाद न होगाः

अगर ग़ुलाम से कहा कि तू आज़ाद है और मुझे हज़ार दिरहम अदा कर दे तो ग़ुलाम मुफ़्त आज़ाद हो जायेगा यह ज़हीरिया में है और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि अदा कर दे मुझे हज़ार दिरहम तो तू आज़ाद है तो जब तक हज़ार दिरहम अदा न करे तब तक आज़ाद न होगा और अगर कहा कि मुझे हज़ार दिरहम अदा कर दे पस तू आज़ाद है तो फ़िल हाल आज़ाद हो जायेगा। यह ज़ख़ीरा में है और अगर कहा कि मुझे हज़ार दिरहम अदा करदे तो आज़ाद है तो फ़िल हाल आज़ाद हो जायेगा ख़्वाह अदा किये या न किये हों यह बदाऐ में है और अगर कहा कि तू आज़ाद है और तुझ पर हज़ार दिरहम हैं तो फ़िल हाल आज़ाद हो जायेगा और हज़ार दिरहम इस पर वाजिब न होंगे ख़्वाह इस ने क़बूल किया या न किया। यह इमाम आज़म रह० के नज़दीक है और साहबीन रह० ने फ़रमाया कि अगर इस ने क़बूल किया

उस को पूर्ण कर दिया और अगर इस ने यूं कहा कि जब तू मुझे हज़ार दिरहम देदे तो मेरा हिस्सा आज़ाद है तो साझेदार से जो दूसरे साझी ने ले लिया है उतना ही ग़ुलाम से वापिस लेगा यह मुहीतुल सुरखी में है और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि तू हज़ार दिरहम पर आज़ाद है फिर इस के पहले कि ग़ुलाम स्वीकार करे, कहा कि तू सौ दीनार पर आज़ाद है बस ग़ुलाम ने कहा कि मैंने दोनों मालों के बदले स्वीकार किया तो आज़ाद हो जायेगा और दोनों माल इस पर ज़रूरी होंगे और यह उस समय है कि ग़ुलाम ने कहा हो कि मैंने दोनों मालों के बदले स्वीकार किया या जब कि इस ने केवल यूं कहा कि मैंने स्वीकार किया और अगर कहा कि मैंने दोनों में से एक माल दिरहम या दीनार को स्वीकार किया तो आज़ाद न होगा यह शरह तहावा में है।

अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि मुझे हज़ार दिरहम देदे तो तू आज़ाद है तो जब तक हज़ार दिरहम न देदे तब तक आज़ाद न होगाः

अगर ग़ुलाम से कहा कि तू आज़ाद है और मुझे हज़ार दिरहम देदे तो ग़ुलाम मुफ़्त में आज़ाद हो जायेगा यह ज़हीरिया में है, और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि मुझे हज़ार दिरहम देदे तो तू आज़ाद है तो जब तक हज़ार दिरहम न देदे तब तक आज़ाद न होगा और अगर कहा कि मुझे हज़ार दिरहम देदे बस तू आज़ाद है तो फ़िल हाल आज़ाद हो जायेगा। यह ज़ख़ीरा में है और अगर कहा कि मुझे हज़ार दिरहम देदे तो आज़ाद है तो फ़िल हाल आज़ाद हो जायेगा चाहे दिये या न दिये हों यह बदाऐ में है, और अगर कहा कि तू आज़ाद है और तुझ पर हज़ार दिरहम हैं तो फ़िल हाल आज़ाद हो जायेगा और हज़ार दिरहम इस पर अनिवार्य न होंगे भले इस ने स्वीकार किया या न किया। यह इमामे आज़म रह० के निकट है और साहबीन रह० ने फ़रमाया कि अगर इस ने स्वीकार किया तो आज़ाद हो जायेगा और हज़ार दिरहम

तो आज़ाद हो जायेगा और हज़ार दिरहम लाज़िम आऐंगे और अगर न क़बूल किया तो आज़ाद न होगा यह नया बैअ में है और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि मेरी तरफ़ से एक ग़ुलाम आज़ाद करदे और तू आज़ाद है या मेरी तरफ़ से यह लफ़्ज़ न कहा या यूं कहा कि जब तूने मेरी तरफ़ से एक ग़ुलाम आज़ाद किया तो तू आज़ाद है तो सही है और ग़ुलाम का लफ़्ज़ राजअ बऔसत होगा यानी औसत दर्जे का ग़ुलाम आज़ाद करदे और यह ग़ुलाम माज़ून उल तिजारत हो जायेगा फिर अगर इस न अदना दरजा या आला दरजा का ग़ुलाम आज़ाद किया तो नहीं जायज है। पस अगर इस ने औसत दरजा का ग़ुलाम आज़ाद किया तो दोनों बिला सआयत आज़ाद हो जाऐंगे बशर्ते कि इस ने हालत सेहत में कहा हो और अगर हालत मर्ज़ (यानी मर्ज़ुल मौत) में कहा हो और इन दोनों के सिवाऐ इस का कुछ माल न हो तो एक तिहाई इन दोनों के दरमियान मुवाफ़िक़ इन के सहाम के तक़सीम होगी पस अगर मामूर की क़ीमत साठ दीनार हों और दूसरे की क़ीमत चालीस दीनार हों तो मामूर का दो तिहाई हिस्सा बिला सआयत आज़ाद हो जायेगा इस वास्ते कि वो बऔज़ है पस वो वसियत न होगी और एक तिहाई बिला औज़ है पस माल मैयत तिहाई हिस्सा इस मामूर का और पूरा ग़ुलाम वसत है कि मजमूआ इस का साठ दीनार हुए वो इन दोनों में दोनों के हुक़ूक़ के मुवाफ़िक़ तक़सीम होगा जिस में से तिहाई मामूर का हिस्सा यानी छः दिरहम व दो तिहाई हिस्सा दिरहम हुआ पस इस क़द्र बिला सआयत आज़ाद हो जायेगा और बाक़ी तेरह दिरहम एक तिहाई हिस्सा दिरहम के वास्ते सआयत करेगा और ग़ुलाम औसत से तेरह 13 दिरहम व एक तिहाई हिस्सा दिरहम बिला सआयत आज़ाद होगा और बाक़ी छब्बीस 26 दो तिहाई हिस्सा दिरहम के वास्ते सआयत करेगा पस सहाम वसियत में हुए और सहाम सआयत चालीस हुए पस तिहाई व दो तिहाई ठीक बरआमद हुई। अगर ग़ुलाम वसत की क़ीमत मिस्ल सहाम मामूर के या .ज्यादा हो तो पूरा ग़ुलाम मामूर बिला सआयत आज़ाद हो जायेगा और बदल मज़कूर यानी ग़ुलाम वसत तिहाई से आज़ाद होगा और अगर अपने

देने अनिवार्य होंगे और अगर न स्वीकार किया तो आज़ाद न होगा यह नया बैअ में है और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि मेरी ओर से एक ग़ुलाम मुक्त करदे और तू आज़ाद है या मेरी तरफ़ से यह शब्द न कहा या यूं कहा कि जब तूने मेरी तरफ़ से एक ग़ुलाम आज़ाद किया तो तू आज़ाद है तो सही है और ग़ुलाम का शब्द बात का औसत होगा यानी मध्य श्रेणी का ग़ुलाम आज़ाद करदे और यह ग़ुलाम व्यापार के लिए अधिकार प्राप्त हो जायेगा फिर अगर इसने निचली श्रेणी या उच्च श्रेणी का ग़ुलाम मुक्त किया तो जाइज़ नहीं है। बस अगर इस ने मध्यम श्रेणी का ग़ुलाम आज़ाद किया तो दोनों बिना मुक्ति के लिए कार्य/कमाने की कोशिश आज़ाद हो जाऐंगे बशर्ते कि इस ने स्वस्थ हालत में कहा हो और अगर रोग में (यानी मृत्यु रोग) में कहा हो और इन दोनों के सिवाऐ इस का कुछ माल न हो तो एक तिहाई इन दोनों के बीच सहमति से इन के हिस्से का विभाजन होगा बस अगर नियुक्त की क़ीमत साठ दीनार हो और दूसरे की क़ीमत चालीस दीनार हों तो नियुक्त का दो तिहाई हिस्सा बिना मुक्ति के लिए कार्य/कमाने की कोशिश के आज़ाद हो जायेगा इस लिए कि वह बदले में है बस वह वसियत न होगी और एक तिहाई बिना बदले के है बस मृतक के माल का तिहाई हिस्सा इस नियुक्त का और पूरा ग़ुलाम मध्य है कि इस का कुल योग साठ दीनार हुए वह इन दोनों में दोनों के हितों के जितना विभाजित होगा जिस में से तिहाई नियुक्त का हिस्सा यानी छः दिरहम व दो तिहाई हिस्सा दिरहम हुआ बस इतना ही मुक्ति के लिए बिना कार्य/कमाने की कोशिश के आज़ाद हो जायेगा और बाक़ी तेरह 13 दिरहम एक तिहाई हिस्सा दिरहम के लिए अपनी मुक्ति के लिए कार्य/कमाने की कोशिश करेगा और ग़ुलाम औसत से तेरह 13 दिरहम व एक तिहाई हिस्सा 13 दिरहम अपनी क़ीमत देने के लिए बिना कार्य/कमाने की कोशिश आज़ाद होगा और बाक़ी छब्बीस 26 दो तिहाई हिस्से दिरहम के लिए कार्य/कमाने की कोशिश करेगा बस वसियत के हिस्से में हुए और हिस्से, मुक्ति की क़ीमत देने के लिए कार्य/कमाने की कोशिश के चालीस हिस्से हुए बस तिहाई व दो तिहाई ठीक

ग़ुलाम से कहा कि मेरी तरफ़ से मेरी मौत के बाद एक ग़ुलाम आज़ाद करदे और तू आज़ाद है तो यह सूरत साबिक़ दोनों यक्सां हैं फ़र्क़ यह है कि अगर इस सूरत में दरमियानी दरजा का ग़ुलाम आज़ाद किया तो मामूर आज़ाद न होगा इल्ला बा इताक़ वारिस या वसी या क़ाज़ी और सूरत साबिक़ में जब मामूर ने औसत दरजा का ग़ुलाम आज़ाद कर दिया तो बदून किसी के आज़ाद के आज़ाद करने के ख़ुद आज़ाद हो जायेगा और अगर मौला की मौत के बाद वारिसों ने ग़ुलाम मामूर से कहा कि तू ग़ुलाम आज़ाद करो वरना हम तुझ को फ़रोख़्त करदेंगे तो इन को यह इख़्तयार हासिल न होगा लेकिन क़ाज़ी इस ग़ुलाम मामूर को तीन रोज़ या ज़्यादा की मोहलत मुवाफ़िक़ अपनी राये के देगा यह काफ़ी में है फिर जिस मुद्दत के क़ाज़ी ने इस को मोहलत दी है अगर इस मुद्दत में इस ने एक ग़ुलाम वसत आज़ाद किया तो क़ाज़ी मामूर को आज़ाद करेगा वरना इस को वारिसों को दे देगा और इस की बैअ की इस को इजाज़त दे देगा और अब्ताल वसियत का हुक्म दे देगा और अगर मौला ने अपने वारिसों से कहा हो कि जब मेरी मौत के बाद यह एक ग़ुलाम आज़ाद करदे तो इस को आज़ाद करो तो यह सूरत और जब कि यूं कहा कि जब तू मेरी मौत के बाद एक ग़ुलाम आज़ाद करदे तो तू आज़ाद है दोनों यक्सां हैं यह मुहीत में है।

बरआमद हुई। अगर ग़ुलाम मध्य की क़ीमत नियुक्त हिस्से की जितनी या ज़्यादा हो तो पूरा नियुक्त ग़ुलाम बिना कमा कर कीमत देने की कोशिश के आज़ाद हो जायेगा और वर्णित बदल यानी ग़ुलाम मध्य श्रेणी तिहाई माल से आज़ाद होगा और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि मेरी तरफ़ से मेरी मौत के बाद एक ग़ुलाम आज़ाद करदे और तू आज़ाद है तो यह पिछली परिस्थितियां दोनों बराबर हैं फ़र्क़ यह है कि अगर इस स्थिति में मध्य श्रेणी का ग़ुलाम आज़ाद किया तो नियुक्त आज़ाद न होगा सिवाए मुक्त के वारिस या जिसे वसियत की हो या न्यायाधीश और पिछली परिस्थितियों में जब नियुक्त ने मध्य श्रेणी का ग़ुलाम आज़ाद कर दिया तो बजाए किसी के आज़ाद के आज़ाद करने के ख़ुद आज़ाद हो जायेगा और अगर मालिक की मृत्यु के बाद वारिसों ने नियुक्त ग़ुलाम से कहा कि तू ग़ुलाम आज़ाद करो वरना हम तुझ को बेच देंगे तो इन को यह अधिकार प्राप्त न होगा लेकिन न्यायाधीश इस नियुक्त ग़ुलाम को तीन दिन या ज़्यादा की सही मोहलत अपनी राये से देगा यह काफ़ी में है, फिर जिस मुद्दत की न्यायाधीश ने इस को मोहलत दी है अगर इस मुद्दत में इस ने एक ग़ुलाम मध्य श्रेणी का आज़ाद किया तो न्यायाधीश नियुक्त को आज़ाद करेगा वरना इस को वारिसों को दे देगा और उस के विक्रय की इस को इजाज़त दे देगा और वसियत को रद्द करने का हुक्म दे देगा और अगर मालिक ने अपने वारिसों से कहा हो कि जब मेरी मौत के बाद यह एक ग़ुलाम आज़ाद करदे तो इस को आज़ाद करो तो यह स्थिति और जब कि यूं कहा कि जब तू मेरी मौत के बाद एक ग़ुलाम आज़ाद करदे तो तू आज़ाद है दोनों बराबर हैं यह मुहीत में है।

अगर ग़ुलाम ने अपने मौला से कहा कि फ़रोख़्त करदे मेरे हाथ मेरा नफ़्स और मौला ने कहा कि मैंने ऐसा किया तो ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगाः

इब्ने समाआ रह० ने इमाम मुहम्मद रह० से रिवायत की है कि अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि मैंने फ़रोख़्त किया तेरा नफ़्स तेरे हाथ और यह हज़ार दिरहम जो तेरे हाथ में हैं बऔज़ हज़ार दिरहम के तो फ़रमाया कि वो आज़ाद है और जो ग़ुलाम के हाथ में है वो मौला ले लेगा और इस पर कुछ और वाजिब न होगा और इसी तरह अगर इस के ग़ुलाम ने इस से कहा कि फ़रोख़्त करदे मेरे हाथ मेरा नफ़्स और यह हज़ार दिरहम बऔज़ सौ दिरहम के तो मौला पूरे हज़ार दिरहम ले लेगा और ग़ुलाम मुफ़्त आज़ाद हो जायेगा और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि फ़रोख़्त किया मैंने तेरा नफ़्स तेरे हाथ और यह सौ दीनार बऔज़ हज़ार दिरहम के और ग़ुलाम ने इस को क़बूल किया और ग़ुलाम की क़ीमत सौ दीनार के बराबर है तो हज़ार दिरहम में से पांच सौ दिरहम बमुक़ाबला ग़ुलाम के और पांच सौ बमुक़ाबला दीनारों के होंगे पस अगर क़ब्ल इफ़्तराक़ के ग़ुलाम ने हज़ार दिरहम दे दे तो यह दीनार ग़ुलाम के होंगे और ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा और अगर क़ब्ल अदा (यानी कि मौला के क़ब्ज़ा करने के) करने के दोनों जुदा हो गये तो हज़ार में से दीनारों का हिस्सा बातिल हो गया यानी बैअ सिर्फ़ बातिल हुई पस दीनार मौला के हुए और पांच सौ दिरहम जिस के औज़ ग़ुलाम आज़ाद हो गया वो ग़ुलाम पर क़र्ज़ा रहे। हिशाम ने इमाम मुहम्मद रह० से रिवायत की है कि अगर ग़ुलाम ने अपने मौला से कहा कि फ़रोख़्त करदे मेरे हाथ मेरा नफ़्स और मौला ने कहा कि मैंने ऐसा किया तो ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा और अपनी पूरी क़ीमत के वास्ते सआयत करेगा। यह मुहीत सुरख़ी में है और अपने ग़ुलाम को आज़ाद किया बऔज़ ऐसे माल के कि इस को किसी अजनबी पर रखा और अजनबी ने इस को क़बूल किया तो माल इस के ज़िम्मे लाज़िम न होगा यह बसीत में है और अगर किसी मर्द ने दूसरे से कहा कि तू अपने

अगर ग़ुलाम ने अपने मालिक से कहा कि विक्रय करदे मेरे हाथ मेरा अस्तित्व और मालिक ने कहा कि मैंने ऐसा किया तो ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगाः

इबने समाआ रह० ने इमाम मुहम्मद रह० से वर्णन किया है कि अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि मैंने तेरा अस्तित्व तेरे हाथ बेच दिया और यह हज़ार दिरहम जो तेरे हाथ में हैं, हज़ार दिरहम के बदले तो फ़रमाया कि वह आज़ाद है और जो ग़ुलाम के हाथ में है वह मालिक ले लेगा और इस पर कुछ और अनिवार्य न होगा और इसी तरह अगर इस के ग़ुलाम ने इस से कहा कि बेच दे मेरे हाथ मेरा अस्तित्व और यह हज़ार दिरहम बदले सौ दीनार के, तो मालिक पूरे हज़ार दिरहम ले लेगा और ग़ुलाम मुफ़्त आज़ाद हो जायेगा और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि विक्रय किया मैंने तेरा अस्तित्व तेरे हाथ और यह सौ दीनार बदले हज़ार दिरहम के और ग़ुलाम ने इस को स्वीकार किया और ग़ुलाम की क़ीमत सौ दीनार के बराबर है तो हज़ार दिरहम में से पांच सौ दिरहम ग़ुलाम के मुक़ाबले में और पांच सौ दीनारों के मुक़ाबले में होंगे बस अगर जुदाई के पहले ग़ुलाम ने हज़ार दिरहम दे दिए तो यह दीनार ग़ुलाम के होंगे और ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा और अगर देने से पहले (यानी कि मालिक के क़ब्ज़ा करने के) दोनों जुदा हो गये तो हज़ार में से दीनारों का हिस्सा अमान्य हो गया यानी केवल विक्रय अमान्य हुई बस दीनार मालिक के हुए और पांच सौ दिरहम जिस के बदले ग़ुलाम आज़ाद हो गया वह ग़ुलाम पर क़र्ज़ा रहे। हिशाम ने इमाम मुहम्मद रह० से रिवायत की है कि अगर ग़ुलाम ने अपने मालिक से कहा कि विक्रय करदे मेरे हाथ मेरा अस्तित्व और मालिक ने कहा कि मैंने ऐसा किया तो ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा और अपनी पूरी क़ीमत के लिए कार्य कर कमाने की कोशिश करेगा। यह मुहीतुल सुरख़ी में है और अपने ग़ुलाम को आज़ाद किया ऐसे माल के बदले कि इस को किसी अजनबी पर रखा और अजनबी ने इस को स्वीकार किया तो माल उस के ज़िम्मे अनिवार्य न होगा यह मध्यम में है

ग़ुलाम को अपनी तरफ़ से बऔज़ ऐसे हज़ार दिरहम के आज़ाद करदे कि वो मुझ पर मैं पस इस ने आज़ाद कर दिया तो इस मर्द पर माल लाज़िम न आयेगा और अगर अदा कर दिया तो भी इस को वापिस कर लेने का इस्तहक़ाक़ होगा यह ज़ख़ीरा में है। किसी आदमी ने अपने ग़ुलाम को शराब (ख़ुमर) या सूद पर आज़ाद कर दिया तो क़बूल करने से आज़ाद हो जायेगा और मुसम्मा की क़ीमत लाज़िम होगी और अगर क़ब्ल वसूल ख़ुमर के दोनों में से कोई मुसलमान हो गया तो शैख़ेन के नज़दीक ग़ुलाम पर अपनी क़ीमत वाजिब होगी और इमाम मुहम्मद रह० के नज़दीक शराब की क़ीमत वाजिब होगी यह मुहीत सुरखी में है और अगर कहा कि जब तूने मुझे हज़ार दिरहम अदा किये तो तू आज़ाद है या हर गाह के तूने अदा किये तो यह सही है और इसी मज्लिस तक मक़सूद न होगा और अगर कहा कि अगर तूने मुझे हज़ार दिरहम अदा किये तो तू आज़ाद है तो यह मज्लिस ही तक मक़सूद है और इन सब सूरतों में ग़ुलाम माज़ून उल तिजारत हो जायेगा और जब इस ने माल अदा किया तो आज़ाद हो जायेगा फिर देखा जायेगा कि अगर इस ने यह माल क़ब्ल इस कलाम मौला के कमाया है तो ग़ुलाम आज़ाद हुआ और माल सब मौला का होगा और ग़ुलाम के ज़िम्मे दूसरे हज़ार दिरहम वाजिब होंगे और अगर ऐसा माल है कि इस ने बाद इस कलाम के कमाया है तो ग़ुलाम आज़ाद होगा और वक़्त आज़ाद होने तक जो कुछ कमाई है वो मौला की होगी और हज़ार दिरहम मुआवज़ा में से ग़ुलाम पर कुछ न होगा यह नया बैअ में है और क़ब्ल अदा करने के मौला को इस के फ़रोख़्त का इख़्तयार है और अगर इस ने बदल में से कुछ अदा करना चाहा तो मौला ने इस के क़बूल पर मजबूर किया जायेगा लेकिन ग़ुलाम आज़ाद न होगा जब तक कि कुल अदा न करे और अगर मौला ने इस को कल से या बाज़ से बरी किया तो बरी न होगा और आज़ाद न होगा यह सिराज उल वहाज में है।

ग़ुलाम ने अगर माल हाज़िर किया बानी तौर कि

और अगर किसी मर्द ने दूसरे से कहा कि तू अपने ग़ुलाम को अपनी ओर से मुझ पर इसे हज़ार दिरहम के बदले आज़ाद करदे, बस इस ने आज़ाद कर दिया तो इस मर्द पर माल लाज़िम न आयेगा और अगर दे दिया तो भी इस को वापिस कर लेने का नियमित अधिकार होगा यह ज़ख़ीरा में है। किसी आदमी ने अपने ग़ुलाम को शराब (नशे) या खाने लाने पर आज़ाद कर दिया तो स्वीकार करने से आज़ाद हो जायेगा और संबधित की क़ीमत अनिवार्य होगी और अगर नशा आदि वसूल करने से पहले, कि दोनों में से कोई मुसलमान हो गया तो शैख़ेन के निकट ग़ुलाम पर अपनी क़ीमत अनिवार्य होगी और इमाम मुहम्मद रह० के निकट शराब की क़ीमत अनिवार्य होगी यह मुहीतुल सुरखी में है और अगर कहा कि जब तूने मुझे हज़ार दिरहम अदा किये तो तू आज़ाद है या जिस समय कि तूने अदा किये, तो यह सही है और उसी बैठक तक उद्देशित न होगा, और अगर कहा कि अगर तूने मुझे हज़ार दिरहम दे दिये तो तू आज़ाद है तो यह बैठक ही तक उद्देशित है और इन सब सूरतों में ग़ुलाम व्यापारिक अधिकार प्राप्त हो जायेगा और जब इस ने माल दे दिया तो आज़ाद हो जायेगा फिर देखा जायेगा कि अगर इस ने यह माल मालिक की इस वार्ता से पहले कमाया है तो ग़ुलाम आज़ाद हुआ और माल सब मालिक का होगा और ग़ुलाम के ज़िम्मे दूसरे हज़ार दिरहम अनिवार्य होंगे और अगर ऐसा माल है कि इस ने इस वार्ता के बाद कमाया है तो ग़ुलाम आज़ाद होगा और आज़ाद होने के समय तक जो कुछ कमाई है वह मालिक की होगी और हज़ार दिरहम बदले में से ग़ुलाम पर कुछ न होगा यह नया बैअ में है और मालिक को देने से पहले मालिक को इस के विक्रय का अधिकार है और अगर इस ने बदल में से कुछ देना चाहा तो मालिक को इसके स्वीकार पर मजबूर किया जायेगा लेकिन ग़ुलाम आज़ाद न होगा जब तक कि कुल अदा न करे और अगर मालिक इस को कुल से या कुछ से बरी किया तो बरी न होगा और आज़ाद न होगा यह सिराज उल वहाज में है।

ग़ुलाम ने अगर माल हाज़िर किया इस तरह कि

मौला और माल के दरमियान से रोक उठा दी कि मौला इस के क़ब्ज़े पर क़ादिर है तो हाकिम मौला को मजबूर करेगा और इस को बमन्ज़िला क़ाबिज़ के क़रार देगा और ग़ुलाम के आज़ाद होने का हुक्म दे देगा ख़्वाह मौला ने क़ब्ज़ा किया हो या न किया हो यह तबयन में है और अगर मौला ने अजनबी से कहा कि जब तू मुझे हज़ार दिरहम अदा करदे तो मेरा यह ग़ुलाम आज़ाद है फिर वो अजनबी हज़ार दिरहम लाया और मौला के सामने रखे तो मौला इस को क़बूल करने पर मजबूर किया जायेगा और ग़ुलाम आज़ाद न होगा और अगर मौला ने क़सम खाई हो कि हज़ार मज़कूर पर क़ब्ज़ा नहीं किया तो हानिस न होगा यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है और अगर मौला ने ग़ुलाम से कहा कि जब तू मुझे हज़ार दिरहम अदा करदे तो तू आज़ाद है फिर ग़ुलाम ने मौला से कहा कि तू बजाये इन के मुझ से सौ दीनार ले ले पस मौला ने ले लिये तो ग़ुलाम आज़ाद होगा इल्ला आंकि मौला ने इस की दरख़्वास्त मज़कूर के वक़्त कहा हो कि अगर तूने मुझे यह अदा किये तो तू आज़ाद है तो बसबब इस दूसरी क़सम के आज़ाद हो जायेगा जैसे कि अगर मौला ने कहा कि जब तू मुझे हज़ार दिरहम अदा करदे तो तू आज़ाद है फिर कहा कि अगर तू मुझे पांच सौ दिरहम अदा करदे तो तू आज़ाद है पस इस ने पांच सौ दिरहम अदा कर दिये तो बसबब दूसरी क़सम के आज़ाद होगा यह मुहीत में है और अगर मौला मर गया तो ग़ुलाम मज़कूर रक़ीक़ होगा कि ग़ुलाम मअ इस की कमाई के मौला की मीरास होगा इस वास्ते कि ग़ुलाम और जो कुछ इस ने कमाया है मौला की मिल्क है और इस कमाल में से ग़ुलाम की तरफ़ से अदा न किया जायेगा यह नहर उल फ़ाइक़ में है और अगर मौला ने कहा कि अगर तूने मुझे हज़ार दिरहम अदा कर दिये तो तू आज़ाद है फिर इस ग़ुलाम को फ़रोख़्त किया फिर मौला ने इस को खरीद लिया या बसबब ऐब या हयार रोइयत या खयार शर्त के मौला को वापिस दिया गया फिर ग़ुलाम मज़कूर हज़ार दिरहम लाया तो मौला इस के क़बूल करने पर मजबूर किया जायेगा और अगर इसने क़बूल कर लिये तो ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा यह शरह ज़ियादात इताबी में है।

मालिक और माल के बीच से रोक उठा दी कि मालिक उस के क़ब्ज़े पर समर्थ है तो शासक मालिक को मजबूर करेगा और इस को क्रमश क़ाबिज़ के क़रार देगा और ग़ुलाम के आज़ाद होने का आदेश दे देगा चाहे मालिक ने क़ब्ज़ा किया हो या न किया हो यह तबिय्यीन में है और अगर मालिक ने अजनबी से कहा कि जब तू मुझे हज़ार दिरहम देदे तो मेरा यह ग़ुलाम आज़ाद है फिर वह अजनबी हज़ार दिरहम लाया और मालिक के सामने रखे तो मालिक इस को स्वीकार करने पर मजबूर किया जायेगा और ग़ुलाम आज़ाद न होगा और अगर मालिक ने क़सम खाई हो कि वर्णित हज़ार पर क़ब्ज़ा नहीं किया तो पापी/क़सम तोड़ने वाला न होगा यह फ़तावा क़ाज़ी खान में है, और अगर मालिक ने ग़ुलाम से कहा कि जब तू मुझे हज़ार दिरहम देदे तो तू आज़ाद है फिर ग़ुलाम ने मालिक से कहा कि तू बजाये इन के मुझ से सौ दीनार ले ले बस मालिक ने ले लिये तो ग़ुलाम आज़ाद होगा सिवाए इसके मालिक ने इस की वर्णित प्रार्थना के समय कहा हो कि अगर तूने मुझे यह दे दिये तो तू आज़ाद है तो इस की दूसरी क़सम के कारण आज़ाद हो जायेगा जैसे कि अगर मालिक ने कहा कि जब तू मुझे हज़ार दिरहम अदा करदे तो तू आज़ाद है फिर कहा कि अगर तू मुझे पांच सौ दिरहम अदा करदे तो तू आज़ाद है बस इस ने पांच सौ दिरहम अदा कर दिये तो दूसरी क़सम के आज़ाद होगा यह मुहीत में है और अगर मालिक मर गया तो वर्णित ग़ुलाम ग़ुलाम होगा कि ग़ुलाम उस की कमाई के साथ मालिक की विरासत होगा इस लिए कि ग़ुलाम और जो कुछ इस ने कमाया है मालिक के अधीन है और इस के माल में से ग़ुलाम की तरफ़ से प्रदान न किया जायेगा यह नहर उल फ़ाइक़ में है और अगर मालिक ने कहा कि अगर तूने मुझे हज़ार दिरहम अदा कर दिये तो तू आज़ाद है फिर इस ग़ुलाम को बेच दिया फिर मालिक ने इस को खरीद लिया या दोष या कुछ पसंद न आने के कारण या लेने यान लेने के व्यापारिक अधिकार के चलते मालिक को वापिस दिया गया फिर वर्णित ग़ुलाम हज़ार दिरहम लाया तो मालिक इस के स्वीकार करने पर मजबूर किया जायेगा और अगर इस ने स्वीकार कर लिये

अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि जब तू मुझे हज़ार दिरहम अदा कर दे तो तू आज़ाद है पस ग़ुलाम ने किसी से हज़ार दिरहम क़र्ज़ ले कर मौला को दे दिये तो ग़ुलाम आज़ाद हो गया और क़र्ज़ ख़्वाह मज़कूर मौला से रूजूअ करके अपने हज़ार दिरहम वसूल कर लेगा यह ज़ख़ीरा में है और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि जब तू मुझे फ़लां चीज़ असबाब में से दे दे तो तू आज़ाद है पस ग़ुलाम ने यह चीज़ दे दी तो आज़ाद हो जाएगा लेकिन जानना चाहिए कि अगर यह चीज़ ऐसी हो कि सूरत किताबत में बदल किताबत हो सकती है तो मौला इस के क़बूल करने पर मजबूर किया (हज़ार दिरहम के) जायेगा और अगर सूरत किताबत में बदल किताबत होने की सलाहियत न रखती हो तो मौला इस के क़बूल करने पर मजबूर न किया जायेगा लेकिन अगर इस ने क़बूल कर लिया तो ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा यह मबसूत में है और अगर ग़ुलाम से कहा कि तूने मुझे एक कपड़ा अदा कर दिया या कहा कि अगर तूने मुझे दिराहिम अदा कर दिये तो तू आज़ाद है पस ग़ुलाम ने एक कपड़ा ला कर दे दिया या तीन दिरहम या ज़्यादा ला कर दे दिये तो मौला इस के क़बूल करने पर मजबूर न किया जायेगा और बावजूद इस के अगर इस ने इस को क़बूल कर लिया तो शर्त पाई जाने की वजह से आज़ाद हो जायेगा यह काफ़ी में है और अगर कहा कि जब फ़लां आये पस तू मुझे हज़ार दिरहम अदा करदे तो तू आज़ाद है पस फ़लां आया इस ने हज़ार दिरहम अदा किये तो मौला इस के क़बूल करने पर मजबूर किया जायेगा फिर देखा जायेगा कि यह हज़ार दिरहम ऐसे हों कि ग़ुलाम ने फ़लां के आने से पहले कमाये हैं तो ग़ुलाम मज़कूर आज़ाद तो हो जायेगा मगर मौला इस से दूसरे हज़ार दिरहम ले लेगा यह शरह ज़ियादात इताबी में है और अगर ग़ुलाम से कहा कि जब तूने मुझे एक ग़ुलाम दे दिया तो तू आज़ाद है और यह न बतलाया कि किसी क़ीमत का ग़ुलाम या किस जिन्स का ग़ुलाम तो यह जाइज़ है और जब ग़ुलाम की तरफ़ से क़बूल पाया गया तो इस के ज़िम्मे एक ग़ुलाम साबित तो ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा यह शरह ज़ियादात इताबी में है।

अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि जब तू मुझे हज़ार दिरहम अदा कर दे तो तू आज़ाद है बस ग़ुलाम ने किसी से हज़ार दिरहम क़र्ज़ ले कर मालिक को दे दिये तो ग़ुलाम आज़ाद हो गया और क़र्ज़ भले ही वर्णित मालिक से मिल करके अपने हज़ार दिरहम वसूल कर लेगा यह ज़ख़ीरा में है और अगर अपने ग़ुलाम से कहा कि जब तू मुझे फ़लां चीज़ सामान में से दे दे तो तू आज़ाद है बस ग़ुलाम ने यह चीज़ दे दी तो आज़ाद हो जायेगा लेकिन जानना चाहिए कि अगर यह चीज़ ऐसी हो कि मुक्ति की तय क़ीमत की स्थिति में क़ीमत के बदले हो सकती है तो मालिक इस के (हज़ार दिरहम के) स्वीकार करने पर मजबूर किया जायेगा और अगर मुक्ति की तय क़ीमत की स्थिति में क़ीमत के बदले होने की योग्यता न रखती हो तो मालिक इस के स्वीकार करने पर मजबूर न किया जाएगा लेकिन अगर इस ने स्वीकार कर लिया तो ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा यह मबसूत में है और अगर ग़ुलाम से कहा कि तूने मुझे एक कपड़ा दे दिया या कहा कि अगर तूने मुझे दिरहम दे दिये तो तू आज़ाद है बस ग़ुलाम ने एक कपड़ा ला कर दे दिया या तीन दिरहम या ज़्यादा ला कर दे दिये तो मालिक इस के स्वीकार करने पर मजबूर न किया जायेगा और बावजूद इस के अगर उस ने इस को स्वीकार कर लिया तो अनिवार्यता, पाई जाने के कारण से मुक्त हो जायेगा यह काफ़ी में है और अगर कहा कि जब फ़लां आये बस तू मुझे हज़ार दिरहम देदे तो तू मुक्त है बस फ़लां आया इस ने हज़ार दिरहम दे दिये तो मालिक को इस के स्वीकार करने पर मजबूर किया जायेगा फिर देखा जायेगा कि यह हज़ार दिरहम ऐसे हों कि ग़ुलाम ने फ़लां के आने से पहले कमाये हैं तो वर्णित ग़ुलाम मुक्त तो हो जायेगा मगर मालिक इस से दूसरे हज़ार दिरहम ले लेगा यह शरह ज़ियादात इताबी में है और अगर ग़ुलाम से कहा कि जब तूने मुझे एक ग़ुलाम दे दिया तो तू मुक्त है और यह न बताया कि किस क़ीमत का ग़ुलाम या किस लिंग का ग़ुलाम हो तो यह जाइज़ है और जब ग़ुलाम की ओर से स्वीकार पाया

होगा फिर अगर वो औसत दरजा का एक ग़ुलाम लाया तो मौला इस के क़बूल करने पर मजबूर किया जायेगा और इसी तरह अगर आला दरजे का लाया तो भी यही हुक्म है और अगर अदना दरजे का लाया तो मजबूर न किया जायेगा लेकिन अगर मौला ने क़बूल कर लिया तो ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगा और अगर ग़ुलाम एक औसत दरजा के ग़ुलाम की क़ीमत लाया तो मौला इस के क़बूल पर मजबूर न किया जायेगा और अगर मौला ने इस को पसन्द करके क़बूल कर लिया तो ग़ुलाम आज़ाद न होगा और अगर कहा कि जब तूने मुझे एक औसत दरजे का ग़ुलाम दे दिया या कहा कि औसत दरजा का एक कर गेंहू दिया तो तू आज़ाद है फिर ग़ुलाम आला दरजे का ग़ुलाम या कर गेंहू लाया तो मौला इस के क़बूल करने पर मजबूर न किया जायेगा और अगर क़बूल किया तो ग़ुलाम आज़ाद न होगा यह मुहीत में है और अगर कहा कि अगर तूने मुझे सफ़ेद थैली में अदा किये तो आज़ाद है पस ग़ुलाम ने सिवाए सफ़ेद के दूसरे थैली में अदा किये तो आज़ाद न होगा यह मराजिया(1) में है।

अगर मौला ने कहा कि मैं तुझे इस चीज़ पर जो इस सन्दूक़ में है दिरहमों से आज़ाद किया और ग़ुलाम ने क़बूल किया तो ग़ुलाम आज़ाद हो जायेगाः

